सच, सिर्फ सच **
वॉयस ऑफ लखनऊ
मंगलवार, 11 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 41, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 548 अंकों की गिरावट
स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया } 14

मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को दी बड़ी राहत : अनुराग
पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। } 16

अमेरिका-फ्रांस की यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और अधिक बढ़ाने तथा गहरा करने के लिए एजेंडा विकसित करने में मिलेगी मदद

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस पहुंचे, वहां पीएम मोदी फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी तक फ्रांस का दौरा करेंगे और फिर वहां से दो दिवसीय यात्रा पर अमेरिका जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के निमंत्रण पर फ्रांस पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह विश्व नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के एक सम्मेलन एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हैं, जहां वे समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार एवं व्यापक सार्वजनिक कल्याण के लिए एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रौद्योगिकी को लेकर सहयोगी दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा अमेरिका की उनकी यात्रा

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में दोनों देशों के बीच सहयोग में मिली सफलताओं को आगे बढ़ाने का एक अवसर होगी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से प्रौद्योगिकी, व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन के क्षेत्रों सहित अमेरिका के साथ भारत की साझेदारी को और अधिक बढ़ाने तथा गहरा करने के लिए एजेंडा विकसित करने में भी मदद मिलेगी। बाद में प्रधानमंत्री ने कहा यह यात्रा भारत-अमेरिका मित्रता को और मजबूत करेगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करने की यादें ताजा हैं तथा मुझे विश्वास है कि हमारी वार्ता उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनकी पहली मुलाकात होगी।

मोदी ने कहा, हम दोनों देशों के लोगों के आपसी लाभ के लिए मिलकर काम करेंगे और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा मैं अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मोदी ने कहा दो देशों की मेरी यह यात्रा मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 होराइजन रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। दोनों नेता फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए फ्रांस के ऐतिहासिक शहर मार्सिले की यात्रा भी करेंगे व अंतरराष्ट्रीय ताप नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे। वैश्विक कल्याण को लेकर ऊर्जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

राजनीतिक दलों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जा सकता

एजेंसी

नयी दिल्ली, 10 फरवरी (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं पर फैसले में हो रही देरी पर कहा कि लोकतंत्र में किसी पार्टी के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जा सकता। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष से पूछा कि उचित समय का मतलब क्या होता है। न्यायमूर्ति बी.आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें से एक याचिका बीआरएस और अन्य द्वारा अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय में देरी को लेकर दायर की गई थी। पीठ ने कहा लोकतंत्र में पार्टियों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया जा सकता। हम अन्य दो शाखाओं (विधायिका और कार्यपालिका) का पूरा सम्मान करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि संसद के अधिनियम का ही हनन होने दिया जाए। उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा था कि राज्य विधानसभा अध्यक्ष को तीन विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर उचित समय के ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

डिजिटल अरेस्ट कर ठगे एक करोड़ 10 लाख

नोएडा (उप्र)। उत्तर प्रदेश के नोएडा में साइबर अपराधियों ने एक परिवार को पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा और उससे एक करोड़ 10 लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। साइबर अपराधी फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों को डरा-धमकाकर उनसे बड़ी रकम वसूलते हैं। ठगी के इस तरीके को डिजिटल अरेस्ट कहा जाता है। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) प्रीति यादव ने बताया कि सेक्टर-19 में रहने वाले चंद्रभान पालीवाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि एक फरवरी को दोपहर दो बजकर 40 मिनट पर उसके मोबाइल फोन पर किसी अनजान नंबर से कॉल आई और उसका सिम ब्लॉक करने की धमकी दी।

महामंडलेश्वर पद से ममता कुलकर्णी ने दिया इस्तीफा

महाकुंभ नगर। फिल्म जगत से अध्यात्म के क्षेत्र में आईं और हाल ही में किन्नर अखाड़ा में महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं ममता कुलकर्णी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने ममता कुलकर्णी के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने की पुष्टि की। ममता कुलकर्णी ने एक वीडियो संदेश में कहा मैं महामंडलेश्वर यमाई ममता नंद गिरि अपने पद से इस्तीफा देती हूं। किन्नर अखाड़े और दूसरे संतों के बीच मुझे महामंडलेश्वर बनाए जाने को लेकर दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा, पच्चीस साल तपस्या के बाद मुझे यह सम्मान दिया गया था। मैंने देखा कि मुझे महामंडलेश्वर पद दिए जाने से कई लोगों को आपत्ति हुई। मैंने चैतन्य गगन गिरि महाराज के सानिध्य में 25 साल घोर तपस्या की। उल्लेखनीय है कि किन्नर कथावाचक हिमांगी सखी और ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने पर कड़ी आपत्ति की थी।

अमृतसर में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने तीन फरवरी को एक बंद पुलिस चौकी के पास हुए विस्फोट में कथित रुप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार कर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एके-47 राइफल, दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों ने गिरफ्तारी के बाद कथित तौर पर भागने की कोशिश की। इस दौरान, एक आरोपी ने एक पुलिस अधिकारी की पिस्तौल छीनकर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्वाई में दो आरोपियों को गोली लगी जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों की पहचान लवप्रीत सिंह, बूटा सिंह और करनदीप सिंह के रूप में हुई है।

राष्ट्रपति ने संगम में लगायी पवित्र डुबकी

अक्षयवट, सरस्वती कूप व बड़े हनुमानजी के किये दर्शन

जिला संवाददाता

महाकुंभ नगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ-2025 के त्रिवेणी संगम में सोमवार को डुबकी लगाई और बड़े हनुमान जी, अक्षयवट और सरस्वती कूप के दर्शन किए। इस दौरान प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति सुबह विशेष विमान से प्रयागराज हवाई अड्डे पहुंचीं, जहां राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। वहां से वह अरैल पहुंचीं और नाव से संगम पहुंचकर स्नान किया। नाव से संगम घाट जाते समय आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति मुर्मू को गंगा और यमुना नदी तथा उसके प्रवाह के बारे में जानकारी दी। नाव से घाट जाते समय राष्ट्रपति ने साइबेरियाई पक्षियों को दाना भी डाला। संगम में स्नान करने के उपरांत मुर्मू ने गंगा में नारियल और पुष्प अर्पित किए तथा सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। डुबकी लगाने के दौरान राष्ट्रपति को सफेद रंग का सलवार-सूट पहने देखा गया। स्नान के बाद राष्ट्रपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, गंगा आरती तथा पूजा-अर्चना की। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रपति ने संगम में पवित्र स्नान के उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाजाम से निजात दिलायेगी योगी की नयी टीम

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान के लिए उमड़ी भारी भीड़ से लगे जाम में लाखों श्रद्धालु परेशान हैं। वहीं, श्रद्धालुओं को जाम से निजात दिलान के लिए पुलिस के साथ ही भाजपा कार्यकताओं ने भी कमान संभाल ली है। हाईकमान के निर्देश पर प्रयागराज से सटे जौनपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, कौशांबी, मिजार्पुर, फतेहपुर और कानपुर जिलों के स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों ने जगह-जगह कैंप लगा कर श्रद्धालुओं को खाना, पानी, दवा आदि मुहैया कराना शुरू कर दिया है। बता दें कि तीन प्रमुख स्नान समाप्त होने के बाद भी महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात बेकाबू हो रही है। पुलिस प्रशासन के इंतजाम भी नाकाफी ...शेष पृष्ठ 14 पर

रणवीर इलाहाबादिया ने अशोभनीय टिप्पणी को लेकर मांगी माफी

नयी दिल्ली। माता-पिता और यौन संबंधों पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गईं आपत्तिजनक टिप्पणियों की सोमवार को व्यापक पैमाने पर आलेचना होने के बाद यूट्यूबर ने माफी मांगी और कहा कि कॉमेडी उनकी खासियत नहीं है।

टिप्पणियों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस सहित कई नेताओं, कार्यकर्ताओं, सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं एवं अन्य लोगों ने नाराजगी जताई तथा उन्हें अशिष्ट, अश्लील एवं आपत्तिजनक बताया। रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी कार्यक्रम इंडियाज गॉट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए एक विवादास्पद टिप्पणी की, जिसके कारण कई लोगों ने उनके पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी की है। यह कार्यक्रम अपनी तीखी और आपत्तिजनक विषय-वस्तु के कारण कुछ वर्गों के बीच लोकप्रिय है। रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फॉलोअर और यूट्यूब चैनल ...शेष पृष्ठ 14 पर

धामी ने संगम में सपरिवार लगायी डुबकी
करोड़ों लोगों को धर्म व संस्कृति से जोड़ता है सनातन धर्म : धामी

प्रमुख संवाददाता

प्रयागराज/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को महाकुंभ 2025 के अवसर पर पावन दिव्य त्रिवेणी संगम पर सपरिवार स्नान किया। उन्होंने पतित पावनी मां गंगा, यमुना और सरस्वती के पूजन के साथ सभी देवों का आह्वान कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि तथा प्रदेश की उन्नति के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ शताब्दियों से अपनी अक्षुणता बनाये रखते हुए सनातन धर्म की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता के माध्यम से करोड़ों लोगों को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ता रहा है। महाकुंभ का पर्व केवल आध्यात्मिक चेतना का ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और विश्व बंधुत्व का प्रतीक है। विश्व का यह महान पर्व सदियों से मानवता, समरसता और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देकर विश्व ...शेष पृष्ठ 14 पर

बदल रही है युद्ध की प्रकृति, सुधार की जरूरत : राजनाथ
बंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 के दौरान एसयू-57, एफ35 लड़ाकू विमानों ने बिखेरा जलवा

एजेंसी

बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि युद्ध की तेजी से बदल रही प्रकृति के चलते लगातार समाधान अपनाने और उनमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रक्षा विनिर्माण में प्रयासों को उभरते क्षेत्रों के लिए जवाबी उपाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से आगे आने और विस्तारित भारतीय रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा पेश किए गए अवसरों का उपयोग करने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, ये अवसर रक्षा उत्पादन में हमारी आत्मनिर्भरता की नीतियों से प्रेरित हैं एवं अनुकूल नीति व्यवस्था द्वारा सुगम बनाए गए हैं। रक्षा मंत्री ने एयरो इंडिया के 15वें संस्करण के तहत सीईओ गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। सिंह ने कहा, इस सम्मेलन का सार यह है कि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी रक्षा निर्माता और सेवा प्रदाता बनाने के लिए कैसे हाथ मिलाया जाए। यह सब कृत्रिम मेधा (एआई), क्वांटम तकनीक और अन्य नयी तकनीकी क्रांतियों की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा चूंकि युद्ध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए हमें लगातार समाधान अपनाने और उनमें सुधार करने की जरूरत है। सिंह ने कहा, उदाहरण के लिए, पहले विशुद्ध सैन्य उपकरण आधारित प्रणालियों पर निर्भरता थी। अब सॉफ्टवेयर आधारित प्रणालियां इसकी ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	28.00 डिसे.
न्यूनतम	:	13.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- खादी एक्सपो का समापन, 2.70 करोड़ की बिक्री (पृष्ठ-02)
- प्रयागराज, काशी व अयोध्या में लगा भीषण जाम (पृष्ठ-02)
- भारत व्यापार, निवेश, व्यापार को देगा बढ़ावा (पृष्ठ-14)
- भारतीय इस्पात उत्पादकों के लिए बढ़ेंगी चुनौतियां (पृष्ठ-14)
- खादी एक्सपो का समापन, 2.70 करोड़ की बिक्री (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

केंद्रीय बजट में गरीब और ग्रामीण आबादी का ध्यान नहीं रखने का लगाया आरोप
महंगाई व बेरोजगारी को लेकर विपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को विपक्षी दलों ने देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच आय संबंधी असमानता समेत कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में गरीब और ग्रामीण आबादी का ध्यान नहीं रखा गया है।

राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2025-26 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि आम बजट में कोई दर्शन नहीं है बल्कि यह राजनीति से प्रेरित है और इसके उद्देश्य की पूर्ति पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों से हो गई। चर्चा में भाग लेते हुए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुचि शिवा ने कहा कि केंद्रीय बजट सरकार की प्राथमिकताओं और मंशा को स्पष्ट करता है। उन्होंने कहा बजट केवल खातों का विवरण नहीं है, बल्कि मंशा का भी विवरण है। हमारे प्रधानमंत्री ने इस बजट को विकसित भारत के लिए रोडमैप बताया है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि यह रास्ता केवल एक मृगतृष्णा है। उन्होंने कहा कि बजट को प्रगति की घोषणा के रूप में पेश किया गया था, लेकिन यह स्थिर विकास, बढ़ती असमानता और बड़े पैमाने पर जनसांख्यिकीय लाभांश आदि समय की वास्तविकताओं को आसानी से ढंक देता है। शिवा ने कहा इस सरकार की नीतियों ने केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही समृद्ध किया है, जिससे लोगों का एक वर्ग बेरोजगारी, महंगाई और घटते अवसरों के साथ पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि देश में एक प्रतिशत लोगों के पास करीब 41 प्रतिशत संपत्ति है तथा अमीर और अमीर होते जा रहे हैं वहीं गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। शिवा ने दावा किया कि केंद्र राज्यों में विभिन्न योजनाओं के लिए समर्थन नहीं दे रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए कम आवंटन को लेकर बजट ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी : सड़क हादसों में सात लोगों की मौत, 36 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। इटावा, बरेली, आगरा और सोनभद्र जिले में हुए सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई जबकि 36 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

- इटावा, बरेली, आगरा और सोनभद्र में हुईं दुर्घटनाएं

इटावा जिले में सोमवार सुबह महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में एशियन हाईवे पर भरथना मार्ग के पुल पर एक बस आगे निकलने की कोशिश में ट्रक से टकराकर पलट गई जिससे दो महिलाओं की मौत हो गई और 21 अन्य लोग घायल हो गए। बस में सवार लोग प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में स्नान करने के बाद नोएडा लौट रहे थे। वहीं बरेली जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र में नैनीताल राजमार्ग पर अटामांडा गांव के पास सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति तथा उसकी बेटी की मौत हो गई और पत्नी तथा बेटा घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, गांव पुरैना निवासी राकेश (30), अपनी पत्नी ममता (27), पुत्री खुशमिता (चार) तथा पुत्र (एक) के साथ मोटरसाइकिल से आंवला स्थित मनौना धाम के दर्शन करके घर लौट रहे थे। अटामांडा के पास उनकी मोटरसाइकिल को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे राकेश और खुशमिता की मौके पर ही ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ नगर वाली सारी सड़कें जाम, काशी और अयोध्या में भी मुश्किल हालात

असुविधा के चलते उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन 9 से 14 फरवरी तक यात्री आवागमन के लिए अस्थायी तौर पर बंद किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगरा। महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने और भारी भीड़ से निपटने के लिये रेलवे और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं के वास्ते कई नयी व्यवस्थाएं की हैं। कई क्षेत्रों में व्यापक जाम और अन्य

- **महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करने के लिये कूच कर रहे हैं**

परेशानियों के बावजूद महाकुंभ नगर तथा वाराणसी में लोगों के पहुंचने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। महाकुंभ में स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु वाराणसी और अयोध्या में दर्शन करने के लिये कूच कर रहे हैं। इससे इन दोनों नगरों की भी यातायात व्यवस्था चरमरा गयी है।

प्रयागराज के सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) शैलेंद्र सिंह ने बताया कि महाकुंभ मेले से निकलने वाली ज्यादातर भीड़ काशी और अयोध्या वाले मार्ग की ओर जा रही है। सरकार के मुताबिक, महाकुंभ में प्रतिदिन औसतन 1.44 करोड़ लोग स्नान कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रयागराज स्टेशन के बाहर मौजूद भारी भीड़ की वजह से स्टेशन से बाहर निकलने वाले

श्रद्धालुओं को हो रही असुविधा के चलते उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल का प्रयागराज संगम स्टेशन 9 फरवरी को अपराह्न 1:30 बजे से 14 फरवरी के रात्रि 12 बजे तक यात्री आवागमन के लिए अस्थायी तौर पर बंद किया गया है। महाकुंभ क्षेत्र में आने वाले अन्य आठ स्टेशनों से हालांकि नियमित और स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से हो रहा है। प्रयागराज के अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले (2019) कुंभ में इतनी भीड़ नहीं आई थी खासकर सामान्य दिनों में, लेकिन इस बार सामान्य दिनों में इतनी अधिक भीड़ आ रही है जिससे यातायात जाम की स्थिति बनी है। संगम में डुबकी लगाने बेटे के साथ रांची से सोमवार को प्रयागराज पहुंचीं डाक्टर सुषमा ने बताया, कि संगम में स्नान करने और मेला घूमने के बाद हम काशी जाकर भगवान भोले बाबा के दर्शन करेंगे और इसके बाद हमारी योजना अयोध्या जाने की है। इस बीच, अयोध्या से प्राप्त खबरों के मुताबिक प्रयागराज महाकुंभ से स्नान करने के बाद लाखों श्रद्धालुओं को रेला अयोध्या की तरफ बढ़ रहा है। जबर्दस्त भीड़ की वजह से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कें कई किलोमीटर तक जाम हैं। अयोध्या को जोड़ने वाले छह राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न बैरिकेडिंग पर तैनात अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ, सुलतानपुर, रायबरेली, गोरखपुर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ से अयोध्या की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ है। यहां तक कि दो पहिया वाहन भी रेंगते दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अयोध्या शहर से लगभग 20 किलोमीटर पहले ही यातायात को मजबूरन प्रतिबंधित कर दिया गया है। अयोध्या के साकेत डिग्री कालेज के सेवानिवृत्त प्राचार्य वी. एन. अरोड़ा ने बताया, मुझे लखनऊ से फैजाबाद पहुंचने में लगभग आठ घंटे लगे। अयोध्या नगर के रायगंज क्षेत्र निवासी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अयोध्या में उमड़ रही भीड़ की वजह से स्थानीय निवासियों के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों की शिक्षण गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। स्कूल बसें, ई-बसें और ऑटो नहीं चलने के कारण अयोध्या नगर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं 45 दिनों से स्कूल-कॉलेज नहीं जा पा रहे हैं। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि भीड़ कम होने पर ही व्यवस्था सामान्य हो पाएगी। वाराणसी से मिली खबर के अनुसार काशी में बड़े पैमाने पर आ रही भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा शहर में कई जगह चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। बाहरी वाहनों को वाराणसी के बाहर ही रोक दिया जा रहा। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंसवाल ने बताया, कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों पर चार पहिया वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से भीड भाड़ वाले स्थानों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के हुजूम को देखते हुए कई जगह मार्ग परिवर्तन किया गया है। वाराणसी में भारी भीड़ के बावजूद वहां जाने को लेकर लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा। मुंबई से महाकुंभ में आए निशांत अभिषेक ने कहा, सुनने में आया है कि प्रयागराज के अलावा काशी और अयोध्या में भी भारी भीड़ है। इसके बावजूद हम आज काशी के लिए निकल रहे हैं। हम अयोध्या जी भी जाएंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन के अनुसार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार प्रतिदिन करीब चार से छह लाख भक्त बाबा के दर्शन के लिये पहुंच रहे हैं। सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नौ फरवरी तक प्रयागराज महाकुंभ में 43.57 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं। 10 फरवरी को सुबह 10 बजे तक 63 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया।

खादी एक्सपो का भव्य समापन 2.70 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। खादी एवं ग्रामोद्योग एक्सपो-2025 का भव्य समापन सोमवार उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्जवल कुमार द्वारा किया गया। यह प्रदर्शनी 27 जनवरी से 10 फरवरी तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, विशाल खंड में आयोजित की गई थी। 15 दिनों तक चली इस प्रदर्शनी में 130 से अधिक खादी, ग्रामोद्योग और माटीकला की इकाइयों ने भाग लिया और कुल 2.70 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई ।इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों की खादी एवं ग्रामोद्योग इकाइयों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। खादी वस्त्रों, हस्तनिर्मित ग्रामोद्योगी उत्पादों, माटीकला से बने दैनिक उपयोग की वस्तुओं और पारंपरिक शिल्प कला से सजे उत्पादों की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया।

- **प्रदर्शनी में 130 से अधिक खादी, ग्रामोद्योग और माटीकला की इकाइयों ने भाग लिया**

इस आयोजन में श्री गांधी आश्रम, हजरतगंज लखनऊ, ग्रामोदय संस्थान सीतापुर, मूरज सेवा संस्थान हरदोई सहित कई प्रतिष्ठित खादी संस्थानों ने अपने स्टॉल लगाए, जहां खादी वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कारीगरों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में सहारनपुर का लकड़ी का फर्नीचर, कन्नौज का इत्र, मुरादाबाद की पीतल की मूर्तियां, भदोही की कालीन, मुजफ्फरनगर की चादरें, बागपत का स्पेशल गुड़, लखनऊ के हस्तनिर्मित जूते-चप्पल, सीतापुर की दरी, बाराबंकी के जूट बैग और जूट से बने अन्य उत्पादों के अलावा बनारस की पारंपरिक साड़ियों को भी लोगों ने खूब पसंद किया। इसके अलावा, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात, कश्मीर, पश्चिम बंगाल और राजस्थान से भी कई व्यापारियों ने भाग लिया। इनमें उत्तराखंड की जैकेट-कोट, भागलपुर (बिहार) की रेशमी साड़ियां, गुजरात की बंधेज साड़ियां एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कश्मीर के गर शूट, पश्चिम बंगाल की साड़ियां, बीकानेर व जयपुर की नमकीन उत्पाद, कानपुर का पापड़ एवं बुकनू और प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा प्रमुख रहे। इन उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया और बड़ी मात्रा में खरीदारी की। माटीकला के उत्पादों में कानपुर के 'सवोर्सार्थ कलेक्शन' द्वारा प्रदर्शित मिट्टी के कुकर, तवा, पानी की बोतल, कढ़ाही आदि को ग्राहकों का शानदार प्रतिसाद मिला।

सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे : नरेंद्र कश्यप

योजनाओं में लापरवाही पर अधिकारियों को चेतावनी, लाभार्थियों के खातों में सीधा भुगतान, पारदर्शिता सुनिश्चित की जाये

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय से मिले, इसके लिए सभी स्तरों पर समुचित निगरानी रखी जाए। कृत्रिम अंगों एवं सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण शीघ्र किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभान्वित हो सकें। जिन मंडलीय अधिकारियों की प्रगति असंतोषजनक है, उन्हें तत्काल चेतावनी दी जाए।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)सोमवार को सचिवालय, नवीन भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग एवं छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मंत्री ने शादी प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने और लाभार्थियों तक सहायता राशि त्वरित गति से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण योजनाओं के कार्यक्रमों का आयोजन उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति आवंटन की प्रक्रिया को तय समय सीमा में पूरा किया जाए, जिससे छात्रों को वित्तीय सहायता समय पर मिल सके। उन्होंने कार्मिकों की समय पर नियुक्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि योजनाओं के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि युवाओं को समय पर प्रशिक्षण का लाभ मिले और इस योजना का जनपद स्तर पर अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के तहत अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 'ओ' लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण के लिए लगभग 34,000 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने शादी अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवेदन प्रक्रिया को व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाया जाए। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 187.198 करोड़ रुपये जिलों को आवंटित किए जा चुके हैं। बैठक में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12 एवं अन्य) छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि निर्गत समय सारिणी के अनुसार सभी स्तरों पर कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। कक्षा 9-10 के लिए 12,30,819 छात्रों ने आवेदन किया, जिनमें से 10,11,871 छात्रों के आवेदन स्वीकृत हुए। कक्षा 11-12 के लिए 9,65,322 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। दशमोत्तर कक्षाओं के लिए 19,20,458 छात्रों ने आवेदन किया और सभी के आवेदन स्वीकृत हुए। मंत्री ने निर्देश दिया कि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में अंतरित की जाए।

महाकुंभ में कही पैदा हुई गंगा, जमुना तो कहीं जन्में भोलेनाथ

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगर। महाकुंभ क्षेत्र में बने सेंट्रल हॉस्पिटल में अभी तक कुल 12 बच्चों का जन्म हुआ है और इनके माता पिता में से किसी ने अपने बच्चे का नाम गंगा, किसी ने जमुना, किसी ने भोल नाथ तो किसी ने बजरंगी रखा है। सेक्टर दो स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल की मैटर्न रमा सिंह ने बताया कि कल रात में ही फूलपुर तहसील के सराय चंडी से आई नेहा सिंह ने एक बेटे को जन्म दिया और बेटे के पिता दीपक अपने बेटे का नाम कुंभ रखने पर अड़े हैं। हमने कहा कि कुंभ नाम 29 दिसंबर को जन्मे एक बच्चे का पहले ही रखा जा चुका है।

हमने इस बच्चे को कुंभ-2 नाम दिया है। बेटे के पिता दीपक ने बताया, कि मैं हरियाणा में नौकरी करता हूं और सेक्टर 18 में मेरी मां कल्पवास कर रही हैं। उनकी सेवा के लिए मैं छुट्टी लेकर अपनी पत्नी नेहा के साथ यहां आया था। कल रात प्रसव पीड़ा उठने पर मैंने एंबुलेंस को फोन लगाया और पत्नी को सेंट्रल हॉस्पिटल लाया जहां रात करीब दो बजे उसने एक लड़के को जन्म दिया। दीपक ने कहा, कि भले ही अस्पताल वाले मेरे बेटे का नाम कुंभ नहीं रख रहे हैं, मैं उसका नाम कुंभ ही रखूंगा क्योंकि वह इस महाकुंभ में पैदा हुआ है। रमा सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी को रात में एक महिला

ने बेटे को जन्म दिया जिसका नाम बसंत रखा गया। वहीं, इसी स्नान पर्व पर एक महिला ने बेटी को जन्म दिया जिसका नाम बसंती रखा गया। सेंट्रल हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डाक्टर मनोज कौशिक ने बताया कि सेंट्रल हॉस्पिटल में अभी तक कुल 12 बच्चों का जन्म हो चुका है। सभी प्रसव सामान्य तरीके से कराए गए। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे जहांगीराबाद (बाराबंकी), चित्रकूट, कौशांबी और कई प्रदेशों जैसे झारखंड, मध्य प्रदेश आदि की महिलाओं का प्रसव कराया गया। रमा सिंह बताया कि प्रसव उपरांत ज्यादातर लोग जल्दी छुट्टी मांगते हैं, लेकिन हमें 24 घंटे तक प्रसूती को निगरानी में रखना पड़ता है जिसके बाद ही हम छुट्टी देते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत सी महिलाएं प्रसव की तिथि नजदीक होने के बावजूद मेले में इस आस्था के साथ आती हैं कि कुंभ मेले में जन्मा बच्चा भाग्यशाली होगा। रमा सिंह ने बताया कि एक महिला मध्य प्रदेश के ग्वालियर से आई थी और जैसे ही वह घाट पर स्नान के लिए पहुंची, उसे प्रसव पीड़ा शुरू हो गई और परिजनों ने तत्काल एंबलेंस को फोन कर इसकी जानकारी दी। महिला ने अस्पताल में बेटी को जन्म दिया और बच्ची का नाम सरस्वती रखा गया। उन्होंने बताया कि इसी तरह यहां पैदा हुए बच्चों के नाम भोले नाथ, गंगा, जमुना, सरस्वती, नंदी आदि रखे गए हैं। महाकुंभ नगर में सेक्टर 2 स्थित सेंट्रल हॉस्पिटल उन 13 अस्पतालों में से एक है जिन्हें महाकुंभ मेला आने वाले श्रद्धालुओं की जरूरतें पूरी करने के लिए स्थापित किया गया है। महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हुआ लेकिन लोग यहां दिसंबर, 2024 से ही जुटना शुरू हो गए थे। इस अस्पताल में पहला प्रसव कौशांबी से आई महिला सोनम का 29 दिसंबर को हुआ जिसने एक बेटे को जन्म दिया और बच्चे का नाम कुंभ रखा गया। प्रसव उपरांत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने इस परिवार को बधाई दी थी।

श्रद्धालुओं की असुविधा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की तबाही, असुविधा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। महाकुंभ आने जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उससे भाजपा सरकार बच नहीं सकती है। सरकार महाकुंभ भगदड़ में हुई मौतों और महाकुंभ आने जाने के दौरान हुई सभी दुर्घटनाओं में जान गवांने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी करके प्रत्येक को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा देना शुरू करें। महाकुंभ में सभी खोए हुए लोगों की सूची जारी कर उनके परिजनों को जानकारी दे।

अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ के रास्ते में जाम में फंसे लाखों लोग अपने वाहनों में घंटों से कैद हैं। दैनंदिनी जरूरतों के लिए महिलाओं तक के लिए कोई स्थान नहीं है। जो लोग रास्तों में बेसुध हो रहे हैं, उनकी देखभाल का कोई इंतजाम नहीं है। श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन की बैटरी खत्म हो गयी है, जिससे उनका अपने लोगों से संपर्क टूट गया है। संपर्क और सूचना के अभाव में लोगों में बहुत बेचैनी है। उन्होंने कहा कि हालात पर काबू पाने के लिए कोई जिम्मेदार मंत्री या व्यक्ति नहीं दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री तो पूरी तरह से नाकाम साबित हो ही चुके हैं साथ ही प्रयागराज से संबंधित उपमुख्यमंत्री और कई जाने माने मंत्री नदारद हैं। जिन्हें जनता के बीच होना चाहिए था, वो घरों में बैठे हैं। जो सिपाही, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी या सफाईकर्मी दिनरात निष्ठापूर्वक भूखे-प्यासे डटे हैं, उनके भोजन पानी की कोई व्यवस्था नहीं हो रही है। अधिकारी कमरों में बैठकर आदेश दे रहे हैं लेकिन जमीन पर नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के अवसर पर उत्तर प्रदेश में वाहनों को टोल फ्री किया जाना चाहिए। इससे यात्रा की बाधा भी कम होगी और जाम का संकट भी। जब फिल्मों को मनोरंजन कर मुक्त किया जा सकता है तो महाकुंभ के महापर्व पर गाड़ियों को कर मुक्त क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चतुर्दिक जाम की वजह से न तो खाने-पीने के लिए खाद्यान्न और सब्जी मसाले उपलब्ध हो पा रहे हैं।

1.44 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी संगम में रोज डुबकी

महाकुम्भ के शुभारंभ से लेकर 9 फरवरी तक हर रोज संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहा श्रद्धालुओं का महासागर

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक सांस्कृतिक समागम 'महाकुम्भ 2025' ने दुनिया को अचंभित कर रखा है। दुनियाभर के बड़े धार्मिक आयोजनों में यह अपनी विशेष पहचान बना चुका है। प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के पावन संगम में बीते 30 दिनों में आस्था का अटूट रेला उमड़ रहा है। प्रतिदिन महाकुम्भ में श्रद्धाभाव से पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन

- **मौनी अमावस्या पर लगी सबसे अधिक 7.64 करोड़ सनातनियों ने त्रिवेणी में लगाई आस्था की डुबकी**
- **28 जनवरी को 4.99 करोड़, मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ लोगों ने किया संगम में पावन स्नान**

करें तो औसतन 1.44 करोड़ लोग हर रोज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। महाकुम्भ के जरिए सनातनियों की आस्था और श्रद्धा की बेमिसाल लहर देखने को मिल रही है। विशेष पर्वों पर श्रद्धालुओं की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के पर्व पर सर्वाधिक 7.64 करोड़ से ज्यादा,

जबकि इससे एक दिन पहले 28 जनवरी को 4.99 करोड़ से ज्यादा लोगों ने संगम स्नान किया। वहीं 14 जनवरी मकर संक्रांति को 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया था। आस्थावानों का रेला मौनी अमावस्या के बाद भी नहीं थमा है और प्रतिदिन करीब एक करोड़ और इससे ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। इस दौरान महाकुम्भ नगरी भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आ रही है। 9 फरवरी तक 43 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नानकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। योगी सरकार की ओर से इस विराट और ऐतिहासिक आयोजन के लिए विशेष तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम स्नान की और अन्य सुविधाएं मिल सकीं हैं। सुरक्षा, स्वच्छता और प्रबंधन के शानदार प्रयासों ने महाकुम्भ को ऐतिहासिक बना दिया है। आस्था के इस महामेले ने न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के सनातन संस्कृति प्रेमियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है।

इन तिथियों पर जुटे सर्वाधिक श्रद्धालु
13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को 1.70 करोड़
14 जनवरी (मकर संक्रांति) को 3.50 करोड़
26 जनवरी को 1.74 करोड़
27 जनवरी को 1.55 करोड़
28 जनवरी को 4.99 करोड़
29 जनवरी (मौनी अमावस्या) को 7.64 करोड़
30 जनवरी को 2.06 करोड़
31 जनवरी को 1.82 करोड़
01 फरवरी को 2.15 करोड़
03 फरवरी (बसंत पंचमी) को 2.57 करोड़
09 फरवरी को 1.57 करोड़

सनातन परंपरा को बचाये रखने में वनवासी समाज का बड़ा योगदान

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुंभ नगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने सोमवार को कहा कि सनातन हिंदुत्व परंपरा को बचाए रखने में वनवासी समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी ज्ञान, संस्कार परंपरा के संवर्धन के लिए जनजाति क्षेत्र के संतों को अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। महाकुंभ नगर में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा आयोजित जनजाति समागम के समापन के अवसर पर उन्होंने कहा, हिंदुत्व, भारतीय, सनातन परंपरा के सामने आज विदेशी विचारधारा थोपने और धर्मांतरण जैसे संकट खड़े हैं। इन संकटों का सामना करते हुए जनजाति क्षेत्र के संतों ने सुदूर वन क्षेत्र में अथक प्रयास किए। उनके इसी प्रयास के कारण आज हिंदू धर्म जीवित है। होसबाले ने कहा, कि आने वाले समय में पर्यावरण, अनुसंधान, शिक्षा संस्कार, धर्म जागरण और सेवा के माध्यम से जागृति लाकर जनजाति समाज की एकता और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कि वनवासी कल्याण आश्रम इसी दिशा में कार्यरत है। इसीलिए जनजाति क्षेत्र के सभी साधु संतों को कल्याण आश्रम का सहयोग कर इस सनातन संस्कृति को मजबूत करने का काम करना चाहिए। इस संत समागम में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, श्री गंगाधर जी महाराज और श्री दादू दयाल उपस्थित थे।

पुलिस व एसएसबी ने भारत नेपाल सीमा पर की पैदल गश्त

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में नेपाल के सीमावर्ती थानों की पुलिस व एस0एस0बी0 की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में शान्ति,सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया।इस दौरान बार्डर एरिया से सटे गाँवों में निरन्तर पैदल गस्त कर दौरान संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गयी व इण्डो नेपाल बार्डर पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है।नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने के हेतु समय-समय पर सीमा से सटे हुए गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व संम्भ्रान्त व्यक्तियों को मादक पदार्थों की तस्करी ,मानव व गौ तस्करी, अवैध कटान व अन्य संदिग्ध गतिविधियों को रोकने के बारे मे लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देनें के बारें मे बताया जा रहा है , जिससे पुलिस द्वारा इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके। पुलिस टीम द्वारा रसइ के साथ पैदल गस्त के दौरान नेपाल बॉर्डर से सटे गांव का भ्रमण कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा बताया गया कि शान्ति और कानून व्यवस्था बनाये रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्या

बलरामपुर।इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना में सुनी जा रही है जन शिकायतें पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ता/आम-जनों की सम्भावित समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गईतथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

नकली दवाओं के निर्माण से लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहा गंभीर प्रतिकूल प्रभावः प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। संसद सत्र में देश में घटिया दवाओं के निर्माण को लेकर सोमवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने अहम सवाल दागा है।राज्यसभा में जन स्वास्थ्य से जुडी सवाल को उठाते हुए विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश में बिक रही पचास दवाईयां घटिया स्तर की बन रही हैं।उन्होने ड्रग कंट्रोलर जेनरल आफ इण्डिया की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए सदन में कहा कि घटिया बनने वाली दवाओं में पैरासिटामॉल से लेकर बीपी, खांसी, मल्टीविटामिन्स और कैल्शियम की दवाएं शामिल हैं। उन्होनें कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लाखों मरीज इन दवाओं का इस्तेमाल किया करते हैं। उन्होनें कहा कि देश में घटिया व नकली दवाओं का जाल तेजी से फैलने के कारण गरीब तबके के लोगों के स्वास्थ्य पर आघात पहुंचा रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में घटिया दवाओं की आपूर्ति होना अधिक चुनौतियों का चिन्ताजनक हालात लिए हुए है।बीते वर्ष 2022 के रिपोर्ट का भी सदन में जिक्र करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि छोटे निमार्ताओं द्वारा उत्पादित पन्द्रह प्रतिशत से अधिक दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में विफल रही हैं। उन्होनें कहा कि छोटे दवा निमार्ता ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा फोकस किया करते हैं। उन्होनें कहा कि घटिया दवाएं सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हुए कई प्रकार के प्रतिकूल प्रभाव भी डाल रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि घटिया दवाओं से लोगों की मृत्यु तक हो जाती है। उन्होनें कहा कि एक अनुमान के अनुसार उत्पादन की जा रही दवाओं में बारह से लेकर पचीस प्रतिशत मिलावटी घटिया नकली दवा हो सकती है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जनविश्वास विधेयक में 2023 में किये गये संशोधन की धारा में मानक की गुणवत्ता न होने वाली दवाईयों के सजा को जुमार्ना भरने का विकल्प दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में सुनी फरियाद

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याओ/शिकायतों को सुना गया,इस दौरान पुलिस कार्यालय में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की जनसुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देश दिया गया, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दर्शन में आए फरियादियों के शिकायती प्रार्थना पत्र की संख्या कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए ।जिसमे 01 भूमि विवाद व 03 मारपीट तथा शेष 09 अन्य से संबंधित थे ।प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को पुलिस अधीक्षक ने आदेशित किया गया ।

पत्नी समेत कोचिंग संचालक की हत्या

बलिया ।जिले के खेजुरी क्षेत्र में एक कोचिंग संचालक और उनकी पत्नी की धारदार हथियार से कथित तौर पर हत्या कर दी गयी।पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार रात खेजुरी थाना क्षेत्र के मासूमपुर गांव में कोचिंग संचालक श्याम लाल चौरसिया (55) और उनकी पत्नी बासमती चौरसिया (50) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। उन्होंने बताया कि देर रात करीब 10 बजे पुलिस को मासूमपुर गांव में सड़क के किनारे एक घर में एक पुरुष और एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो चौरसिया और उसकी पत्नी के शव घर के बाहर पड़े थे। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक ऐसा लगता है कि दोनों पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये हैं।

गरीब, कमजोर व्यक्ति की चिंता करती है सरकार

बेहतर व्यवस्था के साथ महाकुम्भ का आयोजन : उप मुख्यमंत्री

मेरठ ।सोमवार को सर्किट हाऊस में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा अधिकारियो से जनपद के विकास एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियो को निर्देशित किया गया कि सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओ से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित कराया जाये।उन्होने कहा कि जनपद की सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा करते हुये कार्यवाही की जाये। शिकायतो का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक सुनिश्चित किया जाये।उन्होने कहा कि सरकार की मंशा अनुरूप आमजनमानस के हितार्थ समग्र रूप से कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।पत्रकारो से वार्ता करते हुये उन्होने कहा कि आज सरकार अंतिम पायदान पर खडे हुये गरीब, कमजोर व्यक्ति की चिन्ता करती है तथा उसको सशक्त बनाने के लिए समग्रता से कार्यवाही करती है। उन्होने कहा कि संगम तट पर स्वतंत्र भारत के इतिहास में बेहतर व्यवस्था के साथ महाकुम्भ का आयोजन किया गया है।श्रद्धालुओ के लिए अच्छी से अच्छी व्यवस्था देने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।सर्किट हाऊस आगमन पर उप मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

दिनांक 11.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04222	अयोध्या धाम जं.	10:10	प्रयाग	15:45	अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन
04228	अयोध्या धाम जं.	16:45	प्रयाग	21:50	अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुल्तानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ. स्टेशन
04274	जौनपुर जं.	18:40	फाफामऊ जं.	22:20	जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन
04292	लखनऊ जं.	14:00	प्रयाग	19:55	उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04251	प्रयाग	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	10:55	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02276	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05177	गोरखपुर जं.	15:00	झूँसी जं.	01:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05179	गोरखपुर जं.	10:30	झूँसी जं.	19:50	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05180	झूँसी जं.	23:00	गोरखपुर जं.	08:30	
05185	गोरखपुर जं.	20:30	प्रयागराज रामबाग	05:30	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन
05129	छपरा	18:30	झूँसी जं.	02:25	सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05163	थावे जं.	15:30	झूँसी जं.	02:45	गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन।
05121	दोहरीघाट	08:00	प्रयागराज रामबाग	16:45	मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन
05122	प्रयागराज रामबाग	21:45	दोहरीघाट	06:00	
05101	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	झूँसी जं. (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिटबड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05102	झूँसी जं. (रिंग रेल)	14:30	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	
05159	भटनी जं.	21:00	झूँसी जं.	03:30	पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन
05311	झूँसी जं.	15:00	काठगोदाम	13:55	बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन
05313	झूँसी जं.	19:45	कासगंज	18:00	बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी जं.	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी जं.	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
04407	फाफामऊ जं.	23:30	दिल्ली जं.	13:40	रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04066	दिल्ली जं.	23:25	फाफामऊ जं.	14:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
04021	फाफामऊ जं.	11:30	दिल्ली जं.	01:40	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04024	दिल्ली जं.	15:30	फाफामऊ जं.	05:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन

दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04251	प्रयाग	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	10:55	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02418	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
04229	प्रयाग जं.	21:10	अयोध्या कैंट जं.	01:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04271	प्रयाग जं.	14:45	जौनपुर जं.	18:30	थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन
04293	प्रयाग जं.	20:20	लखनऊ	02:00	फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन
04219	प्रयाग जं.	05:35	अयोध्या धाम जं.	10:30	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा, अयोध्या कैंट जं. एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
04225	प्रयाग जं.	13:55	अयोध्या कैंट जं.	18:55	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन
04233	प्रयाग जं.	09:40	अयोध्या धाम जं.	15:05	फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन
05121	दोहरीघाट	08:00	प्रयागराज रामबाग	16:45	मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन
05122	प्रयागराज रामबाग	21:45	दोहरीघाट	06:00	
05004	गोरखपुर जं.	21:30	झूँसी जं.	06:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05003	झूँसी जं.	07:45	गोरखपुर जं.	16:25	हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन
05101	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	झूँसी (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन
05102	झूँसी (रिंग रेल)	14:30	झूँसी (रिंग रेल)	09:00	
04065	फाफामऊ जं.	23:30	दिल्ली जं.	13:40	रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04022	दिल्ली जं.	15:30	फाफामऊ जं.	05:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन
04023	फाफामऊ जं.	11:30	दिल्ली जं.	01:40	रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन
04016	दिल्ली जं.	23:25	फाफामऊ जं.	14:15	नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

असलहा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने सोमवार को शेरपुर चमराह के पास से एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान शिवा कुमार पुत्र लक्ष्मण कुमार निवासी शेरपुर चमराह के रूप में हुई। चिलुआताल पुलिस के मुताबिक, उप निरीक्षक रबि राजन कुमार मय हमराही आरक्षी मनोज यादव, राहुल यादव व अभिषेक यादव के साथ सिंहोरवा चौराहे पर गश्त पर था। इसी दौरान मुखबीर खास से सूचना मिली कि सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाला युवक शेरपुर चमराह के पास मौजूद है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंच उसे हिरासत में ले ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 12 बोर का देशी तमंचा व खोला बरामद किया।

ओवरब्रिज के बगल में पलटी कार, दो घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित गोरखपुर- देवरिया राजमार्ग मार्ग पर निविहवा रेलवे ओवरब्रिज के बगल में सोमवार की भोर में देवरिया कि ओर से आ रही एक कार डिवाइडर के बगल में पलट गई। कार में सवार दो लोगों पति पत्नी को चोटें लग गई है। बताते चलें कि देवरिया जिले के देवरिया निवासी 45 वर्षीय सीता देवी अपने पति उदय शंकर के साथ कार से गोरखपुर ट्रेन पकड़ने जा रही थी। तभी भोर में घना कुहेंसा गिरने की वजह से कार ओवरब्रिज पर चढ़ने के पहले ही बगल में मिट्टी के ढेर पर चढ़कर पलट ग ?ई। सूचना पर पहुंची चौरीचौरा पुलिस ने बताया कि कार में सवार पति पत्नी को हल्की चोटें लगी है।

पीड़ित ने दी तहरीर

चौरीचौरा, गोरखपुर। झगहा थाना क्षेत्र के गहिरा कोहरा टोला निवासी मातेन्द्र पासवान पुत्र जयगोविंद पासवान ने अपने ही गांव के प्रशान्त, दीपक मोनू तथा रवि पर गाली गुप्ता देने तथा गाड़ी से कुचलकर मार डालने की धमकी देने का शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है। स्थानीय पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी है। बताते चलें कि झगहा थाना क्षेत्र के मातेन्द्र ने बताया कि गांव के ही प्रशांत दीपक मोनू तथा रवि आये दिन रोज गाली गुप्ता देते थे।9 फरवरी की रात नौ बजे उक्त चारों लोग हम प्रार्थी को जाति सूचक शब्द कहने लगे ।मना करने पर लात मुक्कों से मारने पीटने लगे। और घायल कर दिये।लोगों को इकट्ठा होते देख जाति सूचक शब्द कहते हुए तथा गाड़ी से कुचलकर मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिससे पीड़ित काफी भयभीत हो गया है।जिसकी तहरीर पीड़ित ने स्थानीय थाने में दी गई है।

व्यापारी की मौत, एक घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र स्थित गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर चौरीचौरा में निविहवा रेलवे ओवरब्रिज के डिवाइडर से बीती देर रात कार टकरा गई। जिससे कार में सवा व्यापारी की मौत हो गई। कार चला रहे रिश्तेदार घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गोरखपुर के कूड़ाघाट निवासी 35 वर्षीय सुग्रीव जायसवाल पुत्र किशोरी लाल अपने रिश्तेदार दिनेश जायसवाल के साथ बीती देर रात देवरिया के लार से कार से घर आ रहे थे। तभी चौरीचौरा के निविहवा रेलवे ओवरब्रिज पर कार चढ़ने से पहले उसके रेलिंग टकरा बगल में चली गई।

भारतीयों ने थाइलैंड में मनाया जश्न

चौरीचौरा, गोरखपुर। दिल्ली व मिल्कीपुर विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का जश्न भारत में ही नही बल्कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भी मना रहे है। ऐसा ही कुछ नजारा थाईलैंड में रहने वाले चौरीचौरा क्षेत्र समेत पूर्वांचली लोग जमकर जीत का जश्न मनाते दिखे। दिल्ली व मिल्कीपुर जीत पर चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश यादव ने थाईलैंड में भारतीयों के साथ खुशी मनाया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया।

उन्होंने थाइलैंड से बताया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचण्ड जीत से यहां के भारतीय काफी खुश है। भाजपा की जीत से स्पष्ट हो गया कि देश में तुष्टीकरण की राजनीति व जनता को झांसे में रखकर सत्ता प्राप्त करने की साजिश नहीं चलने वाली है। इस चुनाव के बाद भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर हो चुका है।भाजपा नेता ने कहा कि सनातन धर्म का अपमान करने वालों को जनता ने इस बार ठीक ढंग से सबक सिखाया है। दिल्ली में जिस प्रकार झूठ बोलकर एक दल ने सत्ता हासिल किया था, सच्चाई जानने के बाद जनता ने उस दल को सदैव के लिए नकार दिया है। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में भाजपा को मतदाताओं का भरपूर सहयोग और समर्थन मिलना यह स्पष्ट करता है कि अब जाति, मजहब की दीवारे भाजपा की नीतियों से टूट चुकी हैं।

विद्युत पोल व तार को कब्जे में लिया, सोता रहा विभाग

मझगांवा,गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कोठा के मौजा टिकुली बनारस में बिजली विभाग की बड़ी अनदेखी सामने आई है। यहां सरकारी बिजली पोल एवं तार को कुछ लोगों ने अपने जमीन की बाउंड्री वॉल में घेर कर कब्जा कर लिया है। सोमवार को ग्रामीणों ने पुलिस एवं बिजली विभाग से मामले की शिकायत की। इसके बाद गजपुर विद्युत उपकेंद्र के जेई जवाहर प्रसाद लाइनमैन एवं अन्य अधीनस्थों के साथ पहुंचकर मौका मुकायना किया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से सरकारी पोल को अवैध तरीके से निजी चहार दिवारी में घेरकर कब्जा कर लिया गया है। जांच में सामने आया कि कोठा गांव के गाटा संख्या 149 और 150 में कोठा गांव की केवलादेवी पत्नी श्रीभागवत एवं मनभावती देवी पत्नी योगेंद्र, ग्राम कौवाडील निवासी माया देवी पत्नी राम सिंहासन का नाम दर्ज है। इसी जमीन पर एक सरकारी पोल लगा हुआ है जिसे उक्त खातेदारों के समेत कोठा के श्रीभागवत पुत्र मंगरु, योगेंद्र पुत्र श्रीभागवत व कौवाडील निवासी माया देवी पत्नी राम सिहासन द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराकर कब्जा कर लिया गया है। इस संदर्भ में जे ई जवाहर प्रसाद का कहना है कि मैने इन लोगों के विरूद्ध तहरीर लिख लिया है जिसे कल थाना गगहा पर स्वयं जाकर दूँगा और उन लोगों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कराई जायेगी।

बच्चों को कराया गया एक्सपोजर विजिट

चौरीचौरा, गोरखपुर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत एक्सपोजर विजिट पी एम श्री कम्पोजिट स्कूल लक्ष्मणपुर क्षेत्र ब्रह्मपुर गोरखपुर के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण गोरखपुर में चिड़ियाघर, नौका विहार एवं रेल म्यूजियम कराया गया। जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह एवं आनंदमय हो कर भ्रमण का आनन्द उठाया। शैक्षणिक भ्रमण का शुभारंभ पी एम श्री कम्पोजिट स्कूल लक्ष्मणपुर ब्रह्मपुर के प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश यादव एवं लक्ष्मणपुर के कोटेदार धर्मेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें विद्यालय परिवार के शिक्षक अजय कुमार सिंह विशेष सहयोग रहा। साथ ही साथ शिक्षक अनुराग राय, तेज प्रसाद, श्रीमती पुष्प लता भारती, आकाश चन्द्रा ने अपना सहयोग देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसमें डायट प्राचार्य श्री अभिषेक कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री रमेन्द्र कुमार सिंह तथा इस ब्लाक के मुखिया श्री भारत भूषण जायसवाल जी का विशेष सराहनीय योगदान रहा।इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण जायसवाल ने कहा कि दर्शनीय स्थलों पर भ्रमण से जहां बच्चों में भौतिक व बौद्धिक विकास होता है, वहीं बच्चों का आनन्द का अनुभव होने के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है।

गांधीवादी विचारक हिमांशु की साइकिल यात्रा का हुआ स्वागत

इटावा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस 30 जनवरी से राजघाट दिल्ली से चलकर महात्मा बुद्ध की समाधि कुशीनगर तक साईकिल यात्रा पर निकले देश के बड़े गांधी वादी विचारक एंव देश के आदिवासियों एंव मूलनिवासियों की लड़ाई के संघर्षरत योद्धा आदरणीय हिमांशु कुमार का आज इटावा पहुंचने पर समाजसेवियों नें भव्य स्वागत किया समाजवादी पार्टी के बरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता आलोक दीक्षित नें बताया कि हिमांशु कुमार देश के जाने माने गांधीवादी कार्यकर्ता हैं, अपनी पत्नी के साथ मिलकर इन्होंने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 22 साल तक वनवासी चेतना आश्रम चलाया। उनके आश्रम को अंततः बुलडोजर से सरकार द्वारा गिरा दिया गया और उन्हें दिल्ली जाने के लिए मजबूर होना पड़ा, जहाँ से वे आदिवासियों के साथ राज्य के व्यवहार पर कानूनी मामलों को आगे बढ़ाने की कोशिश करते रहते हैं।भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा कथित फर्जी मुठभेड़ों, बलात्कार और लूट से संबंधित 519 से अधिक उन्होंने याचिकाएँ दायर की हैं जिनकी लड़ाई वे लड़ रहे हैं हिमांशु कुमार नें बताया कि आज देश में पूंजीवादी ताकतें सरकारों की सहायता से किसान और मजदूरों के बेटों को सेना और पुलिस में शामिल किसानों के बेटों से ही मरवा रहीं हैं, और पूंजीवादी ताकतों के लिये रास्ता साफ किया जा रहा है। इस मौके पर नीरज कुमार, अययूब अली आदि लोग मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने गोड़धोईया नाला निर्माण के प्रगति की समीक्षा

शिथिलता व लापरवाही पर तय की जायेगी जवाबदेही : मंडलायुक्त

गोरखपुर। मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ससमय प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता/लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध उत्तरदायित्व तय किया जाएगा। उक्त निर्देश मंडलायुक्त ने आयुक्त सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोड़धोइया नाला प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों की प्रगति से संबंधित समीक्षा बैठक में दिया। बैठक के दौरान कार्यदाई संस्था ने कार्य प्रगति की स्थिति से अवगत करते हुए कहा कि नाले की दीवार का कार्य पूर्ण हो चुका है, बशारतपुर में राजस्व विभाग व जल निगम की टीम द्वारा मकानों का निरीक्षण करके सर्वे कराया जा रहा है तथा निमार्णाधीन कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसपर मंडलायुक्त ने मैनपावर बढ़ाकर कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया साथ ही कहा कि अतिक्रमण हटाते समय जनमानस की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर स्थानीय लोगों के साथ आने वाली बाधाओं को यथाशीघ्र निस्तारण करते हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पुरुषोत्तम दास गुप्ता, उपजिलाधिकारी (सदर) मृणाली अविनाश जोशी सहित संबंधित अधिकारी गण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

कांग्रेसियों ने ट्रंप का चित्र व अमेरिकी झंडा फूंका

इटावा। कांग्रेस पार्टी द्वारा शास्त्री चैराहे पर भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगाने के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की फोटो एवं अमेरिका के राष्ट्रीय झंडे को जलाकर अपना विरोध प्रदर्शित किया। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा हमारे देश के लोगों को अमेरिका ने जिस तरह हथकड़ी और बेड़ी डालकर भारत भेजा गया यह बहुत निंदनीय है यह वही ट्रंप है जिसको नरेंद्र मोदी ने नमस्ते कार्यक्रम करके देश का बहुत सारा पैसा बर्बाद किया था आज उसी ट्रंप ने हमारे देश के लोगों को अपराधियों जैसा व्यवहार करके अपमानित किया है यह देश के प्रधानमंत्री के लिए शर्म की बात है इस शर्मनाक घटना के बावजूद मोदी सरकार उदासीन और असाहय बनी हुई है सरकार हमारे देश के नागरिकों के लिए मजबूती से खड़े न होकर इस शर्मनाक कार्य को उचित ठहरा रही है कांग्रेस पार्टी सरकार की इस निष्क्रियता की घोर निंदा करती है। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद संखवार, कुसुमलता उपाध्याय, संजय दोहरे, प्रेमकिशोर दुबे, वाचस्पति दुबे, कीरतप्रसाद पाल, ललित दुबे, प्रशांत तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष शोजब रिजवी, आसिफ जादरान, सरवर अली, सरला जाटव, अंसार अहमद, अफजल वारसी, अल्तमश, सौरव श्रीवास्तव, हरिओम सिंह, संजीव शर्मा, रौनक खान, मोहम्मद आदिल, हरिओम मिश्रा, मोहम्मद सोहेल, नवाज खान, बाबू अली उपस्थित रहे।

महिला ने दहेज के लिए व बच्चा छीनने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बिस्तार नगर बरगदवा निवासी बिवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज के लिए मारपीट व उत्पीड़न करने तथा बच्चा छीनने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही। बिस्तार नगर बरगदवा निवासी डा० प्रतिमा गुप्ता ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2020 में उनकी शादी महराजगंज जनपद के निचलौल बहरौली निवासी उदयभान मद्धेशिया के साथ हुई थी। कुछ दिनो तक सब कुछ ठीक चलता रहा। लेकिन कुछ माह बाद से ही उनके सास, ससुर व ननद समेत ससुराल के अन्य लोग दहेज की मांग करते हुए उनके साथ मारपीट करते हुए प्रताड़ित करने लगे। उनका विरोध करने पर वह लोग उन्हें मारते-पीटते थे। जिससे तंग आकर दोनो बच्चों को लेकर किराये का रूम लेकर रहने लगी। इसी बीच एक दिन उसके पति उसके बड़े बेटे शिवांश को जबर्दस्ती रूम से उठा ले गए।

मिट्टी लदे डंपर ने युवक को रौंदा, मौत

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा भण्डारो में सोमवार को भोर में टहलने निकलने एक व्यक्ति को मिट्टी लदी डम्फर ने रौद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान भण्डारो गांव निवासी शेषनाथ निषाद उर्फ साने (42) वर्ष पुत्र सुरेन्दर निषाद के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, भण्डारों गांव निवासी शेषनाथ निषाद उर्फ साने सोमवार की भोर में लगभग चार बजे गांव के कुछ लोगों के साथ सड़क पर टहलने के लिए निकला था।

भगवत कथा श्रवण से दूर होते हैं कष्ट

बांसगांव, गोरखपुर। भागवत कथा के श्रवण से मनुष्यों को पुण्यों की प्राप्ति होती है। कई दुःख दूर हो जाते हैं। सनातन धर्मावलंबियों को अवश्य रूप से भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। भागवत कथा हमारे जीवन को भक्तिमय एवं आनंदमय होने की सीख प्रदान करती है। जीवन जीने की कला सिखाती है।इससे हमारे जीवन पवित्र हो जाता है। उक्त बातें अवध धाम से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य धरणीधर जी महाराज ने बांसगांव क्षेत्र के बघराई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कही। आचार्य धरणीधर जी महाराज ने कहा कि दुनिया में किसी भी कार्य को करने से पहले हमें उस कार्य से मिलने वाले लाभ और हानि के बारे में जानना आवश्यक है, उसी प्रकार भागवत महात्म्य की जानकारी के बाद ही हमें संपूर्ण भागवत का ज्ञान मिलता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान हरेंद्र नाथ राय, दिवाकर राय, इंद्रदेव राय, फागु राय, पिंटू राय, मुनीराम राय व घनश्याम राय समेत भारी संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया।

महाकुंभ से लौट रही बस ट्रक से टकराई

दो महिला श्रद्धालुओं की मौत, 24 घायल

इटावा। उत्तर प्रदेश के इटावा जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। महाकुंभ स्नान करके लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस, फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके के भरथना चैराहे के पास एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इटावा और सैफई के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार तड़के सुबह की है, जब नोएडा की ओर जा रही बस के चालक को नींद आ गई, जिससे बस बेकाबू होकर तेज रफ्तार में ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी पर पुलिस और एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को पुलिस एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया। 25 यात्री इस मिनी बस सवार थे, जिसमें डॉक्टरों ने मेडिकल परीक्षण करने के बाद दो श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य गंभीर घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रैफर किया गया है जहां उनका किया जा रहा है। अन्य 24 घायलों का जिल अस्पताल में उपचार किया गया है। कुछ घायलों को भर्ती किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में दो मरी महिलाओं में नीलू पत्नी मनोज निवासी जेपी हास्पिटल नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर, मीरा पत्नी प्रमोद झा निवासी उक्त की मौत हो गई वहीं सौरभ वर्मा पुत्र अवधेश, सुनीता पत्नी अनिल, पवन पुत्र अनिल कुमार, संजू पुत्र रमेश शिवदेवी पत्नी सूरजपाल, मुन्नी पत्नी परशुराम, कुसुम पत्नी सुनील, पवन खां पुत्र अंगद खां, राधा पत्नी किसन, चयन पाल पुत्र वीरवल, कुन्ती पत्नी बलवीर, रिंकू झा पुत्र दीपक झा, रविन्द्र पुत्र रघुनाथ प्रसाद, सरिता पत्नी रविन्द्र, अर्चना पत्नी रविन्द्र प्रसाद, सीमा पत्नी आनंद, आनंद पुत्र अज्ञात, हेमलता पत्नी बृजमोहन, स्वाति पत्नी नवीन, नगिन शर्मा पुत्र बिन्देश्वर, देवी पत्नी बब्लू, नवीन पुत्र अज्ञात, ड्राइवर सरमन पुत्र कुंजी, लीलावती पत्नी रामप्रकाश निवासीगण सुल्तानपुरी नोएडा गौतमबुद्धनगर आदि शामिल है। घटना थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर घटित हुई है। दोनों मृतकों के शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों को सूचना दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम प्रक्रिया अपनाई जायेगी। सोमवार सुबह करीब 6 बजे इटावा के आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक मिनी बस आगे चल रहे डंफर से टकरा गई। इस हादसे में करीब 23 लोग घायल हो गए और दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। सभी श्रद्धालु कुंभ स्नान करके वापस प्रयागराज जा रहे थे। बस चालक को नींद आने के कारण यह घटना घटित हुई है। वहीं इस हादसे में घायलों ने बताया कि हम नोएडा के सेक्टर 128 में वापस जा रहे थे। सभी यात्री बस में सो रहे थे। अचानक एक जोरदार झटका लगा और हमारी नींद खुल गई। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। एक महिला यात्री ने कहा कि हम अपने घर नोएडा वापस जा रहे थे, बस बहुत तेज गति में थी। अचानक ट्रक से टकराने के बाद ऐसा लगा जैसे बस पलट जाएगी। कई यात्री सीटों से गिर पड़े, किसी को समझ नहीं आया कि क्या हुआ। बस चालक को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ है क्योंकि ट्रक आगे चल रहा था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया प्राथमिक जांच में पता चला है कि हादसा बस चालक को नींद आने की वजह से हुआ। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। नेशनल हाईवे पर पुलिस और क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटा दिया गया है। किसी भी तरह का यातायात प्रभावित नहीं है। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चैम्बर में गिरे 5 साल के बच्चे की मौत

इटावा। निर्माणधीन मॉल की लिफ्ट के चैंबर से गिरकर पांच वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के बाद परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। माता-पिता निमार्णाधीन मॉल में पिछले दो माह से मजदूरी कर रहे थे। परिजन बिना पोस्टमार्टम करवाए बच्चे का शव लेकर चले गए। घटना थाना कोतवाली क्षेत्र के तकिया स्थित एक निमार्णाधीन मॉल की बताई जा रही हैं। रविवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के निमार्णाधीन मॉल में उस वक्त हड़कंप मच गया। सतना निवासी दीन दयाल दो माह से मॉल में मजदूरी का काम कर था। आज काम करने में माता-पिता व्यस्त थे। उनका पांच वर्षीय बेटा विजय पहली मंजिल पर खेल रहा था, तभी लिफ्ट के चैंबर से नीचे गिर पड़ा। गंभीर हालत में परिजन बच्चे को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसका परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. शिवम राजपूत ने बताया कि बच्चे को परिजनों के द्वारा लाया गया था। परिजनों के अनुसार वह नीचे गिर पड़ा था। बच्चा मृत अवस्था में लाया गया था। बच्चे के सिर में काफी गंभीर चोटे आई थी। ब्रेन हेमरेज होने की आशंका है। परिवार को शव सुपर्द कर दिया। वह पोस्टमार्टम नहीं चाहते थे। बच्चे के पिता दीन दयाल ने बताया मैं मौके पर नहीं था। बच्चा पहली मंजिल पर खेलते खेलते लिफ्ट के चैंबर से नीचे गिर पड़ा। यहां लेकर आए तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

आग से घर का सारा सामान जला

भरथना, इटावा। पत्नी-बच्चों सहित उर्स का मेला देखने गये मुस्लिम परिवार के घर में उस समय हाहाकार के साथ कोहराम मच गया। जब अज्ञात कारणों के चलते उनके घासफूस के बंगले में लगी भीषण आग ने घर गृहस्थी का सारा सामान, अनाज सहित एक इंजन जलाकर राख कर दिया। बमुश्किल ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से धधकती आग पर काबू पाया। ग्रामीणों द्वारा पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल को अग्निकांड की सूचना दे दी गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम गंसरा में सोमवार की सांय करीब चार बजे हनीफ अली पुत्र रसीद अली के परिवार में उस समय हाहाकार के साथ कोहराम मच गया। जब उनका परिवार उर्स का मेला देखने गया था। पीडित हनीफ अली ने बताया कि वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ सोमवार की सुबह उर्स मेला में गया था। धधकती आग व तेज धुंआ देखकर अचानक ग्रामीणों द्वारा उसे फोन पर सूचना दी गई कि अज्ञात कारणों के चलते उसकी घासफूस की झोपडी में भीषण आग लग गई है। वैसे ही आनन-फानन में हम लोग घटनास्थल अपने घर पर पहुँचे, इस बीच धधकती आग ने उसकी घर गृहस्थी का सारा सामान, इंजन, चारपाई, गेहूं, भूसा आदि जलाकर राख कर दिया। जबकि उसके जानवर बंगला के बाहर बंधे थे, जो पूर्णतया सुरक्षित हैं। बमुश्किल ग्रामीणों द्वारा समर सेविल आदि निजी संसाधनों से धधकती आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना से पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल को अवगत करा दिया गया है।

पुलिस ने मृतका के भाई व भाभी व दो भतीजों को किया गिरफ्तार

इटावा। फ्रेंडस कालोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत करमगंज महेराचुंगी अलकापुरी में रविवार रात 9 बजे भाई ने अपनी बहन व उसकी बेटी की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि बहन का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। एसएसपी के निर्देशन में अभियुक्तों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की थी फ्रेंडस कालोनी थाना पुलिस ने देसरमऊ रोड हाइवे के अंडरपास पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए मुख्य अभियुक्त हर्षवर्धन ने बताया कि गांव जगसौरा थाना जसवंतनगर की 75 बीघा जमीन व दो मकान बिटियों के नाम कर दिया था जिसका मुकमदमा न्यायालय में भी चल रहा था सारी जायजाद पुत्रियों को दे देने की वजह से अपनी बहन व भांजी की हत्या की है। रिटायर्ड सीएमओ लवकुश चैहान का अपना निजी घर कालपी सर्कुलर रोड पर है, वे 2015 में रिटायर्ड हुए थे। रिटायर्ड होने के बाद उन्होंने अपनी संपत्ति में मकान व 25 बीघा जमीन छोटी बेटी ज्योति उम्र 40 वर्ष के नाम कर दी थी। ज्योति की शादी लखनऊ निवासी विश्वनाथ के साथ हुई थी, विश्वनाथ भी रविवार को घर पर थे। संपत्ति को लेकर भाई-बहन में विवाद चल रहा था और आए दिन घर में झगड़ा होता था। न्यायालय में भी मामला इनका चल रहा है, रविवार की रात को पुत्र हर्षवर्धन चैहान पुत्रों के साथ गुस्से में आया और घर के आंगन में बहन ज्योति के तमंचे से तीन गोलियां मार दीं, उसके पास ही बेटी ताशु उम्र तीन वर्ष बैठी थी उसकी भी मौत हो गई, जबकि ज्योति के पति विश्वनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया।

करोड़ों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में थाना वैदपुरा पुलिस ने करोड़ों की ठगी करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वादी राजकुमार पुत्र बालादीन निवासी विचपुरी थाना वैदपुरा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी 4 बीघा जमीन, मकान और 4 दुकानें अपने किरायेदार सत्यपाल पुत्र जैसीराम की राय से 1.08 करोड़ रुपये में बेची थीं। सत्यपाल ने वादी को झांसे में लेकर उसका बैंक खाता खुलवाया और धोखे से उसमें अपना मोबाइल नंबर दर्ज कराकर चेकबुक और पासबुक अपने पास रख ली। उसने वादी के खाते से 41 लाख रुपये ट्रांसफर करवाकर, एटीएम और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से 13 लाख रुपये निकाल लिए और करीब 68 लाख रुपये नकद हड़प लिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हुई जांच में सत्यपाल सिंह की ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस ने अभियुक्त सत्यपाल को छिमारा तिराहे से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने राजकुमार की संपत्ति बेचने और बैंक धोखाधड़ी के जरिए करोड़ों रुपये हड़पे। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम सत्यपाल पुत्र जैसीराम (निवासी नगला खंदारी, थाना सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद) है, जिसकी उम्र 45 वर्ष बताई जा रही है। उसके खिलाफ थाना वैदपुरा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

तमंचा कारतूस सहित अभियुक्त गिरफ्तार

जसवंतनगर, इटावा। बीते रविवार की रात को थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह के निर्देशन में सिटी इंचार्ज राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ गस्ती पर थे तभी रात को 4 बजे करीब कैस्त जाने वाली कच्ची सड़क पर पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। सिटी इंचार्ज राज कुमार सिंह ने भागते युवक को धर दबोचा और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक 315 वोर तमंचा और एक कारतूस जिंदा मिला ।नाम पूछने पर रिहान पुत्र जहांगीर निवासी दुम्मन बाबा के मंदिर पास कैस्त बताया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त पर आर्म्स एक्ट की धारा में मामला दर्ज कर जेल भेजा ।थाना प्रभारी निरीक्षक राम सहाय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त रिहान पर इसी थाने में पहले से ही तीन मुकदमे दर्ज हैं और यह शातिर किस्म का अपराधी है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र का नाम शिवेन्द्र शर्मा (Shivendra Sharma) से बदलकर औद्विक शर्मा (Audvik Sharma) रख लिया है। मेरे पुत्र के सभी अभिलेखों में औद्विक शर्मा (Audvik Sharma) नाम ही दर्ज किया जाये। **रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र राम कुमार शर्मा नि.- 347/जी.पी./044, गायित्री शक्तिपीठ पुरम, गोमती नगर, लखनऊ।**

सूचना

पेड़ की नीलामी

राजस्व ग्राम बढैया परगना व तहसील महोली जिला सीतापुर में लगे 9 पेड़ सागौन के हैं जिनका मूल्यांकन वन विभाग द्वारा मु. 35553 रूपये तय किया गया है। उक्त पेड़ों की नीलामी दिनांक 11.02.2025 दिन मंगलवार को तहसील सभागार कक्ष में की जायेगी।

तहसीलदार
महोली

संक्षेप

भागवत कथा में बताया गोवर्धन पूजा का महत्व

शाहजहांपुर/ संकट मोचन हनुमान मंदिर खिरनी बाग धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा में छठे दिवस सोमवार को कथा व्यास डॉक्टर निर्मल द्विवेदी जी ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का प्रसंग सुनाया।कथा व्यास ने कहा भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे।कथा व्यास ने कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी।इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रजमंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ कथा के दौरान गोवर्धन पूजन का उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। संगीतमय कथा के दौरान भजनों पर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भजना पर खूब जमकर नाचे।

पत्नी और बच्चों पर चाकू से हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के निर्देशन में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुईं थाना हाजा पर वादिनी शालू पत्नी विक्रम सिह पुत्री निर्मल कुमार निवासी मो0 आर्यनगर दिलाजाक थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर बनाम विक्रम सिंह पुत्र बेचे लाल नि० नोनमगंज पंचालघाट सोता बहादुरपुर थाना कादरीगेट जनपद फरुर्खाबाद फतेहगढ़ द्वारा खुद की पत्नी व पुत्र व पुत्रियो व ससुर निर्मल कुमार को जान से मारने की नियत से चाकू व कैंची से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर देना व किराये पर रह रही महिला आरक्षी के कमरे मे क्षति कारित करने की नियत से आग लगा देना जिससे आवेदिका व किराये पर रही महिला आरक्षी के सोने चांदी के आभूषण फर्नीचर, रुपये व जरुरी कागजात आदि जल जाना व जान से मारने की धमकी देते हुये भाग जाने के संबंध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 74/25 धारा -115(2)/ 118(1)/ 125/ 109/ 351(3) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था ।घटना की गंभीरता को लेते हुए उ0नि0 रणजीत बहादुर सिह चौकी प्रभारी कैन्ट के नेत्रत्व में घटना मे प्रयुक्त चाकू व कैंची की बरामदगी व मुल्जिम की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी ।गहणता से पतारसी सुरागरसी करते हुए उक्त टीम द्वारा 10.02.2025 को अभियुक्त को मुखबिर की सूचना के आधार पर शालीमार गार्डेन मैरिज लान के उत्तरी किनारे के पास अभियुक्त विक्रम सिंह पुत्र बेचे लाल नि० नोनमगंज पंचालघाट सोता बहादुरपुर थाना कादरीगेट जनपद फरुर्खाबाद फतेहगढ़ को घटना मे प्र ?ुक्त चाकू व कैंची के साथ समय करीब 11.12 बजे गिरफ्तार किया गया ।इस संबंध में थाने से विधिक कार्यवाही की गयी ।

छात्राओं को डीएम ने खिलायी दवा, अभियान का किया शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को नगर के सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य डॉ शिप्रा वाजपेई ने किया। इस दौरान डीएम ने बालिकाओं को कृमि मुक्ति दवा खिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एक अहम कदम है। यह कदम बच्चों की एक दुरुस्त पीढ़ी के निर्माण में मदद करता है। बच्चों, किशोर-किशोरियों में एनीमिया के स्तर को कम करने के लिये सभी बच्चों को कृमि मुक्त करना अति आवश्यक है। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 22.73 लाख बच्चे, किशोर- किशोरियाँ लाभान्वित होंगे। उन्होंने बच्चों को समय पर दवाइयां लेने और स्वच्छता के आदतों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।यदि कोई बच्चा आज दवा खाने से छूट जाता है तो 14 फरवरी को मापअप राउंड में दवा खिलाई जाएगी। डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 01 से 19 वर्ष के सभी बच्चों के पेट में होने वाले कृमि संक्रमण का उपचार करना है। पेट में कृमि संक्रमण से उपचार के लिए यह दवा अत्यंत जरूरी है।सभी बच्चों को इस गोली का सेवन जरूर करना चाहिए और अपने परिवार, मोहल्ले व आसपास के बच्चों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने हैंडवॉश और निश्चित समय अंतराल पर नाखून की सफाई और काटने का भी पाठ पढ़ाया।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की हाई स्कूल की छात्रा शगुन वर्मा, अर्पिता वर्मा, अंशिका भारती ने सेल्फी प्वाइंट तैयार की, जो लोगों की आकर्षण का केंद्र बनी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बालिकाओं की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य डॉ शिप्रा वाजपेई के साथ सेल्फी ली।जिला प्रशासन के तत्वावधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की घोष टीम लीडर कक्षा 11 की छात्रा वैष्णवी गुप्ता के नेतृत्व में 30 बालिकाओं के दल ने स्कूली बैंड बजाकर कृमि मुक्ति दवा खाने का संदेश दिया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग तालिया बजाकर घोष वादन कर रही बालिकाओं का उत्साहवर्धन भी किया।

बिहार के दरभंगा में सम्मानित हुए कवि डा. वेदप्रकाश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हिंदी बाल साहित्य में योगदान के लिए शहर निवासी साहित्यकार डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री को दरभंगा, बिहार में सम्मानित किया गया। हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान बनौली, दरभंगा बिहार के आठवें स्थापना दिवस समारोह में एक भव्य आयोजन में डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री को राज नारायण चौधरी बाल साहित्य शिखर सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदय किरौला संपादक बाल प्रहरी अल्मोड़ा उत्तराखंड और संस्थान के निदेशक डॉ सतीश चंद्र भगत ने प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा अंग वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया।यह सम्मान डॉ अग्निहोत्री को बाल साहित्य की प्रकाशित उनकी कृतियोंफविता की गुल्लक, प्यारा बचपन व थपकड़ा गया प्रभात के लिए दिया गया।इस उपलब्धि के कारण नगर के साहित्यकार मधुकर शैदाई, नन्दी लाल, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, संत कुमार बाजपेई, शशिकांत मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

संगीत सिखाने के साथ दे रहे क्लाइमेंट चेंज की जानकारी

लखीमपुर खीरी। कन्याओं में संगीत कौशल विकसाने के उद्देश्य से गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी के संयोजन में नगर के स्कूलों में चलाए जा रहे संगीत से संस्कार अभियान के अंतर्गत सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगतपाल सिंह के सहयोग से विद्यालय में निःशुल्क

ढपली संगीत प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का प्रारम्भ उपनिषद प्रार्थना असतो मा सद्गमय के सामूहिक गान के साथ किया गया। प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन छात्राओं को ढपली की गूँज और गुमक की जानकारी देने के साथ कहरवा ताल का अभ्यास शुरू करवाया गया। प्रशिक्षण शिविर में कोमल वर्मा, महक मौर्या, गौरी गोस्वामी, तान्या कटियार, स्वाति राज, अनामिका शुक्ला, वर्तिका वर्मा, प्रियांशी, सृष्टि पाण्डेय, कनक श्रीवास्तव, आस्था तिवारी, लक्ष्मी मौर्य, आस्था गुप्ता आदि ने शिविर हेतु पंजीकरण कराए। उधर गुरुनानक विद्यक सभा कन्या इंटर कॉलेज में चल रहे ढपली संगीत क्लास में बच्चों को संगीत कक्षा से पहले ग्रीन हाउस इफेक्ट और ग्लोबल वार्मिंग और की जानकारी देते हुए वर्तमान समय में क्लाइमेट चेंज की भयावह समस्या के प्रति आगाह करते हुए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया ये शिविर पूरा कर चुके प्रतिभागियों के लिए गायत्री शक्तिपीठ लखीमपुर पर अभ्यास कक्षाएं भी चलाई जाती हैं।

पशु चिकित्सा शिविर में 71 पशुओं का किया इलाज

पलियाकलां-खीरी।39वीं वाहिनी स.सी. बल पलिया की सीमा चौकी सुमेरनगर के अंतर्गत आने वाले गाँव विचित्र नगर कॉलोनी में पशुओं की चिकित्सा स्वास्थ जॉच हेतु लगाए गए शिविर के बावत।10 फरवरी 2025 को 39वीं वाहिनी स.सी. बल पलिया के कमांडेंट रवीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशानुसार वाहिनी की सीमा चौकी सुमेरनगर के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गाँव विचित्र नगर कॉलोनी में ग्रामीणों के पशुओं की चिकित्सा स्वास्थ जाँच हेतु शिविर लगाया।इस पशु चिकित्सा शिविर में स्थानीय 23 ग्रामीणों के 71 पशुओं का इलाज किया गया।स्थानीय ग्रामीणों द्वारा इस तरह के चिकित्सा शिविर लगाने की सराहना की और इस तरह के समय-समय पर शिविर लगाने हेतु अनुरोध किया।इस मौके पर डॉ शालिनी परिहार, द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) ने कहा कि एस.एस.बी हमेशा सीमावर्ती क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीणों को समय समय पर प्राथमिक पशु चिकित्सा पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध है।

अधिक उत्पादन पाने के लिए रिंग पिट विधि से बोयें गन्ना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) बजाज हिन्दुस्थान चीनी मिल द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन ग्राम कपरहा में किया गया। जिसमें गन्ना बुबाई से सबंधित जानकारी किसानो को दी गईं।

वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने कृषकों को बताया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई रिंग पिट विधि से करने में किसानों को दो आंख के टुकड़े काटकर गड्ढे से गड्ढे की दूरी कम से कम 4 फिट तथा गड्ढे का डाया 2 से 3 फिट पर गन्ना बुवाई करना चाहिए। इस विधि से बोए गए गन्ने के सभी कल्ले मिल योग्य गन्ना बनते हैं, गन्ना गिरता नहीं है तथा सिंचाई खाद व कीटनाशक का प्रयोग आसानी से गड्ढों में किया जा सकता है।साथ ही प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि मिल क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में उन्नतशील प्रजातियों का बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु बीज उपलब्ध है तथा चीनी मिल द्वारा भी कृषको को उपलब्ध कराया जा रहा है तथा मृदा उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा व बीज उपचार हेतु थायोफेनेट मिथाइल मिल द्वारा कृषकों को छूट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही ग्राम कपरहा में कृषक नरेश चन्द्र बाजपेयी पुत्र बराती लाल बाजपेयी के खेत पर गन्ना प्रजाति को०- 0118 के दो आंख के टुकड़े काटकर बीज उपचार थायोफेनेट मिथाइल से एवं भूमि उपचार ट्राइकोडर्मा से कराकर बसंत कालीन गन्ने की बुवाई चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी. एस. चतुर्वेदी एवं प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने दो-दो आंख के टुकड़ों को रिंग पिट से तैयार खेत में डालकर प्रारंभ कराई। इस मौके पर गोष्ठी में क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नीरज बाजपेयी, सोनू मिश्र, अवधेश यादव, राजीव वर्मा, श्रीकान्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों का बीएसए ने किया निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालयों के मानकों की समीक्षा के उद्देश्य से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने विकास क्षेत्र कुंभी और बाँकेगंज के विभिन्न परिषदीय एवं निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं, भवन संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, शिक्षण स्तर और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया निरीक्षण के दौरान कुंभी क्षेत्र में मान्यता विहीन विद्यालय सक्सेस इंग्लिश एकेडमी विद्यालय संचालित पाया गया।विद्यालय के पास संचालन हेतु आवश्यक मान्यता नहीं है।बीएसए ने कहा इनका मनमानी रूप से अवैध संचालन गैर कानूनी है, जिसके लिए संचालक पर उचित ठोस कार्यवाही की जाएगी।मान्यता विहीन विद्यालय का किसी भी स्थिति में संचालन स्वीकार्य नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, अजान क्षेत्र में स्थित एक मान्यता प्राप्त विद्यालय चन्द्रशेखर आजाद मेमोरियल स्कूल कुइयाडीह की व्यवस्थाएं भी संतोषजनक नहीं पाई गई। विद्यालय में गंभीर खामियां पाई गई।बुनियादी संसाधनों की कमी थी, शिक्षकों की योग्यता और अन्य बुनियादी सुविधाएं मानकों के अनुरूप नहीं मिलीं। शिक्षण प्रणाली में सुधार की आवश्यकता स्पष्ट रूप से देखी गई।इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने खंड शिक्षा अधिकारी कुंभी, श्रीराम को निर्देशित किया कि वे इन विद्यालयों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मान्यताविहीन विद्यालयों के संचालकों के खिलाफ सख्त और ठोस कदम उठाए जाएंगे और विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रीय क्रमि दिवस पर कृषक समाज में हुआ कार्यक्रम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें कृमि मुक्ति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय मुक्ति दिवस प्रत्येक वर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि खासकर 1 से 19 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए जो सबसे कमजोर हैं। इस दिवस की शुरूआत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 2015 में की गई थी।इस दिन का मुख्य उद्देश्य आंतों के कीड़ों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में मृदा-संचारित कृमि का पूर्ण उन्मूलन प्राप्त करना है।

दुनिया की लगभग 24ः आबादी मिट्टी से संक्रमित कृमि (कीड़े) से संक्रमित है।राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का महत्व परजीवी कीड़े लोगों और जानवरों दोनों के समाज के लिए एक खतरा हैं। बच्चों के बाहर खेलते समय मिट्टी के संपर्क में आने से कृमि के संक्रमण को रोकना असंभव है। कृमि संक्रमण बच्चों के जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकता है, उनके शारीरिक विकास और मानसिक विकास को अवरुद्ध कर सकता है।प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज द्वारा छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाई गई। शेष बची एल्बेंडाजोल की टैबलेट 14 फरवरी को बाटी जाएगी। कार्यक्रम में कृषक कॉलेज के प्रबंध समिति के मंत्री विनोद चंद्र मिश्र, श्याम मूर्ति शुक्ला, लखपति भारती, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश यादव, स्काउट गाइड प्रभारी देवेंद्र सिंह, अरविंद यादव सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद थे।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पालिकाध्यक्ष ने मंदिर परिसर का किया निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने अमले क साथ पौराणिक शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण कर सबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, पर्यटन विभाग जेई विवेक बाजपेयी एवं पालिका स्टाफ के साथ पौराणिक शिव मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पर्यटन विभाग के जेई से कहा तीर्थ सरोवर का मलवा महाशिवरात्रि से पहले निकलवा दें।जिससे तीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल भरा जा सके।साथ ही मंदिर जाने वाला मार्ग भी जल्दी दुरूस्त हो जाना चाहिये। जिससे महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने बताया कि मंदिर जाने वाले मार्गों पर वैरीकेटिंग लगाई जायेगी, प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था, तथा सुरक्षा दृष्टि के तहत सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए नगरपालिका कर्मचारियों को निर्देश दिए।इस अवसर पर एसआई संदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, जेई अनिल यादव, मोहित अवस्थी, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

बीम गिरने से नीचे दबे मजदूर, एक की मौत

शाहजहांपुर । बंडा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हो गया. जहां स्कूल की बिल्डिंग तोड़ने के दौरान बीम गिरने से नीचे दबे एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ! जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया. गंभीर रूप से घायल मजदूर को इलाज के लिए पीलीभीत भेजा गया है। वही मजदूरी करने वालों ने ठेकेदार पर मजदूरी न देकर जबरन काम करवाने का आरोप लगाया है।सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।आपको बता दें कि बंडा थाना क्षेत्र के गांव चांदपुर पड़री में स्थित विद्यालय के जर्जर भवन को तोड़ने का ठेका शिव गोपाल तिवारी पुत्र रामलड़ैते को 43200 रुपए में दिया गया था. खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किए कार्य आदेश में स्पष्ट किया गया था कि यदि ध्वस्तीकरण के दौरान कोई हादसा होता है तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।ठेकेदार शिव गोपाल तिवारी द्वारागांव पिपरिया मजरा के पांच मजदूरों को स्कूल की बिल्डिंग का लिंटर तोड़ने के लिए लगाया गया था. मजदूरों का आरोप है कि लिंटर तोड़ने के बाद उनकी मजदूरी ठेकेदार द्वारा नहीं दी गई और कहा गया कि आज आकर लिंटर की सरियों की सफाई करो तभी पेमेंट करेंगे।अपना मजदूरी का पैसा बकाया होने के कारण मजदूर लिंटर की सरिया को साफ करने पहुंचे और कुछ को दीवार तोड़ने पर लगा दिया दो मजदूर सरिया साफ कर रहे थे,इसी दौरान ऊपर से बीम गिर गया और दोनों मजदूर बीम के नीचे दब गए. मौके पर मौजूद ठेकेदार शिव गोपाल तिवारी हादसा होते ही मौके से फरार हो गया. मजदूरों का कहना है कि यदि ठेकेदार ने मिलकर बीम हटवाया होता तो हो सकता है कि हमारे साथी मजदूर की जान बच जाती. जब तक ग्रामीणों को बुलाकर बीम हटवाया गया तब तक एक मजदूर अर्जुन पुत्र पुत्तूलाल 25 वर्षीय की मौत हो गई, जबकि नीरज पुत्र लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे इलाज के लिए पीलीभीत भेजा गया है।मृतक अर्जुन की दो वर्ष पहले ही शादी हुई थी, जिसके एक पांच माह की पुत्री वैष्णवी है, चार भाई और एक बहन के साथ परिवार में पत्नी सोनी देवी का रो रो कर बुरा हाल है ।मजदूरों का स्पष्ट कहना है कि उन्हें सिर्फ लिंटर तोड़ने के लिए लगाया गया था, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी ठेकेदार ने मजदूरी नहीं दी जब अपनी मजदूरी के पैसे मांगे तो कहा कि आज आकर लिंटर की सरिया साफ करो तभी पेमेंट करेंगे. आज जब हम सभी लोग पहुंचे और काम कर रहे थे इसी दौरान हादसा हो गयाठेकेदार द्वारा जबरन काम करवाया जा रहा था जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बाघ ने गाय को बनाया निवाला , लोगों में दहशत

पिपरिया धनी,खीरी। महेशपुर वनरेंज के एक गांव में बाघ ने बीती सोमवार रात एक गाय को निशाना बनाया।बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्राम पंचायत देवरिया के मजरा अशरफनगर निवासी श्रीकृष्ण कुमार गौतम पुत्र बद्री गौतम ने बताया कि वह परिवार के साथ खेत पर रहते हैं। गाय घर पर बंधी थी रात को किसी समय बाघ आया और गाय को गन्ने के खेत में खींच कर उसने निवाला बना लिया। जिसके अवशेष खेत में मिले। बाघ की आमद से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है।

पब्लिक कॉलेज में छात्रों ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यपरीक्षा पे चर्चाह्न कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। जिसका पब्लिक इंटर कॉलेज में सभी छात्र एवं छात्राओं को सीधा प्रसारण दिखाया गया।

विद्यार्थियों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को देखकर आगामी परीक्षा को तनाव मुक्त ढंग से देने का संकल्प व्यक्त किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में उत्साह, संबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है, प्रधानमंत्री का आत्मीय वातार्लाप विद्यार्थियों की झिझक दूर करने वाला तथा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है। इस कार्यक्रम से निश्चित ही विद्यार्थी तनाव मुक्त होकर परीक्षा में भाग लेंगे। कार्यक्रम के उपरान्त छात्र एवं छात्राओं को एडवांटाजोले टेबलेट के बारे में बताते हुए संतोष कुमार पांडे एवं संगीता देवी ने टैबलेट का वितरण किया। श्री पांडे जी ने बताया की 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को आधी टैबलेट तथा इससे अधिक आयु वर्ग के समस्त लोगों को पूरी टेबलेट खानी चाहिए।इस टैबलेट को वर्ष में कम से कम दो बार अवश्य खाना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने कहा कि इस टैबलेट से हमारे पेट में होने वाले कीड़े मर जाते हैं। जिससे मलेरिया और फाइलेरिया जैसी बीमारियों से बचाव होता है। इस मौके पर विश्व मोहनजीत, सत्येंद्र कुमार पांडे, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज, दर्शन कुमार गुप्त, सुरेश चंद्र, राकेश कुमार वर्मा, आनंद कुमार कौशल, कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, गोविंद कुमार, श्रीमती सविता देवी, बलवीर सिंह, संतोष कुमार गुप्त, सत्यपाल गंगवार, नीरज कुमार सिंह, अखिलेश्वर, आदेश शुक्ला, जगमोहन सिंह, दिनेश कुमार तिवारी, पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा, प्रमोद कुमार गुप्त, राजीव कुमार, लक्ष्मण यादव आदि मौजूद रहे।

आग लगने जली कार, दमकल कर्मियों ने बुझाई आग

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर की भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के सामने सड़क के किनारे खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आसपास से गुजर रहे लोगों ने जलती हुई कार का वीडियो बनाकर सोसाल मीडिया पर वायरल कर दिया।घटना की जानकारी होने पर जेल चौकी इंचार्ज पटेल राठी, रोडवेज चौकी इंचार्ज तेज सिंह, फायर ब्रिगेड की गाड़ी दमकल कर्मियों के साथ आग बुझाने पहुंच गए। गनीमत रही की बड़ा हादसा होने से टल गया।बताते चलें कि सोमवार को लखीमपुर शहर की मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक के सामने ब्रेजा कार यूपी 32 जे वाई 0530 खड़ी थी दोपहर करीब 2ः30 बजे कर में आग लग गई। आग लगने से कार धू धू कर जलने लगी। आप की खबर मिलते ही दमकल कर्मियों ने आपको समय पर बुझा लिया। गाड़ी मालिक डॉ सतीश पांडे बताई जा रहे हैं।

दबंगों का आतंक, चौकीदार की पत्नी पर जानलेवा हमला

मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव में दबंगों की दबिश और पुलिस की निष्क्रियता से त्रस्त एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता धर्मशीला देवी ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ दबंगों ने उनके घर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, लेकिन स्थानीय थाने में कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जानकारी के अनुसार, घटना 6 फरवरी 2026 की शाम लगभग 5 बजे की है। पीड़िता के अनुसार, गांव के ही उमापति पटेल पुत्र लालबहादुर पटेल, लक्ष्मण पुत्र समीत, चन्द्रावती देवी पत्नी लक्ष्मण, सुनीता देवी पत्नी राम भजन और मुन्नकी देवी पत्नी रमेश ने उनके घर की खपरैल के ऊपर से जबरन बिजली का तार ले जाने की कोशिश की। धर्मशीला देवी ने जब इसका विरोध किया और समझाया कि इससे आग लगने का खतरा है, तो विपक्षीगण ने डंडा, लाठी और रॉड से हमला कर दिया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1	श्री बुद्धेश्वर दयाल (मृतक)	भूखण्ड संख्या- बी-1/168	सेक्टर-जी, अलीगंज योजना, लखनऊ	07.12.2024	श्री विवेक कुमार	वसीयतनामा के आधार पर	भतीजा
2	स्व0 मदीना बेगम (मृतक)	EWS फ्लैट सं0 6/202	सेक्टर-6, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ	18.05.2012	श्रीमती उमरा रहमान अंसारी	हूर बानो अंसारी	नातिन
3	स्व0 बतून सिंह (मृतक)	गैराज संख्या-9	सेक्टर-सी, अलीगंज योजना, लखनऊ	08.01.2024	1. श्रीमती अंजू सिंह, 2. श्रीमती सौम्या सिंह 3. जानहवी सिंह, 4. यशिता सिंह	श्रीमती स्मृति सिंह	पत्नी, पुत्रवधू, पौत्री, पौत्री
4	गोपी कृष्ण गुप्ता एवं श्रीमती प्रेमा गुप्ता (मृतक)	भाग संख्या-सी (भूखण्ड संख्या- 493 एवं 494)	टी0जी0 न्यू सिविल योजना,	27.03.2024	श्री विनीत गुप्ता पुत्र स्व0 गोपी कृष्ण गुप्ता एवं श्री शांतनु गुप्ता पुत्र श्रीमती प्रेमा गुप्ता पत्नी स्व0 नवनीत गुप्ता	–	पंजीकृत वसीयत दिनांक 16.03.2024 एवं दान विलेख दिनांक 26.07.2024 के आधार पर
5	श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव	भवन संख्या- एम0आई0जी-113, सेक्टर-डी-1	कानपुर रोड योजना	17.07.2023	1. श्रीमती शरद श्रीवास्तव, 2. श्रीमती रिचा सहाय 3. श्रीमती रूचि सक्सेना, 4. श्रीमती वर्षा माथुर	–	पत्नी, पुत्री, पुत्री, पुत्री

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सचिव

संक्षेप

फैक्ट्री में घुसकर मारपीट

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर के सीडा सतहरिया स्थित इकरा बफिंग फैक्ट्री में मनबढ़ दबंगों ने घुसकर ताण्डव मचाया और वहाँ के कर्मचारियों से मारपीट किया। दबंगों ने उक्त फैक्ट्री के कर्मचारियों को पीटा, फैक्ट्री के कर्मचारियों से दबंगों द्वारा मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में हुआ कैद। ज्ञात हो कि फैक्ट्री में कूकर की बफिंग (पॉलिश) का काम होता है। जहां बीती रात कुछ बदमाश वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए कर्मचारियों पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने फैक्ट्री में तोड़फोड़ भी की और धमकी देते हुए फरार हो गए। वही घायल कर्मचारियों ने फैक्ट्री मालिक को इस घटना की सूचना दी, घटना के बाद फैक्ट्री स्वामी ने इस बारे पुलिस को जानकारी दी। फैक्ट्री स्वामी ने तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच में जुटी।

हादसे में चार लोग घायल

जौनपुर। लाइनबाजार के वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर क्षेत्र के शिवापर गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार कार की ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी।जिसमे ट्रैक्टर में लगी ईंट लदी ट्राली पलट गई।घटना में कार सवार चार लोग घायल हो गये। बताया गया है कि गुजरात के चार लोग कार से महाकुंभ से स्नान करने के बाद वाराणसी काशीविश्वनाथ का दर्शन पूजन किये। उसके बाद सभी अयोध्या जा रहे थे कि ष्विापार मोड़ पर अचानक ट्रैक्टर से टक्कर हो गयी।पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्राली व ईंट को हटवाया। तब रास्ता सुचारू रूप से चालू हुआ।

सफर इंटरनेट डे का आयोजन आज

आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल ने बताया कि भारत सरकार के इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में 11 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक सफर इंटरनेट डे का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त कार्यशाला में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, उद्योग, युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, महिला कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, सावित्री बाई फूले राजकीय पालिटेक्निक आजमगढ़ एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अपने-अपने विभागों से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों, कृषक बन्धुओं, व्यापारिक बन्धुओं, कार्मिकों, ग्राम प्रधान, ब्लाक वार्ड के अधिकारी, स्कूल, कालेज के अध्यापकगण एवं अन्य सम्मानित व्यक्तियों की प्रतिभागियों की संख्या के अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करायेंगे।

लोकतंत्र सेनानी 12 को भेजेंगे प्रधानमंत्री को ज्ञापन

आजमगढ़। आपात काल बंदी को फ्रीडम फाइटर दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर लोकतंत्र रक्षक सेनानी द्वारा आगामी 12 फरवरी 2025 को 11 बजे दिन में संयुक्त कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर डा अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी लोकतंत्र रक्षक सेनानी कन्हैया लाल श्रीवास्तव व रमाशंकर सिंह ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि नगर के रोडवेज स्थित लोकतंत्र रक्षक सेनानी के कार्यालय गांधीभवन से सभी लोकतंत्र रक्षक सेनानी एक साथ जिलाधिकारी कार्यालय के लिए निकलेंगे और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी आजमगढ़ को सौंपेंगे। इसके अलावा स्वतंत्र कुमार गुप्ता, जवाहर लाल सिंह व पतिराम यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे देश में एक साथ सभी जिला मुख्यालय पर लोकतंत्र रक्षक सेनानियों द्वारा किया जा रहा है ताकि सरकार हमारी जायज फ्रीडम फाइटर दर्जा की मांग को पूरा करते हुए उचित सम्मान देने का ऐतिहासिक काम करें। उन्होंने सभी लोकतंत्र रक्षक सेनानियों से पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया।

सैनिक बन्धु की बैठक कल

आजमगढ़। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमान्डर राजीव रंजन (अ0प्रा0) ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 फरवरी 2025 दिन बुधवार को समय 12 बजे कलेक्टेªट मिटिंग हाल में पूर्व सैनिको एवं उनके आश्रितो की समस्याओं को सुनने एवं निराकरण करने हेतु सैनिक बन्धु बैठक का आयोजन होना है।

तीन दिन में स्मार्टफोन और टैबलेट बांटें : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में सोमवार को विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधकों की स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र द्वारा बैठक ली गई। उन्होंने बैठक में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्मार्टफोन एवं टैबलेट वितरण की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने कई कॉलेजों द्वारा स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण में की जा रही शिथिलता को लेकर कहा कि यदि तीन दिनों के अंदर वितरण का डेटा वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन तथा टैबलेट को विद्यार्थियों में समय पर वितरित न करना अपराध की श्रेणी में आएगा जिसके लिए दंड के प्रावधान सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने समस्त कालेजों से आए हुए प्राचार्य एवं प्रबंधकों से इस संबंध में सीधा संवाद किया और एक-एक कर प्रगति की समीक्षा की साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्त बनाने हेतु स्मार्टफोन और टैबलेट को उन तक पहुंचाने का जिम्मा आप को सौंपा है जिसे प्राथमिकता पर कर रहे है। तीन दिनों के भीतर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करें इसमे एक भी स्मार्टफोन से जुड़ा प्रकरण लंबित न रहे। सीआरओ अजय कुमार अम्बष्ट ने महाविद्यालयों की सूची प्रस्तुत की जिनके यहां अभी तक स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित नही हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने सभी प्राचार्य से इस बिंदु पर त्वरित कार्यवाही की अपेक्षा की। परीक्षा नियंत्रक डॉ0 विनोद कुमार सिंह ने महाविद्यालय से आए हुए समस्त प्रतिनिधिगण से कहा कि आगामी 3 दिवस में सभी पात्र विद्यार्थियों को नियमानुसार स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित कर वेबसाइट पर अपलोड कर दें। कार्यक्रम में स्वागत एवं संचालन जनसंचार विभागाध्यक्ष प्रो.मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल, उप कुलसचिव अजीत सिंह, संजय सिंह, रजनीश सिंह, राजेश सिंह सहित संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

डीएम ने सदर बाजार व परिक्रमा पथ का किया निरीक्षण

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के साथ मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में विन्ध्याचल में बढ़ते दर्शनार्थियों की भीड़ के दृष्टिगत भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने पुरानी वीआईपी मार्ग, पक्का घाट मार्ग, सदर बाजार एवं परिक्रमा पथ का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि घाटों, गलियों व परिक्रमा पथ की निरंतर साफ सफाई कराते रहे कही भी गंदगी नहीं दिखनी चाहिए गंदगी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार रखे। जिलाधिकारी ने स्वंय भी आए हुए श्रद्धालुओं से यहां की गई व्यवस्थाओं के बारे में वार्ता की गई उनके द्वारा बताया गया कि सभी व्यवस्थाएं ठीक है दर्शन पूजन के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हैं। जिलाधिकारी द्वारा ड्यूटीरत सम्बन्धित मजिस्ट्रेटो को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस कतार में श्रद्धालु कम हो वहां पर उन्हें कतार में लगाते हुए दर्शन पूजन कराएं जिससे दर्शन पूजन के दौरान किसी प्रकार की कोई असुविधा न हों। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

पेंशनरों ने कहा विलंब चिकित्सा प्रतिपूर्ति से इलाज प्रभावित

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन जनपद शाखा की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष साबी सिंह की अध्यक्षता में हुई।

अध्यक्ष ने पेंशनर्स हितो के लिए संगठन स्तर से किए जा रहे कार्यो से सदन को अवगत कराते हुए, जनपद स्तर पर कुछ कार्यालयाध्यक्ष पेंशनर्स द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयो का सम्बन्धित चिकित्सालय से सत्यापन एवं चिकित्सा कराने की पुष्टि मे नोटरी हलफनामा लेने जैसी कार्रवाही कर भुगतान प्रक्रिया को लम्बे समय तक बाधित कर रहे है ,जिसके कारण चिकित्सीय कार्य धनाभाव से प्रभावित हो रहा है, सदन मे इसकी घोर निन्दा करते हुए संगठनात्मक कार्य वाही का निर्णय लिया गया। बैठक मे पेंशन राशिकरण की धनराशि वसूली की अवधी पन्द्रह बर्ष के स्थान पर दस वर्ष करने, पेंशनर्स के पेंशन राशि मे क्रमशः पैसठ, सत्तर, पचहत्तर बर्ष की उम्र पुरी होने पर पांच, दस एवं पन्द्रह प्रतिशत धनराशि की बृध्दि करने की मांग पर अभी तक सरकार के स्तर पर कार्यवाई नही होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। मिठाई लाल ने चिकित्सा प्रतिपुर्ति देयो के भुगतान मे अधिक बिलम्ब के कारण चिकित्सा प्रभावित होने का मामला उठाया गया, जिस पर बचार करके सम्बन्धित अधिकारी से शीघ्र बात कर समाधान कराने का निर्णय लिया गया। अजय सिंह ने चकबन्दी बिभाग मे भी चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक लम्बित होने की स्थिति से अवगत कराते हुए संगठनात्मक कार्य वाही की मांग की गई। बैठक को मुख्य रूप से ओकांर नाथ मिश्र, कंचन सिंह, राम अवधलाल, नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, नन्दलाल सरोज, श्याम बिहार सिंह, पारसनाथ, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सूबेदार यादव, आदि ने सम्बोधित करते हुए पेंशनर्स के लम्बित मांग को शीध्र निस्तारण की मांग सरकार से की गई। संचालन जिला मन्त्री राजबली यादव ने किया।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारंभ

सोनभद्र।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने सोमवार को सेन्ट जोसेफ कान्वेन्ट हाईस्कूल के स्कूली बच्चों को पेट के कीड़े को मारने की दवा एल्बेन्डाजॉल का टैबलेट खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने स्कूल के बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के महत्वा को समझाते हुए कहा कि एल्बेन्डाजॉल दवा के खाने से किसी भी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, किन्तु इस दवा के खाने से पेट में उत्पन्न होने वाले कीड़े को नष्ट करने में काफी कारगर है, जो ये कीड़े हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होते हैं।

उन्होंने कहा कि 19 साल के सभी बच्चों, किशोर, किशोरियों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेन्डाजॉल की दवा सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों में निःशुल्क खिलाई जायेगी, इसके साथ ही गैर पंजीकृत और स्कूल ना जाने वाले बच्चों को भी यह दवाई नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में खिलाये जाने की व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ये कीड़े पेट में रहते हुए अपनी संख्या को बढ़ाकर जहर भी फैलाने का काम करते हैं, हम जो भी भोजन करते हैं, उसका ज्यादा हिस्सा ये कीड़े ले लेते हैं, जिससे पेट में मौजूद रहते हैं, किसके कारण अनेक प्रकार की बीमारी फैलाने के साथ ही शरीर में कमजोरी आती है, इसलिए पेट के कीड़े को नष्ट करने के लिए एल्बेन्डाजॉल दवा खाना अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि सबको एक साथ दवा खिलाया जाये, जिससे एक ही साथ कीड़े नष्ट हो जायें।

लॉन टेनिस प्रतियोगिता आज होगा समापन

सोनभद्र। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में कोल इंडिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता टीम चैंपियनशिप, ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स एवं वरिष्ठ वर्ग ओपेन सिंगल्स, ओपेन डबल्स श्रेणियों में खेली जा रही है जिसका समापन मंगलवार को किया जाएगा। कोल इण्डिया अंतर कंपनी लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2024-25 में सीआईएल की अनुषंगी कंपनियां एमसीएल, एनसीएल, एसईसीएल, डबल्यूसीएल, बीसीसीएल, सीएमपीडीआईएल सहित सिंगरेनी स्थित एससीसीएल की टीम प्रतिभाग कर रही हैं। इस प्रतिस्पर्धा में अभी तक 87 मैच खेले जा चुके हैं जिसमें टीम चैंपियनशिप में 13 मैच एवं इंडिविजुअल श्रेणी में 74 मैच खेले गए। लॉन टेनिस प्रतियोगिता के दौरान टीम चैंपियनशिप के सेमी फाइनल मैच शनिवार को एसईसीएल एवं बीसीसीएल टीम तथा एनसीएल एवं एमसीएल टीम के मध्य खेले गए। जिसमें एसईसीएल की टीम, बीसीसीएल की टीम को 2-0 अंकों से हराकर एवं एनसीएल की टीम, एमसीएल की टीम को 2-1 अंकों से हराकर फाइनल में पहुंची। प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को एनसीएल एवं एसईसीएल के बीच खेला जाएगा।

पचास हजार से अधिक भक्तों ने किया मां शीतला के दर्शन

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। हलिया विकास खंड के गड़बड़ा धाम में सोमवार को पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला का दर्शन-पूजन किए। गड़बड़ा धाम मेला क्षेत्र की गलियां श्रद्धालुओं से पटी रहीं। जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। सेवटी नदी के घाटों पर स्नान के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। गड़बड़ा धाम क्षेत्र में सेवटी नदी में पुण्य की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु ने मां शितला के दरबार में माला फूल नारियल चुनरी प्रसाद लेकर मंदिर की तरफ जाने वाली कतार में खड़े हो गए। मंदिर का कपाट खुलते ही कतारों में खड़े भक्त मां की एक झलक पाने के लिए लालाइत रहे ।मां की जयकारे से देवी धाम की सभी गलियां गुंजायमान रहीं। भोर में मां की भव्य मंगला आरती के पूर्व से ही धाम की गलियों में श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालु मां के दिव्य स्वरूप की एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आए। देवी धाम पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने मां शितला के भव्य स्वरूप के दर्शन कर परिवार में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देवी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफ से चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे। मंदिर पुजारी मंगलधारी मिश्रा ने बताया कि भोर मंगला आरती की पश्चात से ही मंदिर का पट खोल दिया गया था तब से अनवरत श्रद्धालुओं का ताता मंदिर परिसर में लगा रहा। लगभग 50 हजार से अधिक भक्तों ने शीश नवाया। भक्तों की निगरानी सीसी टीवी कैमरे से होती रही। भक्तों ने दर्शन पूजन के बाद गृह उपयोगी सामग्री खरीदे।

तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

म्योरपुर/सोनभद्र। खेल मैदान पर सोमवार को तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतोयोगिता का आयोजन दुद्धि विधायक प्रतिनिधि निरेंद्र प्रताप सिंह एवं म्योरपुर ग्राम प्रधान संगीता गणेश जायसवाल तथा वारिष्ठ भाजपा नेता पन्नालाल जायसवाल ने सयुक्त रूप से मा भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर एव दीप प्रोज्वलित कर फीता काट कर 21वा वॉलीबाल प्रतियोगीता का उद्धघाटन किया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश जायसवाल एव दीपक सिंह ने सयुक्त रूप से तास किया अपने सम्बोधन मे राम देव तिवारी ने कहा की खेल से आपसी भाई चारा बढ़ती है एव शारीरिक विकास होता है दीपक सिंह ने कहा की इस छोटे से गाँव मे इतना ऊर्जा के साथ इतना सुन्दर बॉलीबोल प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श बॉलीबोल क्लब के तत्वाधान हो रहा है इसके लिए मै आयोजन समिति को धन्यवाद देता हु ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संगीता गणेश जायसवाल ने कहा खिलाड़ियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दिया जायेगा। अवध नरायण यादव विधानसभा अध्यक्ष सपा ने कहा की म्योरपुर मे ब्लाक मुख्यालय है इस प्रकार के खेल समय समय पर होने चाहिए खेल से शरीर स्वस्थ्य रहता है। इस लिए जरूरी है ऐसा आयोजन होता रहे मुख्य अतिथि दुद्धि विधायक प्रतिनिधि निरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की बॉलीबोल खेल का शुरूवात 1895 ई. को हुआ था यह खेल 1964 ई मे ओलम्पिक मे शामिल किया गया था। उन्होंने कहा प्रतिभा गाँव में ही है जरूरत है उन्हें निखारने की गाँव से ही निकल कर बच्चे जिला स्तर राज्य स्तर से राष्ट्रीय स्तर खेल सकते है कहा की हेल्थ इज वेल्थ स्वस्थ्य मनुष्य ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण करता है खेल से शारीरिक एव मानसिक विकास होता है ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल सामग्री के अभाव में आगे नहीं खेल पाते हैं ऐसा नहीं होने दिया जाएगा हर संभव उनकी मदद की जाएगी कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने खेल मैदान में एक हाल निर्माण एव एक हाई मार्क्स लाइट की मांग की जिसे सुन आश्वासन दिया जल्द ही आपकी मांगो को पूरा किया जायेगा।

विचार व संस्कृति का देश है भारतः विजय

आजमगढ़। जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में सोमवर को विकास भवन के सभागार में राष्ट्रीय एकीकरण योजना के अंतर्गत जिला एकीकरण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिपं अध्यक्ष विजय यादव ने समिति को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण/जिला एकीकरण की बैठकों से स्वतंत्रता संग्राम/ स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को इतिहास को जानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में कोई न कोई इतिहास जरूर बनाता है।

अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्म निरपेक्षता एवं लोकतंत्र की भावना बढ़ाने तथा सांप्रदायिक एकता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को निरंतर कायम रखने के लिए इस प्रकार की बैठक आयोजित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक विभिन्न धर्म, सभ्यताओं, विचार एवं संस्कृति का देश है, यहां सभी लोग आपस में भाईचारे की भावना एवं एकता के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि पूरा भारत घूम लिया जाए, तो पूरी दुनिया घूमने के बराबर होगा। श्री यादव ने कहा कि समिति एक ऐसा प्रस्ताव सभी जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श से तैयार करें, जिससे एक म्यूजियम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि म्यूजियम में जनपद के इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं महापुरुषों से संबंधित जानकारी को संरक्षित किया जाए। विधायक आलमबदी ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण समिति द्वारा संपन्न कराए जाने वाले कार्यक्रम तैयार किया जायें। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में जनपद की महान विभूतियों/स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जन्म दिवस मनाने की सूची प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण के संबंध में आज के युवाओं/छात्र-छात्राओं को जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल/कॉलेज में राष्ट्रीय एकीकरण के कार्य कराये जाएं। उन्होंने कहा कि सबका आदर करना ही सबसे बड़ी इबादत है। बैठक में परियोजना अधिकारी रिचा सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, कन्हैयालाल अनीश, जयप्रकाश नारायण, उमेर नकवी, रविंद्र नाथ राय तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभुनारायण पांडे प्रेमी ने किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

रेणुकूट/सोनभद्र।ग्रीनलैंड स्कूल में बहुप्रतीक्षित वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि सीआईएसएफ के उप कमांडेंट अशोक सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भगवद गीता के अठारह अध्यायों पर आधारित एक प्रेरणादायक नाटक रहा, जिसमें एक छात्र, राहुल के जीवन की घटनाओं को प्रस्तुत कर यह दशार्या गया कि गीता के उपदेश आधुनिक जीवन में कितने प्रासंगिक हैं। इस नाटक के माध्यम से राहुल और उसके मित्रों ने यह दशार्या कि कैसे इन शिक्षाओं को अपनाकर जीवन को संतुलित, सफल और आनंदमय बनाया जा सकता है। प्रधानाचार्या रीना सिंह ने कहा, यह प्रस्तुति हमें यह सिखाती है कि प्रत्येक कार्य को पूरे समर्पण, ईमानदारी और निष्काम भाव से करना चाहिए, बिना उसके परिणामों की चिंता किए। सावधानी, अनुशासन और आत्म-नियंत्रण का अभ्यास करके हम सच्ची सफलता और लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।ह्व इस आयोजन में नृत्य, संगीत, और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि जय राम सिंह ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा युवाओं के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विशिष्ट अतिथि अशोक सिंह ने विद्यालय द्वारा पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के समावेश की सराहना की, जिससे छात्रों को एक प्रभावी और नैतिक शिक्षा प्राप्त हो रही है। कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य आलोक श्रीवस्तव द्वारा आभार व्यक्त करते हुए किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

दवा खाने की अपील की

जौनपुर।केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार जे0पी0 नड्डा द्वारा सर्वजन दवा सेवा (एम0डी0ए0) प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण एनआईसी सभागार में वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से किया गया। जिसमें उनके द्वारा समस्त जनमानस से फाईलेरिया रोधी दवा सेवन करने की अपील की गयी। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी ने वर्चुअल मीटिंग उद्घाटन के बाद स्वंय दवा का सेवन किया एवं समस्त जनपदवासियों से दवा खाने की अपील की गयी।

पुलिस कस्टडी में युवक की हालत बिगड़ी

जौनपुर। जिले के सुरेरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर पट्टीकीरत राय गांव निवासी शमशेर सिद्दीकी उर्फ रोशन ने पुलिस कस्टडी में संदिग्ध हालत में विषाक्त पदार्थ खा लिया। थाने पर तैनात एक उप निरीक्षक पर जबरन विषाक्त पदार्थ खिलाने का पीड़ित युवक के परिजन आरोप लगा रहे है उसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर में चल रहा उपचार, स्थिति नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। बताते है कि इस बात की जानकारी जैसे ही पुलिस कस्टडी में पकड़े गये परिजनों को हुई तो वे बदहवास हालत में वहां पहुंचे। आरोप है कि पुलिस ने रोशन को थाने बुलाकर ले गई और कुछ देर सूचना मिली कि उसे न जाने कैसे जहर खिला दिया है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने पीड़ित युवक को सीएचसी ले गई जहां के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर किया है जहां डॉक्टरों ने पुलिस हिरासत में इलाज शुरू किया है।

परिसर में घुसकर खिड़की और कार को किया क्षतिग्रस्त

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिला चिकित्सालय के आवासीय परिसर में बीती रात तीन बजे घुसे अराजकतत्व ने परिसर में रह रहे कर्मियों में किसी का दरवाजा पीटा तो किसी की खिड़की तोड़ा। जब आवासीय परिसर में रह रहे लोगों ने शोर मचाया तो अराजकतत्वों ने परिसर में खड़े वाहनों में एक कार के शीशे को ईंट मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसकी सूचना कोतवाली थाना के भण्डारी पुलिस चैकी को दी गई। देर रात इस तरह की घटित घटना से सरकारी परिसर के आवास में रह रहे कर्मी भयभीत होकर अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे है। जिसके सम्बन्ध में परिसर में रह रहे लोगों ने चिकित्सालय में सुरक्षित व भय मुक्त होकर कार्य करने हेतु जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० कृष्ण कुमार राय को प्रार्थना पत्र सौपा है। चिकित्सालय में स्थित सरकारी परिसर में रह रहे एक कर्मी ने यह भी बताया है कि जब से नये आवास निर्माण के लिए पूराने जर्जर भवन को तोड़ा गया है तब से परिसर में बाहरी कुछलोग अपने वाहन को खड़ा करने लगे है जिसके कारण अब दिन आवासीय परिसर में बाहरी लोगों आना जाना लगा रहता है।

अभियान के तहत खिलाई जायेगी एलबेंडाजोल की दवाई

आजमगढ़। डीएम नवनीत सिंह चहल द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम फरवरी 2025 का उद्घाटन जीडी ग्लोबल स्कूल आजमगढ़ में किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम में 2173750 बच्चों को जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों एवं आगनवाड़ी केंद्र पर 10 फरवरी एवं मॉप अप दिवस 14 फरवरी को एलबेंडाजोल की दवाई खिलाई जाएगी। इससे एनीमिया नियंत्रण, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, समुदाय में कृमि संक्रमण के व्यापकता में कमी आदि फायदे होते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, बाल पुष्टाहार विभाग के अधिकारी, जीडी ग्लोबल स्कूल के प्रबंध, कार्यकारी निदेशक एवं प्रधानाचार्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाश्वत यादव एवं सौम्या सिंह द्वारा किया गया।

13 को महिलाओं की व्यथा सुनेंगी डॉ. प्रियंका

आजमगढ़। उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या 13 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महिलाओं की समस्याओं को सुनेंगी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला आयोग की सदस्यों द्वारा जन सुनवाई की जायेगी। किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नही हो रही है, तो वह दिनांक 13 फरवरी 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से पुलिस लाइन आजमगढ़ के सभागार में प्रारम्भ होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं, जिससे उसका उचित निराकरण किया जायेगा। तत्पश्चात महिला बंदी गृह, बालिका/महिला गृहों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

कार से टकराई महाकुंभ से लौट रही स्कॉर्पियो, 12 श्रद्धालु घायल

मीरजापुर। महाकुंभ मेला प्रयागराज से लौट रही स्नानार्थियों की स्कॉर्पियो व एक कार में सोमवार की भोर चार बजे आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों वाहनों में सवार 12 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया। हादसे में एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। अन्य घायल भी इलाज के लिए अन्यत्र चले गए।श्रद्धालु तीन दिन पूर्व गढ़वा, झारखंड से प्रयागराज संगम स्नान करने गए थे। सोमवार की भोर में विंध्याचल दर्शन कर वापस लौट रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो मिजार्पुर-सोनभद्र मार्ग पर लूसा गांव के पास झारखंड के सिमडेगा जिले से प्रयागराज जा रही एक कार से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियो में बैठे आठ लोगों में मनीता देवी (40), शिवम (26), साक्षी (27), मनोज (43), आशा (58), राजन (21), अंशु (18) निवासी गढ़वा, झारखंड व बोलेरो सवार संगम प्रयागराज जा रहे पांच लोगों में फूलमती (50), नंदकिशोर (40), राजेंद्र (50), राजन कुमार (35), कीर्ति देवी (27), वर्ष निवासी ग्राम बेलगा थाना जलेगा जिला सिमडेगा (झारखंड) घायल हो गए। चीख-पुकार पर शिखर ढाबा पर रुके दूसरे श्रद्धालुओं ने दौड़कर दोनों घायलों को वाहनों से बाहर निकाला। ढाबा के संचालक द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची राजगढ़ पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ एंबुलेंस के माध्यम से भिजवाकर भर्ती कराया। हादसे में एक महिला फुलमनी की हालत गंभीर होने व एक पैर टूट जाने पर उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य लोग सीएचसी राजगढ़ में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र चले गए। राजगढ़ में घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि सभी घायलों की स्थिति ठीक थी लेकिन एक महिला के सर में और पैर में अधिक चोट लग जाने के कारण उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजगढ़ महेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि दुर्घटना के सूचना पर मौके पर पहुंचकर घायलों को राजगढ़ अस्पताल भिजवाने के बाद बाधित मिजार्पुर-सोनभद्र मार्ग को दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को साइड करा कर रास्ता चालू कराया गया।

गुरुकुल एकेडमी का वार्षिकोत्सव समारोह आज

शाहगंज/सोनभद्र।स्थानीय बाजार में संचालित गुरुकुल एकेडमी के सरस्वती प्रांगण में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11फरवरी, मंगलवार को पूर्वाह्न 10 बजे से वार्षिकोत्सव एवं मां सरस्वती पूजन समारोह का आयोजन किया गया है।इसकी जानकारी विद्यालय के प्रबंधक नीलम गर्ग एवं शिक्षक राज कुमार नागर द्वारा दी गई है। इस समारोह में नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा विविध आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाने के अलावा प्रबंधन समिति द्वारा समाजसेवियों एवं पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

संक्षेप

हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निस्तारण पर मंथन

अयोध्या। जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह की अध्यक्षता में जनपद अयोध्या के हिट एण्ड रन के प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपजिलाधिकारी सदर/रुदौली/सोहावल/बीकापुर, मुख्य चिकित्साधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सी0ओ0 सदर, प्रबंधक ओरिएण्टल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड मौजूद रहे। जिला स्तरीय समिति द्वारा बैठक में हिट एण्ड रन के अन्तर्गत कुल प्राप्त 12 दावों पर विचारोपरान्त स्वीकार्य योग्य पाये गये है। हिट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति दिलाये जाने हेतु सुशील कुमार पुत्र स्व. सियाराम निवासी ग्राम बरईपारा सिधौना तहसील मिल्कीपुर, श्रीमती अमृता पत्नी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम मुमताजनगर तहसील सोहावल, श्री अरविन्द कुमार पुत्र श्री नन्कूराम निवासी मीरपुर कांटा तहसील सोहावल, श्रीमती राजरानी पत्नी मनीराम निवासी बहवरनगर नरौली तहसील रुदौली, श्रीमती शान्ती देवी पत्नी स्व. तहसील सोहावल जनपद अयोध्या को 02-02 लाख रुपए स्वीकृत किये जाने की संस्तुति प्रदान किये जाने पर समीक्षा की गई।

महात्मा बुद्ध कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निर्माण कार्यों की कृषि मंत्री ने की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने होटल पथिक निवास के सभागार में आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमार गंज अयोध्या के कुलपति प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी व लोक निर्माण विभाग सहित अन्य उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग उ0प्र0 सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में सोमवार को महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों के प्रगति संबंधी बैठक दौरान मैत्रेय परियोजना की कुल भूमि 195.82 एकड़ में से 145.82 एकड़ भूमि कृषि विश्व विद्यालय एवं 50.00 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को विकास हेतु हस्तानांतरित किए जाने/अनुमति प्रदान किए जाने संबंधी पत्र जो शासन स्तर पर लंबित है के संबंध जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा पूर्ण विवरण बताया गया।जिस पर मंत्री द्वारा शासन स्तर पर लंबित सभी कार्यों के निदान शीघ्र कर लिए जाने का आश्वासन दिया गया।कृषि विश्व विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा दौरान अद्यतन स्थिति की जानकारी संबंधित से की गई, परंतु निर्माण कार्यों में मंशा अनुरूप प्रगति नहीं पाए जाने पर कार्यों में तेजी लाएं जाने का निर्देश संबंधित को दिए गए। इस अवसर पर नक्शे के माध्यम से कृषि विश्व विद्यालय का अवलोकन किया गया। मंत्री के साथ जिलाधिकारी द्वारा आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई। जिस पर मंत्री ने कहा कि अड़चन वाले कार्य ही न किए जाएं उन्होंने इस कार्य हेतु प्राप्त बजट की भी जानकारी ली तथा शीघ्र ही 55 करोड़ का और बजट मिलने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि बजट की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

- कृषि विश्वविद्यालय के लिए पूर्व में 45 करोड़ तथा शीघ्र होंगे 55 करोड़ अवमुक्तः मंत्री
- कसया-देवरिया मार्ग बनेगा फोरलेनः सूर्य प्रताप शाही

कार्यदाई संस्था द्वारा लो लैंड पर मिट्टी भराई के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिए गए साथ ही उन्होंने कहा कि वर्षात आने से पूर्व ही जमीनी स्तर के सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

मंत्री निर्माण कार्य संबंधी किसी भी स्तर पर कोई समस्या आए तो जिलाधिकारी के साथ बैठक के माध्यम से निस्तारण करा लिए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिए।

मंत्री द्वारा अब तक हुए कार्यों की जानकारी भी ली गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिए गए। तत्पश्चात कसया- देवरिया मार्ग को फोरलेन बनाये जाने पर चर्चा की गई, उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से बातचीत होने की बात कही।

इसके लिए संबंधित लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ भी बातचीत हुई, उन्हें सभी आवश्यक निर्देश दिया गया।

इसके पूर्व जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, सीडीओ गुंजन द्विवेदी एवं कुलपति द्वारा मंत्री को बुके भेंटकर स्वागत भी किया।

इस मौके पर एसडीएम पारितोष मिश्र, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, सीओ कुंदन सिंह, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता डीके अहिरवार, अधि0 अभि0 लोक निर्माण, उप कृषि निदेशक आशीष कुमार,जिला कृषि अधिकारी डा. मेनका सिंह, लेखपाल निलेश रंजन राव, डा.शैलेंद्र दूबे सहित अन्य सभी संबंधित उपस्थित रहे।

एएसआई से लें अनापत्ति प्रमाण पत्रः कृषि मंत्री

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विश्वविद्यालय निर्माण स्थल पर पहुंचकर स्वीकृत डिजाइन को बने नक्शे से देखा। यहां उन्होंने कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों को निर्देशित किया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से जो अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए लेना है, वह पूरा कराएं। कुलपति प्रोफेसर बिजेंद्र सिंह ने मंत्री से एकेडमिक ब्लाक व निर्माण से संबंधित मुख्य बातें रखीं। इसको गंभीरता से लेते हुए मंत्री ने कार्यदाई संस्था के जेई श्यामाचरण शुक्ल व एक्सईएन को गुणवत्ता व मानक में कोई कमी नहीं किए जाने के लिए निर्देशित किया।

बच्चों को खिलायें कृमि मुक्ति की दवाः जिलाधिकारी

देवरिया। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सोमवार को जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के साथ के कृमि मुक्ति दवा (अल्बेंडाजोल) की खुराक खाकर अभियान का शुभारम्भ किया। अभियान के तहत एक से 19 वर्ष तक बच्चों व किशोर-किशोरियों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए कृमि मुक्त अभियान का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है।इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 फरवरी को जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। इसके तहत जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।जो बच्चे बीमारी या अन्य कारणों से छूट जाएंगे उन्हें 14 फरवरी को मॉप-अप राउंड के दौरान दवा खिलाए जाएगी। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि एक से 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिए वर्ष में दो बार अभियान चलाया जाता है।इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (10 फरवरी) के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृमि मुक्ति के लिए 17.13 लाख बच्चों व किशोरों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है।दवा खाने के बाद उल्टी दस्त या मिचलाने की समस्या हो तो घबराने की बात नहीं है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने बताया कि कृमि संक्रमण कुपोषण का एक बहुत बड़ा कारण है। पेट के कीड़े संक्रमित व्यक्ति के शरीर से पोषण लेते है , इसके कारण अच्छा पौष्टिक भोजन देने के बाद भी बच्चा कुपोषित रहता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी के अधिकारियों से अभियान में सहयोग करने व जनपदवासियों से बच्चों को अभियान के दौरान दवा खिलाने की अपील की है, कृमि मुक्ति अभियान बच्चों को स्वस्थ रखने की दिशा में एक कदम हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है।इस अभियान को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्कूलों के सहयोग से चलाया जायेगा। 01 से 05 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को, 6 से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों, ईट भट्टों पर कार्य करने वाले और घुमन्तू लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी।इसके अलावा सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों, मदरसों में शिक्षकों के माध्यम से और किशोर जुबेनाइल होम में प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से 06 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी।डीसीपीएम राजेश गुप्ता ने बताया कि अभियान के बाद 14 फरवरी को जनपद में मॉप अप राउंड चलाया जाएगा।

महालक्ष्मी आराधना से सर्वांगीण सुखः राघव ऋषि

देवरिया। ऋषि सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठ दिवस पूज्य राघव ऋषि जी ने कहा गोवर्धन लीला भक्ति बढ़ाने वाली लीला है। भक्ति को बढ़ाने के लिए कुछ समय पवित्र स्थल पर जाकर महालक्ष्मी आराधना करो तभी वे हमारी रक्षा करेंगी क्योंकि संसार गोवर्धन प्रभु के सहारे है। दुख में, विपत्ति में मात्र प्रभु का आश्रय लो सहारा लो। भक्ति बढ़ने पर रासलीला में प्रवेश मिलता है।रासलीला जीव और प्रभु के मिलन की लीला है।शुद्ध जीव का अर्थ है माया के आवरण से रहित जीव। ऐसे जीव का ब्रह्म से मिलन होता है।सम्पूर्ण भागवत में राधा शब्द का उल्लेख नहीं है क्योंकि वे शुकदेव जी की गुरु हैं। शुकदेव जी पूर्वजन्म में तोता थे भागवत में ₹श्रीशुक उवाच₹ लिखा है श्री अर्थ है राधा। श्रीशुक में गुरु और शिष्य दोनों का नाम छिपा है।केवल कृष्ण और शुकदेव के नाम के आगे ₹श्री₹ प्रयुक्त हुआ है। श्री अर्थात महालक्ष्मी। श्रीहरि का अर्थ है लक्ष्मीनारायण। संसार में सर्वांगीण सुख की प्राप्ति हेतु महालक्ष्मी आराधना आवश्यक है।यह आराधना भगवान शिव द्वारा प्रणीत है।महालक्ष्मी के कुल आठ स्वरुप हैं। जिसमें एक स्वरूप इस मृत्युलोक के लिए निर्धारित है। चार ग्रहों बुध, बृहस्पति, शुक्र व शनि का संचालन महालक्ष्मी करती हैं। इसी आराधना को भगवान श्रीराम व कृष्ण ने किया। आराधना का प्रारम्भ ₹श्रीदीक्षा₹ में श्रीमंत्र ग्रहण करने से होता है। प्रतिदिन सायं 7 बजे से ऋषिजी जनसामान्य को आराधना कराते हैं। इसी आराधना के बल पर कभी भारत ₹सोने की चिड़िया₹ के नाम से जाना जाता था। सौरभ ऋषि ने ₹सांवरिया ले चल परली पार₹ भजन गाया तो श्रद्धालुजन थिरकने लगे। रासलीला काम विजय लीला है। कौशिकी संहिता में वर्णन आता है कि वेद की एक लाख ऋचाएं ब्रह्मा के पास जाकर वे मुक्त होने के लिए प्रार्थना की। ब्रह्मा ने कमण्डल से जल निकाल कर उनपर छिड़का तो सभी गोपी रूप में परिणित हो गई।उन्हीं एक लाख ऋचा रूपी गोपियों ने भगवान का सानिध्य प्राप्त किया। गोपियों को अभिमान था कि उनकी साधना से भगवान उनके वश में हैं अतः भगवान बीच में ही अंतर्ध्यान हो गए। उनके विरह में गोपियों ने जो गीत गाया वह गोपीगीत के रूप में है। जीव का विरह गीत ही गोपीगीत है। मानव शरीर ही वृज है इसकी शोभा वस्त्राभूषणों से नहीं अपितु भक्ति से है। भक्ति निष्काम होगी तो भगवान नित्य सानिध्य देते हैं। अक्रूर प्रसंग की चर्चा करते हुए ऋषि जी ने कहा कि जो क्रूर है।वह भगवान को नहीं पाता बल्कि अक्रूर ही भगवान को पाता है। अपने कुटुम्ब के लिए कौआ, कुत्ता भी जीता है। परन्तु जो ईश्वर के लिए जीता है। उसी का जीवन सार्थक माना जाएगा। भोग व मोक्ष को देने वाली भगवती महालक्ष्मी हैं। प्रत्येक जीव को महालक्ष्मी आराधना करना अपेक्षित है।तभी कंस रूपी विपत्ति का नाश होगा। यदि समर्पण की भावना रहेगी तो रुक्मिणी रुपी भक्त का हरण तो भगवान ही करेंगे।सुदेव रुपी धर्मपारायण ब्राह्मण को माध्यम बनाएंगे तो जीव को भगवतप्राप्ति अवश्य होगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

अयोध्या। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को प्रस्तावित है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नांकित विषयों से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाएगा, जिसमें प्रि-लिटिगेशन-धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), अन्य (आपराधिक शमनीय, पारिवारिक एवं अन्य व्यवहार वाद), न्यायालय में लम्बित वाद (जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो)-आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंधित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले।

हाटा मदनी मस्जिद विध्वंस रोकने के लिए एस.सी. के अधिवक्ता ने डीएम को भेजा लीगल नोटिस

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। जिले के हाटा मदनी मस्जिद विध्वंस मामले को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अब्दुल कादिर अब्बासी, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड, भारत के द्वारा जिला मजिस्ट्रेट कुशीनगर को लीगल नोटिस जारी कर मस्जिद विध्वंस रोकने की मांग किया है।नोटिस में लिखा गया है कि मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व करते हुए, गेट नंबर 208, हाटा, कुशीनगर में स्थित मस्जिद के चल रहे विध्वंस के संबंध में आपको यह कानूनी नोटिस जारी करता हूं, और मांग करता हूं कि आप तुरंत आगे की किसी भी विध्वंस गतिविधि को रोकें।मेरे संज्ञान में आया है कि आपने जिला मजिस्ट्रेट के रूप में हाटा में मस्जिद को ध्वस्त करने का आदेश दिया है, इस तथ्य के बावजूद कि ऐसी कार्रवाई स्पष्ट रूप से सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और रिट याचिका सिविल संख्या 295/2022 में पारित निर्णयों का उल्लंघन है।इस संबंध में, आपको यह याद दिलाना उचित है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने लगातार धार्मिक पूजा के अधिकार और पूजा स्थलों को गैरकानूनी विनाश से बचाने का समर्थन किया है। हाटा में मस्जिद को ध्वस्त करने का कोई भी प्रयास सीधे तौर पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का उल्लंघन करता है और इस तरह, न केवल अवैध है बल्कि भारत के संविधान में निहित अधिकारों का गंभीर उल्लंघन भी है। इसलिए, मैं आपसे तत्काल कार्रवाई करने की मांग करता हूं।विध्वंस प्रक्रिया को तुरंत रोकें और सुनिश्चित करें कि हाटा में मस्जिद को और अधिक नुकसान न पहुंचे। मस्जिद परिसर की सुरक्षा सुनिश्चित करें और सुरक्षा सुनिश्चित करें।कृपया ध्यान दें कि यदि विध्वंस जारी रहता है, तो आपको सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवमानना ??के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदाई ठहराया जाएगा, और आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी, जिसमें मस्जिद की सुरक्षा के लिए उचित कानूनी उपाय तलाशना और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना ??कार्यवाही शुरू करना शामिल है। यह आपके लिए कानून का पालन करने और किसी भी गैरकानूनी कार्य को रोकने का अंतिम अवसर है जो धार्मिक भावनाओं को और अधिक नुकसान पहुंचा सकता है और हमारे संविधान द्वारा संरक्षित अधिकारों का उल्लंघन कर सकता है।हमें उम्मीद है कि आप जिम्मेदारी से काम करेंगे और आगे की कानूनी जटिलताओं से बचने के लिए विध्वंस को रोकेंगे।यह नोटिस गैरकानूनी कार्य को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अंतिम चेतावनी के रूप में कार्य करता है, जो हमें तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप करने के लिए मजबूर करेगा। कृपया इस मामले को अत्यंत तत्परता से निपटाएं।

कृषि को वैज्ञानिकता से जुड़ाव जरूरी :डॉ सिराज वजीह

समिति ने विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को किया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)

कुशीनगर। देश की कृषि व्यवस्था को वैज्ञानिकता से जोड़कर उसे आर्थिक समृद्धि के साथ ही देश की समृद्धि का आधार बनाया जा सकता है।इसके लिए जागरूकता तथा शिक्षा की आवश्यकता है। यह कहना है महात्मा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ सिराज वजीह का। डॉ वजीह पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति की ओर से दुदही बाजार में आयोजित कृषि एवं ग्रामीण विकास की चुनौतियां एंव शैक्षणिक विकास गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र, जहाँ देश की लगभग दो-तिहाई आबादी निवास करती है, जीवन स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण के मामले में महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि अलका त्रिपाठी लखनऊ ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित तथा उसके सापेक्ष कर्म ही सफलता सुनिश्चित करती है। वक्ताओं में पूर्व जज राजिंन्दन राय ने कार्यक्रम की महत्ता, शम्भू राय ने कृषि की जीवन में उपयोगिता, हरगोविंद मिश्रा ने पशुपालन तथा अनिता राय ने केले की खेती से बनने वाले विभिन्न उत्पाद उनकी वैज्ञानिक उपयोगिता पर अपने विचार रखे। राधेश्याम शुक्ला , अभिमन्यु प्रसाद, अरूणेंद्र राय, प्रहलाद केशरी आदि ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया।।

- पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का पांचवा अधिवेशन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के पूर्व निदेशक मथुरा राय ने कृषि को आधुनिक बनाने , पढ़े लिखे लोगो को खेती से जुड़ने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।जिसमें ई. विनय कुमार त्रिपाठी, सेवानिवृत अधिशासी अभियंता को उनकी दूरदर्शी, समर्पित एवं सहभागी जीवनशैली के लिए संस्था के षष्टम ₹राजदेव सिंह स्मृति दूरदर्शिता सम्मान, प्रोफेसर (डॉ०) शैल पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, दयानंद एंग्लो वैदिक डी ए वीं स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर को विज्ञान, शोध एवं शिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए संस्था के षष्टम ₹मौलश्री देवी गंगा गौरवी सम्मान , सुरेन्द्र सिंह, ग्राम मठियां माफी (डकही), दुदही, कुशीनगर को ग्रामीण शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान एवं अन्य सामाजिक कामों में सक्रीय भागीदारी तथा नेतृत्व प्रदान करने के लिए संस्था के षष्टम ₹विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान, आसमा परवीन, निवासी पिपरा मुस्तकिल को जनकल्याण एवं स्वच्छता-शिक्षा के लिए संस्था के षष्टम ₹पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान,रजनीश राय निवासी लतवा मुरलीधर, को ग्रामीण सामाजिक सरोकार, नवाचार एवं समावेशी पत्रकारिता के विश्वसनीय समाचारों के लिए संस्था के चतुर्थ ₹ग्रामीण पत्रकारिता सम्मान,राम प्रसाद यादव, निवासी मठही खुर्द, कठवरवा, रामकोला, (कुशीनगर) को विज्ञान शिक्षण के लिए संस्था के प्रथम ₹प्रोफेसर रवीन्द्र प्रताप राव विज्ञान सम्मान ,अजीम आलम, निवासी दुदही, कुशीनगर को मुसहर. बेटियों और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की पढाई में सहयोग एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए संस्था के द्वितीय ₹सतीश डालमिया स्मृति सम्मान दिया गया।इसके साथ ही बीस छात्र छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में पढ़ाई के लिये तीन तीन हजार का भागीदारी फेलोशिप भी दिया गया। संचालन डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रो राणा प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में अविनाश चन्द्र जायसवाल, (पत्रकार) उपेन्द्र प्रताप राय की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

भाजपा नेता शेखर जायसवाल की मनायी गयी दूसरी पुण्यतिथि

गोसाईंगंज-अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शेखर जायसवाल की दूसरी पुण्यतिथि उनके आवास सुभाष सदन पर मनाई गई। कार्यक्रम के तहत शांति हवन के पश्चात उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान लोगो ने उनके साथ बिताए गए क्षणों को याद करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।मालूम हो कि श्री जायसवाल एक बहुत ही मिलनसार व हंसमुख ब्यक्ति थे।सामाजिक कार्य चाहे रामलीला हो या कोई भी धार्मिक कार्य,उसमे उनकी बढ़चढ़ कर भागीदारी रहती थी।वह बहुत ही जुझारू नेता थे।नगर के विकास के लिये हमेशा चिंतन किया करते थे।उनके पिता सुभाषचन्द्र जायसवाल व उनकी माता तारादेवी जायसवाल लगातार तीन बार गोसाईंगंज नगर पंचायत की चेयरमैन रही है।वर्तमान में उनकी पत्नी डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल गोसाईंगंज नगर पंचायत की चेयरमैन है। उक्त कार्यक्रम में विद्यासागर जायसवाल,तवक्कल हुसैन,रामकुमार उपस्थित रहे।

पुलिस को सोशल मीडिया पर अभद्रता वायरल मामले में 3 गिरफ्तार

देवरिया। भलुअनी पुलिस ने सोशल मीडिया पर गाली देने का वीडियो वायरल होने के मामले में मुकदमा दर्ज कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पुलिस 3 बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।जिले के थाना भलुअनी क्षेत्र के कस्बा भलुअनी बाजार के मेन चौराहे पर कुछ लोगों में मारपीट हुई थी।इस मामले में सोशल मीडिया पर एक बाल अपचारी द्वारा गाली देने का वीडियो वायरल किया गया था।जिसके संबंध में आदित्य यादव पुत्र प्रेम शंकर यादव निवासी करौदी थाना भलुअनी की तहरीर के आधार पर थाना भलुअनी में कृष्णा सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी मरवटिया उपाध्याय थाना भलुअनी और 3 बाल अपचारी सहित 5 अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।पुलिस टीम ने अभियुक्त कृष्णा सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी मरवटिया उपाध्याय को गिरफ्तार किया है, साथ ही और 3 बाल अपचारियों को चिन्हित कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूछताछ के क्रम में पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों क्रमशः अम्बुज उर्फ आशीष विश्वकर्मा पुत्र दीनानाथ विश्वकर्मा निवासी कस्बा भलुअनी थाना भलुअनी और आदित्य मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा निवासी कस्बा भलुअनी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाई की जा रही है।

महिला ने लगाया पांच लोगों पर मारपीट का आरोप

भटनी(देवरिया) ।स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मखोर बाबू मे हुई मारपीट के मामले मे एक महिला ने थाने मे पाँच लोगो के विरुद्ध मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है ।घाँटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार थाने मे दिये गये तहरीर मे धर्मखोर बाबू निवासी संगीता देवी पत्नी अजय सिंह ने लिखा है कि मेरे ही पट्टीदार रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट के लिए तैयार हो जा रहे है ।गाली देते हुए रात के समय मेरी गाय को लाठी से मारकर घायल कर दिये । रास्ता भी रोक दिये है ।तहरीर मे महिला ने अपने पट्टीदारी के पाँच लोगो पर आरोप लगायी है ।

बताया गया कि पहले नलकूप को लेकर विवाद हुआ था ।अब रास्ते को लेकर विवाद हो गया ।इस घटना का एक विडियो भी वायरल हुआ है ।जिसमे बाईक धु धुकर जल रही है ।औरतों के चिल्लाने की भी आवाज आ रही है ।मामला थाने पर आया था ।दोनो पक्ष आपस मे बातचीत कर घर चला गया ।रात को बाईक मे आग लग गयी ।आग लगी या लगायी गयी ।जाँच का विषय है ।पुलिस मामले मे सक्रिय है सभी पहलुओं की जाँच मे लग गयी है ।

एक दिवसीय अप्रेन्टिस/रोजगार मेले का आयोजन

कुशीनगर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आलोक कुमार मौर्य ने बताया कि दिनांक 10.02.025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पडरौना कुशीनगर में एक दिवसीय अप्रेन्टिस/रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसने सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा विभिन्न पदो हेतु 115 प्रतिभागी अभ्यर्थियों में से 97 अभ्यर्थियों का चयन वेतनमान- 24450 रू० प्रतिमांह हेतु साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार प्लेसमेन्ट, प्रभारी श्रीमती प्रियम्बदा यादव, अनु० गौतम खरवार, जितेन्द्र कुमार उपाध्याय, आदि कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया गया शिक्षण संस्थान का स्वर्ण जयंती समारोह

देवरिया । अभयानन्द शिक्षण संस्थान शिवधारिया भलुअनी में आज विद्यालय के स्थापना के 50वें वर्ष पर स्वर्ण जयंती धूम धाम से मनाई गई ।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सतीश सिंह उप शिक्षा निदेशक गोरखपुर सप्तम मंडल गोरखपुर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवम माल्यार्पण कर किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि सतीश सिंह ने कहा कि केवल सपने देखने से मंजिल नहीं मिलती ।उसके लिए कठिन परिश्रम करना होता है ।बच्चो को देखकर अपना बचपन याद आ जाता है ।जब उमर हमारी छोटी थी अपनी स्व लिखित काव्य को सुनाकर बच्चो को लोट पोट कर दिया ।बच्चे ही देश के भविष्य है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि किसी भी कार्य को करने में हुनर की नितांत आवश्यकता है ।विद्यालय के बच्चो द्वारा जिस तरह से अपने कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा , स्वास्थ्य एवम भोजपुरी माटी से जुड़ी गीत ₹कैसे खेले जयबू सावन में कजरिया, बदरिया घेर आइल ननदी। गीत पर श्रोताओं ने खूब वाह वाही लूटी ।श्री सिंह ने यह भी कहा कि जिस विद्यालय के बच्चो ने कई घंटो अनुशासन में बैठ कर कार्यक्रम एवम वक्ताओं के विचार सुने वह अनुशासन की देन है ।इसके पूर्व विशिष्ठ अतिथि रामनरेश सिंह मंजुल ने कहा कि जो व्यक्ति कम से कम बोले वही सही वक्त है । श्री मंजुल ने कहा कि पिता द्वारा पीटा गया पुत्र, गुरु द्वारा पीटा गया शिष्य एवम सुनार द्वारा पीटा गया सोना में चमक होती है ।बच्चे अनुशासन के बल पर आगे बढ़े ।इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने संस्थापक प्रबंधक स्व राम अवध यादव की मूर्ति का अनावरण किया ।इसके पूर्व कार्यक्रम को टी पी सिंह, अखिलेंद्र शाही, गेनालाल यादव, मिथिलेश सिंह, शशिपाल राव, माधव सिंह, वकील सिंह, अशोक सिंह, नवनीत पाठक, प्रणव दुबे, काशी पति शुक्ल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्व डॉ रामअवध सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न किया गया । विद्यालय के कुल मुख्य रमेशचन्द्र सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । कार्यक्रम में जिले के दर्जनों प्रधानाचार्यों, पूर्व प्रधानाचार्यो ,शिक्षकों को सम्मानित किया गया । छात्राओं द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम के प्रति आभार इंजीनियर सतीश कुमार सिंह एवम संचालन राजेश कुमार जायसवाल ने किया ।इस अवसर पर पर जिले से सभी प्रधानाचार्य एवम क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक और छात्र/छात्राएं उपस्थित रही।

भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से राक्षसों का किया संहारः संत पवन शरण महाराज



देवरिया। बैतालपुर नगर पंचायत के हॉस्पिटल रोड स्थित पाण्डेय सदन पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पांचवें दिन कथावाचक संत पवन शरण महाराज(वृंदावन) ने गोवर्धन लीला के साथ भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर मंत्र मुग्ध हो गए। कथावाचक पवन शरण महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस की भेजें विभिन्न राक्षसों का संघार किया। वही ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के द्वारा गिरिराज पर्वत गोवर्धन को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस मौके पर भजन पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर अहंकार हो गया था जिसे दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज में इंद्र की पूजा बंद कराकर गोवर्धन की पूजा शुरू कर दी।इससे क्रोधित इंद्र ने ब्रज पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी त्रुटि का ज्ञान हुआ तथा वह भागते हुए भगवान श्री कृष्ण की शरण में आ गए एवं क्षमा याचना की ।कथा के दौरान यजमान डॉक्टर ए एन पाण्डेय, गीता पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, मंजू पाण्डेय, डॉ विकास पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, अवनीश मणि, ब्रह्मदेव यादव ,नित्यानंद पांडेय, दिनेश त्रिपाठी, बसंत मणि, अरविंद श्रीवास्तव, विजय सिंह, विजय वर्मा, शशि प्रकाश मल्ल, प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

अश्लील फोटो डालने पर पुलिस ने की कार्यवाही

पाटन, उन्नाव। व्हाट्सएप व फेसबुक में अश्लील फोटो डालने पर पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की है। मामला थाना बिहार के एक गांव का है जहां के नाबालिक पुत्री के पिता छोटेलाल ने प्रार्थना पत्र शिकायत की और बताया कि थाना मौरावा के गांव शिपुरी का निवासी मोनू पुत्र अज्ञात 7 फरवरी को मेरे घर आया घर में मेरी पुत्री अकेली थी हम लोग गांव में ही पड़ोस में एक शादी समारोह में चले गए थे इसी बीच उपरोक्त मोनू मेरी पुत्री के हाथ से मोबाइल छीन ले गया घटना की सूचना पीड़ित पिता द्वारा थाना बिहार में दी गई थी घटना के आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार बताया गया कि दोनों में लगभग 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था लड़के द्वारा अपनी जाति छुपा कर शादी करने की बात भी कही गई थी किंतु जानकारी होने पर दोनों के बीच संबंधों में खटास आ गई थी लड़की को बदनाम करने के इरादे से व्हाट्सएप व फेसबुक में उसकी अश्लील फोटो वायरल कर रहा था।

दुर्घटना में घायल अधेड़ की मौत

पाटन, उन्नाव। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ की गत दिवस मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पारिवारिक जनों ने थाना पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव रायबरेली राजमार्ग 31 पर 6 फरवरी को थाना बिहार के चिर्कदरपुर गांव के सामने मोटरसाइकिलों में आमने-सामने टक्कर हो गई थी जिसमें रईस नाथ उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र राजा राम नाथ निवासी नरहाबारी थाना शिवली कानपुर देहात जो अपने घर से रायबरेली को ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गया था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में उपचार हेतु ग्रामीणों की मदद से पहुंचाया गया था जहां स्थिति चिंताजनक देखते हुए जिला जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां से हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था जहां से परिवारीजन उसे आगरा ले गए किंतु हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे घर ले जाने की सलाह दी रविवार को उसकी मृत्यु हो गई घटना की सूचना विकास नाथ के भाई ने थाना बिहार में दी है।

कथा सुनने को जुट रहे श्रद्धालु

सीतापुर। उदासी बाबा आश्रम पीरपुर महोली में विश्व महायज्ञ चल रहा है। इस दौरान कथा का आयोजन किया जा रग है। कथा के दौरान कथा व्यास सोनू चंचल और परदेसी हिटलर ने कथा सुनाई।कथा के दौरान कहा कि मनुष्य को उसके कर्मों का फल अवश्य ही मिलता है। जैसे कर्म करोगे वैसा ही फल भगवान देगा। कथा व्यास परदेसी हिटलर ने रामचरितमानस कथा के दौरान कहा कि राम का नाम लेने से ही मनुष्य के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। शुद्ध भाव और सच्ची भक्ति मनुष्य के जीवन में प्रकाश लाती है। यज्ञ कार्यक्रम के अंतर्गत यज्ञ आचार्य पंडित अंकित मिश्रा, वैदिक आचार्य अभिषेक शास्त्री और हिमांशु शुक्ला ने हवन कुंड में भावभीनी आहुतियां दी। कथा समापन पर आरती के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया।

35 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

महमूदाबाद/सीतापुर।विद्युत बिल का बकाया न जमा करने पर काटे गए कनेक्शनों को बिना बिल जमा किए पुनः जोड़ने पर महमूदाबाद उप खंड कार्यालय क्षेत्र के चार विद्युत उपकेंद्रों के 35 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। महमूदाबाद उप खंड एसडीओ पवन मिश्र ने बताया कि अभियान के तहत बकाया विद्युत बिल जमा न करने वाले बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के कनेक्शन उच्चाधिकारियों के निर्देश पर काटे गए थे। सूचना मिली कि इसमें से बड़ी तादात में उपभोक्ताओं ने बिना बिल जमा किए कनेक्शन जोड़ लिए हैं। जांच के दौरान देवरिया व केदारपुर पावर हाउस में 12-12, महमूदाबाद देहात पावर हाउस क्षेत्र में आठ तथा महमूदाबाद नगर में तीन उपभोक्ता कनेक्शन काअे जाने के बाद बिना विद्युत बिल जमा किए पुनः कनेक्शन जोड़कर बिजली का उपयोग करते मिले। एसडीओ ने बताया कि सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

डिएक्टिवेटेड आईडी को एक्टिवेट कराने के लिए कार्रवाई करें

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी केन्द्रों पर लक्ष्य के अनुरूप आधार कार्ड बनाये जायें।

उन्होंने कहा कि सीएससी के माध्यम से विकास खण्ड स्तर पर भी आधार केन्द्र बनाये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी चिकित्सालयों में जन्म लेने वाले सभी बच्चों का आधार बनाने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। ग्राम पंचायत स्तर एवं नगरीय निकायों में भी समय से बच्चों के जन्म प्रमाण-पत्र जारी कराये जायें, जिससे वह आधार कार्ड समय से बनवा सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि डिएक्टिवेटेड आईडी को एक्टिवेट कराने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही बैंकों, आईपीपीबी एवं इण्डिया पोस्ट के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आधार कार्ड बनाये जाने की प्रगति में सुधार किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आधार अत्यन्त आवश्यक हैं, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके विभाग के आवंटित संसाधनों से अधिक से अधिक आधार कार्ड जारी कराये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आधार केन्द्रों पर आधार संबंधित विभिन्न सेवाओं हेतु देय शुल्क प्रदर्शित किया जाये एवं कोई भी केन्द्र निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि न ले, यह सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जेम पोर्टल से सुनिश्चित करायें सभी क्रय कार्य : डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला आयुष समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में संचालित

- डीएम की की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की बैठक संपन्न

आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में अवस्थापना एवं चिकित्सा सुविधाओं के विकास हेतु वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए जेम पोर्टल के माध्यम से सभी क्रय कार्य सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि क्रय कार्यों में गुणवत्ता एवं उपयोगिता का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के माध्यम से जनता को

बेहतर सुविधाएं एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा. अमित गुप्ता ने बताया कि चिकित्सालयों में रोगी पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त धनराशि के 50 प्रतिशत का उपयोग चिकित्सालयों में आवश्यक अवस्थापना एवं चिकित्सा सुविधाओं के विकास की सामग्रियों के क्रय हेतु जिला आयुष समिति के अनुमोदन से किए जाने का प्राविधान है। उन्होंने समिति के समक्ष क्रय हेतु प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान समिति के सदस्य एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में शिक्षण कार्य को और बेहतर बनाने पर दिया जोर

सीतापुर। कसमंडा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र नाथ प्रजापति ने कई बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में विद्यालय की साफ सफाई पर चर्चा की गई। एसएमसी खाते की धनराशि अहरित करने की प्रगति, आकलन के लिए तरीके पर रणनीति बनाई गई। कौशल निपुण बनाने पर चर्चा कक्षा कक्ष रूपांतरण एवं निपुण तालिका डायरी के नियमित प्रयोग पर चर्चा शिक्षकों की उपस्थिति एवं छात्र की उपस्थिति पर चर्चा की गई। डीबीटी एप से सभी बच्चों का सत्यापन करना व प्रेरणा पोर्टल पर पुस्तक वितरण फीडिंग की प्रगति को जाना गया। यू डाइस पोर्टल पर अपार आईडी बनाने के संबंध में समीक्षा ,ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर के सापेक्ष असंतृप्त पैरामीटर के संबंध में ग्राम पंचायत के कार्य योजना में सम्मिलित करने के स्थिति में कायाकल्प की सूचना भी निर्धारित प्रारूप पर हार्ड कॉपी में देना, डाइट प्रशिक्षण के द्वारा आकलन किए गए, शिक्षक संकुल लीडेड निपुण हुए विद्यालयों की सूचना उपलब्ध कराना , अपेक्षित शैक्षिक सुधार पर विशेष तरीके से चर्चाएँ की गई । एआरपी प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापिका सहित बीआरसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

पांच दिवसीय रोवर-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद/सीतापुर। फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महमूदाबाद में पांच दिवसीय रोवर-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सोमवार को प्राचार्या डा. सीमा सिंह द्वारा किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्या डा. सीमा सिंह ने की तथा सीतापुर जिला संगठन आयुक्त प्रीती मिश्रा कार्यक्रम में मुख्यरूप से मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने कहा कि सीमित संसाधनों में जीवन जीने की कला रोवर-रेंजर्स से सीखी जा सकती है। शिविरार्थियों को महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. सर्वेश मिश्र ने संबोधित करते हुए अनुशासित रहकर समाजसेवा करने की प्रेरणा दी। शिविर के रोवर प्रभारी डा. शिशिर श्रीवास्तव व रेंजर प्रभारी डा. दीपशिखा कार्तिक, सहायक प्रभारी डा. वंदना मिश्रा, प्रशिक्षक संजय कश्यप, रोहिणी यादव के निर्देशन में प्रशिक्षण शिविर का प्रथम दिवस संपन्न हुआ। महाविद्यालय में ध्वज स्थापना के साथ शिविरार्थियों को जीवन में अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

ग्रामीणों ने हमले से नाराज भेड़िया को पीट कर मार डाला

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लुकठहा निवासी कृष्णा पांडेय गांव में खेल रहा था। इसी बीच एक भेड़िया ने बच्चे पर हमला कर दिया। इसी बीच ग्रामीणों की नजर भेड़िया पर पड़ गई। ग्रामीण दौड़े तो भेड़िया पड़ोस के खेत में छिप गया। तब तक बच्चा घायल हो चुका था।

ग्रामीणों ने आनन-फानन में खेत की घेराबंदी की। इसके बाद ग्रामीणों ने भेड़िया को लाठी- डंडों से पीट-पीट कर मार डाला। भेड़िया के हमरा से घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अपने भगिनी भेड़िया के शव को कब्जे में लिया है। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

कठेरिया समाज के जिलाध्यक्ष ने बांटे कंबल

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कठेरिया समाज के जिलाध्यक्ष सर्वेश बंसल ने महोली क्षेत्र के 4 ग्राम पंचायत टिकरा सिंघौड़ा अम बिलिया गजपति पुर का भ्रमण किया। इस दौरान गरीबो को कंबल देकर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर दिलीप कुमार मिश्रा, अवधेश कुमार भार्गव, रामपाल गौतम, रमाकांत मिश्रा, सुरेश कुमार, महेश कुमार, विशुन दयाल शुक्ला, सतीश गौतम, अवधेश गौतम, सुरेश गौतम, धनपाल सिंह, अनूप सिंह, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।

97 बच्चों को दवा खिलायी एल्बेंण्डाजोल

जौनपुर। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा विकास खण्ड करंजाकला के प्राथमिक विद्यालय सिद्दीकपुर, में बच्चों को एल्बेंण्डाजोल की दवा खिलाकर, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का उद्घाटन किया गया। विद्यालय में कुल 97 बच्चों को दवा खिलायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कों निर्देशित किया कि समस्त निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में 06 से 19 वर्ष तक के सभी छात्रध्छात्राओं को तथा स्कूल न जाने वाले बच्चे एवं बच्चियों को आगनवाड़ी केन्द्रों पर एल्बेंण्डाजोल की दवा खिलाया जाना सुनिश्चित करें साथ ही समस्त जनपद एवं ब्लॉक के अधिकारी 1-1 स्कूल का भ्रमण कर अपने सामने बच्चों को दवा खिलायेंगें। कृमि मुक्ति दिवस अभियान के अन्तर्गत 01 से 19 वर्ष के आयु के सभी बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के लिये जनपद में कृमि मुक्ति अभियान का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है।इस वर्ष भी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाना है। अभियान में समस्त आगनवाड़ी केन्द्रों पर आगनवाड़ी कार्यकर्ती के माध्यम से एवं निजी, सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, मदरसों एवं केन्द्रीय विद्यालयों में सभी छात्रध्छात्राओं को अध्यापक के माध्यम से एल्बेण्डाजोल खिलाई जायेगी। जनपद में कुल 2391100 बच्चों (01 से 19 वर्ष) को एल्बेण्डाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य है।

कार्यकर्ता गांवों में कैम्प लगाकर मेम्बर बनायें

जौनपुर। रामनगर ब्लाक क्षेत्र के ईटायें बाजार अपना दल (एस) जफराबाद की मासिक बैठक हुई।बैठक की मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष (महिला मंच) संजू पटेल व विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल व जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रशेखर रहे । वक्ता राजेश तिवारी एवं अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष आशीष पटेल ने संचालन जमील शेख ने किया। संजू पटेल ने कहा संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को गांव में चैपाल लगाकर पार्टी का सदस्य बनाना होगा। लालबहादुर पटेल ने कहा पार्टी के अनुप्रिया पटेल के बिचारों को बताकर लोगों को पार्टी में जोड़े ।आशीष पटेल ने सभी नवनिर्वाचित सभी जिला पदाधिकारियों माला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे जिम्मेदारी मिली है उसे संगठन को जोंन सेक्टर बूथ तक पूरे विधानसभा को मजबूत किया जायेगा। बैठक में अनिल पटेल,रवि पटेल,पिंटू यादव, बबलू पटेल,राहुल पटेल, डॉ.उदय पटेल, विजय शर्मा, होरीलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

कस्बे में धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

जिला संवाददाता(vol)

महमूदबाद/सीतापुर। मुंडा गोपाल आश्रम में स्थापित होने वाली मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा कस्बे में धूमधाम से निकाली गई। करीब सात किमी लंबी शोभायात्रा में सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु शामिल रहे।

रंग गुलाल खेलते हुए श्रद्धालु जोरदार जयकारे लगा रहे थे। यात्रा कस्बे के विभिन्न प्रतिष्ठित मंदिरों का भ्रमण करते हुए मां संकटा देवी धाम पर समाप्त हुई जहां भक्तों ने पूजन अर्चन किया। महमूदाबाद सीमा के निकट बाराबंकी जनपद में स्थित मुंडा गोपाल आश्रम में करीब दो दर्जन से अधिक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है। आश्रम के महंत 1008 सत्यानंद महाराज की अगुवाई में सोमवार को मूर्तियों की भव्य शोभायात्रा मुंडा गोपाल आश्रम से शुरू हुई। महमूदाबाद-फतेहपुर मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा ने महमूदाबाद में प्रवेश किया। शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रालियों पर 25 देवी-देवताओं की मनोहारी प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं।

शोभायात्रा का नेतृत्व घुड़सवार दल कर रहा था। महमूदाबाद पहुंचने पर यात्रा का स्वागत सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन चेयरमैन आरके वाजपेयी की अगुवाई में हजारों की तादात में विद्यार्थियों ने पुष्प वर्षा कर किया। यात्रा रामकुंड चौराहे पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, रामजानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर होते हुए मां संकटा देवी धाम पहुंची जहां भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। सैकड़ों की तादाद में पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने कलश अपने सर पर सजा रखे थे। यात्रा में भक्त विभिन्न भक्ति गीतों पर झूमते और रंग गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। यात्रा में डा. रामकुमार गिरि, संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी विरल, समाजसेवी अतुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

ई लाटरी के माध्यम से किसानो को मिले कृषि यंत्र

उन्नाव। उप कृषि निदेशक शशांक ने बताया कि 10 फरवरी को जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति सदस्य सचिव जिला कृषि अधिकारी शशांक एवं जिला उद्यान अधिकारी प्रतिनिधि, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नव प्रभात रंजन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर रमेश चंद मौर्य एवं अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक प्रतिनिधि एवं नामित कृषक बृजेंद्र प्रताप सिंह, मुकेश कुमार सिंह एवं राकेश कुमार, अरविंद कुमार निषाद सेल्फ हेल्प ग्रुप से नीरज कुमार सिंह के समक्ष वर्ष 2024 -25 में सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैंकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चरल मैकेनइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट क्रॉप रेसिड्यू अंतर्गत अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु ऑनलाइन बुकिंग करने वाले लाभार्थियों का चयन इ लॉटरी के माध्यम से पन्नालाल सभागार में किया गया। उप कृषि निदेशक ने बताया कि मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत 135 यंत्रों के सापेक्ष कुल 135 कृषकों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया।

सपा पीडीए पंचायत के माध्यम से कर रही जनसंवाद

उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के द्वारा प्रतिदिन गांव -गांव में पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन संवाद का क्रम जारी है। इसी क्रम में आज सुमेरपुर ब्लॉक के गांव नयाखेड़ा, धनकोली, दुगार्गंज, पोरई में पीडीए पंचायतों का आयोजन किया गया। पीडीए पंचायतों में विचार व्यक्त करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा की पीडीए पंचायतों का उद्देश्य समाज के कमजोर तबके को एक जुट करके उनके अंदर यह विश्वास पैदा करना है कि आने वाले समय में आपके हक और अधिकार की लड़ाई को समाजवादी पार्टी और उसके नेता अखिलेश यादव और अधिक शक्ति से लड़ने का काम करेंगे। अखिलेश यादव का स्पष्ट कहना है कि देश संविधान की व्यवस्था से ही चलाया जा सकता है, सत्ता की लाठी से लोकतंत्र को कमजोर करने का जो मंसूबा सत्तारुढ दल ने पाला है उसे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता कभी पूरा नहीं होने देंगे। समाजवादी पार्टी का उद्देश्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है बल्कि सत्ता की ताकत का लाभ असल में अधिकार विहीन तबके तक पहुंचा कर उनके अंदर एक नई आशा का संचार करना है। संचालन समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश पासवान के द्वारा किया गया। मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रूप नारायण पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव, नारायण पाल, सत्येंद्र यादव, बिंदा प्रसाद लोधी, जुनैद खान, विजय यादव, श्रीराम पाल , मोहन लोधी, सानिध्यराज, अंकित चौरसिया, नागेंद्र सिंह, राजू यादव, धर्मेंद्र सिंह, शिव नरेश चौहान, दिनेश पटेल, महिपाल रावत, मनीष यादव, रूपेन्द्र सिंह, आशीष यादव, जितेंद्र सिंह, रोहित पासवान, बड़े सिंह, रवि पटेल, बाबूलाल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

गुरुदयाल आश्रम की भूमि बेचने के मामले में जांच की मांग

खैराबाद/सीतापुर। भुइयाँ ताली के खैराबाद के महंत बजरंग मुनि उदासीन ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर निष्पक्ष जांच करवाने को कहा है। उन्होंने पत्र में लिखा कि कुछ दिनों पूर्व पुरुषोत्तम दास चेला रामदास, श्यामनाथ मंदिर, सीतापुर का निवासी है, । जिसने अपने प्रार्थना-पत्र में गुरुदयाल दास आश्रम, कटरा बाजार, खैराबाद जिला- सीतापुर के महंत बबलू उर्फ दामोदर शरण दास के ऊपर आश्रम की लगभग 300 बीघा कृषि योग्य भूमि तथा बी०सी०एम० अस्पताल के पास की व्यवसायिक भूमि को धनाढ्य एवं दबंग मुस्लिमों के हाथों बहुत ही कम दामों में बेचने का आरोप लगाया है । उक्त प्रार्थना-पत्र में कहा गया है कि दामोदर शरण दास की दबंगई का आलम यह है कि जिला जज की अनुमति के बिना ही करोड़ों रुपये की भूमि का विक्रय किया गया है। जिसकी स्थिति बिना जांच के साफ नहीं हो पा रही है। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी प्रदेश भर में हिन्दू धर्म व तीर्थ स्थलों को मुस्लिमों के अवैध कब्जों से मुक्त कराने में लगे हुए हैं। वहीं पर दामोदर शरण दास आश्रम की जमीनों को, नियमों को ताक पर रखकर मुस्लिमों के हाथों खुलेआम बेच रहे हैं। उक्त के साथ ही पुरुषोत्तम दास ने बबलू उर्फ दामोदर शरण दास पर कई लड़कों के साथ अप्राकृतिक सम्बंध बनाने के आरोप भी लगाये हैं। उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए बबलू उर्फ दामोदर शरण दास पर पुरुषोत्तम दास द्वारा लगाये गये आरोपों की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई करें।

बच्चों को पिलाई गयी दवा

सीतापुर। पिसावा क्षेत्र मे आंगनबाड़ी और आशा बहू ओं द्वारा नेरी प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को एलमिंडा जोल दवाई बच्चों को पिलाई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी के निर्देश पर आंगनवाड़ी और आशा बहू द्वारा इन विद्यालय में जाकर दवा पिलाई गई। विद्यालय में प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, नेहा राठी, अतुल कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

सरकारी सस्ते गल्ले की खुली बैठक कोरम पूरा नहीं होने के चलते स्थगित

महमूदाबाद/सीतापुर। विकासखंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत खुरवल में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन के लिए सोमवार को आयोजित खुली बैठक कोरम पूरा नहीं होने के चलते स्थगित कर दी गई। डीएम के आदेश पर सोमवार को कोटेदार का चयन किया जाना था। इसकी सूचना ग्राम सचिव बृजेश यादव ने गांव के सभी मजरों में मुनादी करवाकर दी थी। एडीओ पंचायत रामवीर वर्मा व सचिव बृजेश यादव चुनाव कराने के लिए मौके पर पहुंचे। सोमवार की दोपहर 12 बजे तक 100 लोग ही खुली बैठक में पहुंचे, जिसके चलते एडीओ पंचायत रामवीर वर्मा ने कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दी। बताया कि ग्राम सभा के मतदाताओं की संख्या के सापेक्ष करीब दो तिहाई लोगों की उपस्थिति अनिवार्य है। मतदाताओं की उपस्थिति कम होने पर कोरम नहीं पूरा हो सका। कोरम पूरा न होने के चलते कोटेदार के चयन की प्रक्रिया को स्थगित किया जा रहा है, अगली बैठक 27 फरवरी को दोबारा की जाएगी, अगर कोरम पूरा होता है तो चुनाव की प्रक्रिया पूरी करा दी जाएगी। मालूम हो कि ग्राम पंचायत खुरवल के कोटेदार रामेश्वर गुप्ता का आठ माह पहले लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था ।जिसके बाद से कोटे की दुकान रिक्त थी। इस मौके पर प्रधान पुत्र मो. आरिफ, क्षेत्र पंचायत सदस्य अतुल कुमार श्रीवास्तव, रिजवान अंसारी, रऊफ खां, राजू, शिवकुमार श्रीवास्तव, गुड्डू, लल्लन, रामलाल गौतम, अंजुम अंसारी, पूर्व प्रधान रफीक राइन, आमीन, अय्यूब सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

हाईटेंशन लाइन से मजदूर झुलसा अस्पताल ले जाते समय मौत

सीतापुर। थाना रेउसा क्षेत्र में एक हादसे में 28 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना फुकना पुरवा मजरा सेवता में हुई, जहां स्लैब डालने के काम के दौरान हाईटेंशन लाइन से संपर्क होने से मजदूर बुरी तरह झुलस गया। मृतक की पहचान अवध राम के रूप में हुई है, जो खरहरा थाना रेउसा का निवासी था। वह सम्बारी चैहान के घर पर स्लैब डालने का काम कर रहा था। दुर्घटना उस समय हुई जब मसाला चढ़ाने वाली मशीन को सेट करते वक्त पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से मशीन का संपर्क हो गया। इस हादसे में अवध राम गंभीर रूप से झुलस गए। घायल अवध राम को तत्काल अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों की लिखित शिकायत के आधार पर रेउसा पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन बिलख-बिलख कर रो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

आजमगढ़ ने लगातार दूसरी बार जीता 40वां अंतर्राज्यीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट

लिलासी,सोनभद्र। खेल प्रेमियों के उत्साह और रोमांच से भरपूर 40वीं अंतर्राज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जहां आजमगढ़ की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जे एम डी दिल्ली को हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। राजा चंडोल इंटर कॉलेज लिलासी में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के प्रदेश उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार ने किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और कर्मा नृत्य की प्रस्तुति देकर अद्भुत सांस्कृतिक रंग बिखेरा। इस वर्ष की प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों (34 ग्रामीण और 8 शहरी) ने हिस्सा लिया, जिनमें से चिल्काताड़ और प्रकाश पॉली क्लिनिक रॉबर्ट्सगंज के बीच खेले गए ग्रामीण फाइनल में रॉबर्ट्सगंज विजेता बना। दूसरे दिन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोंड की मौजूदगी में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। पहले दिन के सेमीफाइनल मुकाबले में सोन प्रभात न्यूज द्वारा प्रायोजित तुलापुर/मिजार्पुर और करण मिष्ठान भंडार द्वारा प्रायोजित आजमगढ़ की टीम के बीच मुकाबला हुआ। आजमगढ़ ने दोनों सेटों में शानदार खेल दिखाते हुए तुलापुर को 25/21 और 25/17 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में ग्राम प्रधान मधुवन बफीर्लाल द्वारा प्रायोजित टीम जे एम डी दिल्ली ने प्रकाश पॉली क्लिनिक राबर्ट्सगंज को 25/14 और 25/19 से हराया। पहले सेमीफाइनल में आजमगढ़ ने तुलापुर/मिजार्पुर को 25/21 और 25/17 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में जे एम डी दिल्ली ने प्रकाश पॉली क्लिनिक रॉबर्ट्सगंज को 25/14 और 25/19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में आजमगढ़ ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए जे एम डी दिल्ली को सीधे सेटों में 25/19 और 25/22 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबला जबरदस्त रोमांचक रहा, जिसमें आजमगढ़ ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए जे एम डी दिल्ली को 25/19 और 25/22 से हराया और लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का तमगा हासिल किया।

संक्षेप

खड़े ट्रक में घुसी कार, एक की मौत, दो गंभीर

बांदा। प्रयागराज से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खड़े ट्रक से टकरा गयी। जिसमें कार चालक की मौत हो गयी तथा दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। बबेरू थाना क्षेत्र के बंशीपुरवा मोड़ के पास दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। आगरा जनपद निवासी प्रियांशु अपने परिवार के साथ महाकुंभ प्रयागराज से स्नान कर घर वापस लौट रहा था। सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी वैगनआर कार जा टकराई। कार चला रहे प्रियांशु की मौके पर ही मौत हो गयी और कार क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर कार के अंदर फंसी दो महिलाओं को निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। कार चालक का शव पोस्टमार्टम के लिए भजा गया है। बताते चलें कि कानपुर-फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी जाम के चलते श्रद्धालु बांदा से होकर निकल रहे हैं। सीओ सिटी राजीव प्रताप ने बताया कि दोनो महिलाओं की हालत गंभीर है जिनका उपचार कराया जा रहा है।

सिंचाई बंधु की बैठक आज

बांदा। आगामी 11 फरवरी को सिंचाई बंधु समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता केन नहर प्रखंड अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सिंचाई बंधु समिति के लिए नामित उपाध्यक्ष बलवान सिंह की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी। जिले के सभी किसान बंधुओं से अपील की जाती है कि सिंचाई से संबंधित समस्याओं के निराकरण एवं सुझाव के लिए होने वाली बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें ताकि सिंचाई से होने वाली समस्याओं का समाधान किया जा सके।

नवजात सड़क किनारे मिला

ललितपुर। जाखलौन कस्बे की कोतवाली से कुछ ही दूर छियोला माइनर में नवजात भ्रूण का शव मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी ने लोकलाज के भय से मुख्य सड़क से बाएं तरफ स्थित सरदार पटेल स्टेडियम के नजदीक नवजात भ्रूण को बोरे में बंद कर माइनर में फेंक दिया। खेतों पर जा रहे लोगों ने जब बोरी में देखा तो उन्हें शंका हुई। जानकारी करने पर पता चला की बोरी में नवजात शिशु फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आए दिन होने वाली इन घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्र भी अछूते नहीं रहे हैं। इस तरह की घटनाएं समाज के वातावरण को प्रदूषित कर रही हैं। जिस मार्ग से शिशु को फेंकने वाले लोग गए हैं। वहां कई सीसीटीवी कैमरे में उनकी वीडियो जानकारी करने पर प्राप्त हो सकती है। लोगों की भीड़ घटना स्थल पर एकत्रित हो गई और लोगों ने घटना का खुलासा करने की मांग की है। पूर्व में कस्बा बांसी में भी हाइवे किनारे सड़क पर पूर्ण भ्रूण पड़ा मिला था, जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

हाईटेंशन तारों में लगी आग

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती के पास लेडिपुरा में सोमवार को अपराह्न हाईटेंशन तारों में आग लग गयी। आग लगने से पूरे मोहल्ले में हड़कम्प मच गया। आग लगने के बाद तारों से पटाखों की तरह आवाजें आती रहीं और तार टूटकर नीचे गिर गया, जिससे मौके पर भगदड़ मच गयी।

लोगों ने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति को बंद किया गया। बताया जा रहा है कि जिस समय यह घटना हुयी, तब बच्चों के स्कूल से आने का समय था। गनीमत रही कि लोगों ने मौके पर सतर्कता दिखायी। अन्यथा किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

मित्र को दिया दगा, अब भुगतना होगा मुकदमा

आगरा। चैक डिसऑनर होने के मामले में आरोपित दुर्गेश निवासी न्यू आगरा को एसीजेएम 9 माननीय मोहित कुमार प्रजापति ने मुकदमे के विचारण हेतु अदालत में तलब करने के आदेश दिये। मामले के अनुसार वादी मुकदमा आशीष बघेल एवं आरोपी दुर्गेश के मध्य वर्षों से मित्रता थी।

वर्ष 2019 के दिसम्बर माह में आरोपी ने वादी से 3 लाख रुपये उधार ले एक वर्ष में चुकाने का वायदा किया था। एक वर्ष की अवधि समाप्त हो जाने पर वादी द्वारा तगादा करने पर आरोपी टालता रहा।

एल्बेंडाजोल दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं: सीएमओ

जिला संवाददाता(vol)

● राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल

ललितपुर। सिविल लाइन स्थित अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का विधिवत उद्घाटन पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. इम्तियाज अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सीएमओ ने बताया कि एल्बेंडाजोल के सेवन से कृमि संक्रमण से बचाव होता है। यह दवा पूर्ण रूप से सुरक्षित व इसका कोई दुष्प्रभाव नही है तथा उन्होंने बेहिचक दवा का सेवन करने का जनपद के सभी बच्चों से आह्वान किया। डीपीओ रजिया फिरोज ने बताया कि बच्चों के पेट में कीड़े होने से शरीर में खून की कमी हो जाती है तथा शरीर में कुपोषण हो सकता है। सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक गणेश तेनगुरिया ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों, निजी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पेट के कीड़े निकालने के लिये यह दवा खिलाई जा रही है। बड़े बच्चों को दवा चबाकर एवं छोटे बच्चों को चूरा बनाकर पानी के साथ खिलाया जायेगा। इस दवा का कोई साइड इफेक्ट नही है तथा इससे पेट में कीड़े ज्यादा होने पर उल्टी-मिचली महसूस हो सकती है, जोकि एक सामान्य प्रक्रिया है। दवा खाने के थोड़ी देर बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। इस दौरान प्रतिरक्षण अधिकारी डा.शिवप्रकाश ने सभी बच्चों को कृमि के पेट में पलने की प्रक्रिया के बारे में तथा उसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया। पंचायत अध्यक्ष ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुये सभी बच्चों को स्वास्थ्य रहने और कृमि से लड़? के लिये वर्ष में दो बार एल्बेंडाजोल की दवा खाने के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान फॉदर पीटर सिल्वेस्टर, सिस्टर शैलजा, अंजलि नायक, प्रीति लाल, मोहित जैन, प्राची साहू, अशोक मैत्रेरे, अजित नापित उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत हेड ब्वाय पार्थ चैबे एवं हेड गर्ल अनुष्का ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डा.हुसैन खान, डा.राजेश भारती, रविशंकर झा, डा.सुखदेव पंकज, डा.रूद्र बुन्देला, डा.तारिक अंसारी व एनडीडी कार्डिनेटर जयेश बादल आदि उपस्थित थे।

ट्रेनों में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी

● पंजाब मेल में सफर कर रही महिला यात्री का बैग चोरी का प्रयास
● शोरगुल होने पर कोच में ही बैग छोड़कर भागा बदमाश
● आखिर क्यों नहीं थम रहीं ट्रेनों में चोरी की घटनाएं

ललितपुर। विगत चार माह से लगातार ग्वालियर से ललितपुर के बीच चलने वाली टेनों में चोरियों की घटनाएं आम बात होती जा रही हैं। ग्वालियर से झांसी एवं झांसी से ललितपुर के बीच लगातार टेन्ों के अंदर चोरियां होने से ट्रेनों में चलने वाली पुलिस स्कॉर्ड एवं आरपीएफ एवं जीआरपी की नाकामी साफ जाहिर हो रही है, और यात्री अपने धन एवं कीमती वस्तुओं के चोरी होने का गम लेकर अपने गंतव्य रवाना हो रहे हैं। महाराष्ट्र के 502 ज्योति कॉम्प्लेक्स, संतोष नगर मुम्बई, दिन्दोशी, बरिहान मुम्बई शहर की रहने वाली नेहा चतुर्वेदी पत्नी निखिल चतुर्वेदी ने ललितपुर जीआरपी पुलिस को अवगत कराया कि बीती 25 जनवरी 2025 को रात करीब 12 बजे मध्य प्रदेश के जिला दतिया अन्तर्गत कस्बा डबरा से मुम्बई के लिए ट्रेन संख्या 12138 पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नम्बर ए-1 बर्थ संख्या 36 पर यात्रा कर रही थीं। बताया कि यात्रा के दौरान वह अपना पिड्डू बैग कोच में बने टेबल के ऊपर रखकर सीट पर लेटी थी। ललितपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलते ही एक अज्ञात व्यक्ति अचानक से आया और उसका पिड्डू बैग उठाकर चोरी करने की नीयत से भागने लगा। तभी उसके व यात्रियों के शोरगुल मचाने पर बैग को कोच में ही छोड़कर भाग गया। बताया कि उसने बैग उठाकर देखा तो सामान बैग में था। मामले की सूचना उनके द्वारा रेलवे हेल्प लाइन नम्बर 139 पर दर्ज करायी। पुलिस ने नेहा चतुर्वेदी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) व 62 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। अभी दो दिनों पूर्व ही मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर अंतर्गत नाका छत्रसालपुरा में रहने वाली पूजा अनुरागी पत्नी अमरजीत अनुरागी ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह ट्रेन संख्या 11842 गीता जयन्ती एक्सप्रेस के कोच संख्या एे-1 के बर्थ संख्या 33 पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से छतरपुर तक के लिए यात्रा कर रही थी। बताया कि 7 फरवरी को वह ग्वालियर रेलवे स्टेशन से निकलते ही सो गयी। करीब 10 मिनिट बाद जब उसकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका पर्स चोरी हो गया। बताया कि पर्स में उसका लेनवो टेबलेट, ओप्फो फोन, सोने का मंगलसूत्र, चार चांदी की अंगूठी, तीन चांदी की चूड़ि?ं, चांदी की पायल व 3500 रुपये नकद थे। जीआरपी ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। इधर उत्तर प्रदेश के जिला गोरखपुर अंतर्गत तिवारीपुर के 52 एल मोहल्ला घोसीपुर निवासी नइयर जमाल ने जीआरपी को बताया कि वह ट्रेन संख्या 15029 गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की बर्थ संख्या 19, 20, 21 में बैठकर गोरखपुर से पुणे की यात्रा परिवार के साथ कर रहा था। बताया कि उसकी पत्नी शबनम जमाल ने अपना लेडीज पर्स कोच में बनी खूंटी पर टांग कर रखा था और वह अपनी सीट पर सो रही थी। सुबह करीब 8 बजे जब उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका पर्स गायब था। नइयर ने बताया कि उसकी पत्नी के पर्स में 12 हजार रुपये की नकदी, दो चश्मा, एक घटी फास्ट ट्रेक कम्पनी ब्राउन पर्स, दवा, आधार कार्ड, यात्रा टिकिट इत्यादि के साथ परिवार पुस्तिका रेल विभाग का रखा था। यात्रा के दौरा उसकी पत्नी का पर्स अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया है। पीड़ित ने पत्नी के पर्स चोरी की शिकायत रेलवे हेल्प लाइन नम्बर 139 पर भी दर्ज करायी। जीआरपी ने नइयर की सूचना पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया था।

स्वच्छ रहकर अपने पर्यावरण को भी रखें स्वच्छता से भरपूर

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया एवं नशा मुक्ति की शपथ ली। महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.आशा साहू ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से बीमारियों का खतरा काम होता है। सभी को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं अपने आसपास पर्यावरण को भी स्वच्छ रखना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डा.बलराम द्विवेदी ने स्वयंसेवकों को कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ हमारे युवा पीढ़ी को नशा से भी दूर रहना चाहिए नशा से बहुत नुकसान होता है। कृषि संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.संतोष सिंह ने कहा कि हम सभी लोगों को अच्छा भोजन लेना चाहिए जिससे हम सभी स्वस्थ रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने स्वयं सेवकों को एक दिवसीय शिविर के महत्वपूर्ण कार्य बताएं एवं सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की संचालन स्वयंसेवक सचेंद्र एवं आभार स्वयं सेवक अंशुमान ने किया।

अपहरण एवं हत्या के 6 आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

आगरा। अपहरण कर हत्या के मामले में एक महिला सहित 6 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में एडीजे 16 माननीय अपूर्व सिंह ने घटना के 18 वर्ष बाद बरी करने के आदेश दिये। थाना खेरागढ़ में दर्ज मामले के अनुसार वादी मुकदमा सतीश चन्द द्वारा 25 अगस्त 2007 को थाने पर तहरीर दें आरोप लगाया कि उसके पिता तीन माह पूर्व लापता हो जाने पर उसनें संभावित स्थानों पर उनकीं तलाश की। परन्तु उनका कोई पता नहीं लगा। बाद में उसे पता लगा कि 4 जून 2007 को उसके पिता दीप चन्द का अपहरण कर उनके खेत का आरोपियों ने बैनामा करा उन्हें गायब कर हत्या कर दी है। वादी ने आरोपियों मुकेश, नरेश, गंगा प्रसाद, श्रीमती मुन्नी देवी, रमाशंकर एवं शिवकुमार के विरुद्ध अपने पिता दीप चन्द के अपहरण उपरांत हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। अभियोजन की तरफ से उक्त मामले में वादी सहित दस गवाह अदालत में पेश हुये, साक्ष्य की कड़ियाँ आपस में नहीं जुड़ने मृतक की लाश की बरामदगी नहीं होने एवं आरोपियों के अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह के तर्क पर आरोपियों को बरी करने के आदेश दिये

लागौन ग्राम समूह पेयजल योजना के बख्तर, भौंसिल और पिपरा ग्राम में जलापूर्ति का हुआ निरीक्षण

● योजना में कुल 51 ग्रामों में किया गया है सम्मिलित, स्वच्छ जल पाकर ग्रामीण हो रहे खुश

ललितपुर। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव द्वारा अधिशाषी अभियंता जलनिगम अवनीश सिंह के साथ सोमवार को लागौन ग्राम समूह पेयजल योजना जोन-10 करगन टंकी के अन्तर्गत बख्तर ग्राम, जोन-11 अंधेर टंकी के अन्तर्गत भौंसिल ग्राम एवं जोन-06 रायपुर टंकी के अन्तर्गत पिपरा ग्राम, का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ सहायक अभियन्ता एसडब्ल्यूएसएम टीम लीडर पी०एम०सी०, डी०पी०एम० टी०पी०आई० एवं कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक साथ रहे। योजना में कुल 51 ग्राम सम्मिलित है। इस योजना के अन्तर्गत एक इंटेक वेल एलएलडी एवं, डब्ल्यूटीपी, सीडब्ल्यूआर आदि का निर्माण किया गया है एवं प्रस्तावित पाइप लाइन 174.1 कि.मी. बिछाये जाने के सापेक्ष 174.1 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। लागौन ग्राम समूह पेयजल योजना के जोन-10 करगन टंकी के अन्तर्गत बख्तर ग्राम का निरीक्षण किया गया एवं पाया गया कि प्रत्येक घर में गृह संयोजन घर के अन्दर किये गये है और पर्याप्त प्रेशर के साथ जलापूर्ति कि जा रही है। जल कि गुणवत्ता कि जांच के लिए एफटीके से प्रशिक्षित महिलाओं ने उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्कूल के विद्यार्थियों एवं अपर जिलाधिकारी के समक्ष मानकों के अनुसार जल कि जांच कि। स्कूल के अध्यापक द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कि जा रही जलापूर्ति के जल को बच्चों के समक्ष पीकर उन्हें जल को पीने के लिए प्रेरित किया। जल निगम के अन्य अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि अपने-अपने घरों में किये गृह संयोजन में पानी भर जाने के बाद टोंटी बंद कर दे, टोंटी को क्षतिग्रस्त नहीं करें और किये जा रहे जलापूर्ति का प्रयोग पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था कि मरम्मत करने वाली टीम भी साथ रही और कुछ कनेक्शनों कि मरम्मत भी करायी एवं घर के अन्दर गृह संयोजन भी किये गये। तत्पश्चात अपर जिलाधिकारी द्वारा जोन-11 अंधेर टंकी के अन्तर्गत भौंसिल ग्राम का निरीक्षण किया गया और पाया गया कि ग्राम में जलापूर्ति हो रही है एवं अधिकतर गृह संयोजन घर के अन्दर है। अपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्रामवासियों को बताया गया कि गृह संयोजन का संरक्षण करें, किये जा रहे जलापूर्ति का प्रयोग पीने, खाना बनाने में उपयोग करे पानी को बर्बाद होने से बचायें एवं पानी का सदुपयोग करें।

कृमि मुक्त दिवस, डीएम ने बच्चों को दवा खिलाकर की शुरुआत

बांदा। राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस के अवसर पर विद्यावती निगम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जे० रीभा ने किया। उनकी उपस्थिति में बच्चों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए 200 एमजी की टैबलेट खिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण होने वाली बीमारी के बारे में जानकारी दी गयी। विद्यालय के छात्रों ने जिलाधिकारी का गरमजोशी से स्वागत किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड से बचना चाहिए। हरी सब्जी, फल और पोषणयुक्त भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। विद्यालय के निदेशक ने बताया कि विद्यालय में नियमित रूप से टिफिन बॉक्स की जांच की जाती है। कार्यक्रम की शुरुआत में केसीएनआईटी ग्रुप के संस्थापक अरूण निगम ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि विद्यालय बच्चों के उज्वल भविष्य के साथ उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर कार्यरत है और आगे करता रहेगा।

एक दिवसीय रोजगार मेला 12 को

बांदा। निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा कार्यालय परिसर बंगालीपुरा प्रधान डाक घर के सामने 12 फरवरी बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है। जो प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। जिसमें विभिन्न कंपनियों पदों हेतु साक्षात्कार के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला सेवा योजन अधिकारी मोहित जैसवाल ने बताया कि इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों तथा मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी सभी शैक्षिक योग्यता की छाया प्रतियां और फोटो लाएं। अभ्यर्थी इस मौके का लाभ जरूर उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में सेवायोजित हों।

अमेरिका का दुर्व्यवहार, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बांदा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कमेटी के तत्वाधान में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपाल को ज्ञापन सौंपा गया। बताते चलें कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार दुबे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं ने जिलाधिकारी से भेंट कर केन्द्र सरकार से मांग की, कि अमेरिका में भारतीय प्रवासियों के साथ जिस प्रकार का अत्याचार किया गया है। हथकड़ी डालकर उन्हे भारत भेजा गया। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़े शब्दों में निंदा करती है। वर्तमान सरकार से मांग करती है कि इस बारे में अमेरिका से खुली बात कर देशवासियों के सम्मान लाया जाए और उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच करायी जाए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफशाना शाह ने केन्द्र सरकार की जमकर आलोचना की और कहा कि भारतीय प्रवासियों को कई घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया और उन्हें भोजन तक सुलभ नहीं कराया गया। पूर्व प्रदेश महामंत्री अखिलेश शुक्ला ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार नियमों का उल्लंघन है। जिसका हम सभी कांग्रेस जन विरोध करते हैं। इस मौके पर सत्य प्रकाश द्विवेदी, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, पवन देवी कोरी, धर्मेश सिंह, बलदेव प्रसाद, छेदीलाल धुरिया, के पी सिंह, जितेन्द्र गौरव, गेंदा यादव, सब्बीर सुकदेव गांधी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

गुम हुए मोबाइल पाकर चमके चेहरे

● तेईस लाख रुपये के 131 फोन्स पुलिस ने किये बरामद

ललितपुर। सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्यवाही में बरामद किये गये करीब 23 लाख रुपये कीमत के 131 मोबाइल फोन्स जो कि बरामद किये गये हैं को उनके स्वामियों को सुपुर्द किये गये। वर्षों से खोए मोबाइलों को पाकर लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि खोए हुए इन फोन्स को देश के कई राज्यों व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 23 लाख रुपए बतायी गयी है। एसपी ने पुलिस लाइन में बरामद मोबाइलों को उनके स्वामियों को वितरण किया। वहीं अपना खोया हुआ मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। एसपी ने बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत किया। बताया कि एसपी मो.मुश्ताक ने जनसुनवाई में प्राप्त खोये/गिरे मोबाइल फोन से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए सर्विलांस टीम, थानों पर गठित टीम द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया गया था। उक्त अभियान के अनुपालन में सर्विलांस टीम/थानों पर गठित टीम के अथक प्रयास से अलग-अलग राज्यो एवं उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से विभिन्न कम्पनियों के कुल 131 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, कीमत लगभग 23 लाख रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। मोबाइल फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस से उ.नि.आलोक सिंह, स्वाट टीम प्रभारी उ.नि.अतुल तिवारी, हे.कां.जिनेन्द्र सिंह, हे.कां.प्रशान्त कुमार, कां.रोहित कुमार, कां. मो.आमिर, कां.मोहित आदि शामिल रहे।

शारदा संगोष्ठी और वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

ललितपुर। शासन द्वारा प्राप्त आदेशानुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुरा में शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका उर्वशी साहू द्वारा किया गया। विद्यालय के अध्यापक मो.मुनीर द्वारा ग्रामीणों को सरकार योजनाओं डी.बी.टी., माध्यन भोजन, निशुल्क वितिरत होने वाली पुस्तकों के विषयों पर अवगत कराया गया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वतीजी के दीप प्रज्वलन माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तादोपरान्त कक्षा 6 व 7 की छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 7 छात्रा पूजा ने देश भक्ति गीत सौगंध मुझे इस मिट्टी के नृत्य ने सभी का आकर्षित किया।

नितेश कुशवाहा ने गीत, कक्षा 7 एवं 8 के साक्षी ग्रुप की बेटियों ने बाल विवाह पर मनोभाव को प्रस्तुत किया, जिसको देखकर ग्रामीण अथिति का मन द्रवित हो गया, जिस पर टीम मिशन बेटियों की ओर से संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.विकास गुप्ता जीत द्वारा 501 रुपए का पुरस्कार दिया। भावना ग्रुप ने शेर दिल इंडियन पर प्रस्तुति दी, कक्षा 6 की प्रिंसी के भक्ति रंग से सभी रंग गए, प्रतिज्ञा कई केसरिया प्रस्तुति, कक्षा 6 की पूनम, बेटियों ने मेरे घर राम आये है, ने उपस्थित सभी को साथ सारे कार्यक्रम को राममय कर दिया। छात्र राम मिलन, विष्णु का हस्त गीत, भूपेंद्र द्वारा देश भक्ति गीत, कक्षा 7 की आकांक्षा ने बताया की एक लड़की भी अपने माँ बाप का साया बन सकती है, अर्चना ने लोक नृत्य, प्राथमिक विद्यालय की छोटी छोटी बेटियों भी कश्मीर के फोंक डांस कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान विद्यालय सत्र भर अधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित कर दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजेश से अभिवावक अधिक संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यपिका उर्वशी साहू ने किया।

स्टील के वर्तन देकर सोना-चांदी ले गयी महिला

ललितपुर। महरौनी कोतवाली अन्तर्गत ग्राम सिंदवाहा में रहने वाले विष्णु जी पुत्र गोरेलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि विगत 6 फरवरी की शाम करीब 4 बजे एक अज्ञात महिला उसके घर आयी और घर में उसकी पत्नी को अकेला पाकर उसने स्टील वर्तन लेने के एवज में जेवरात लाने और दो घण्टे बाद वापस करने की बात कही। आरोप है कि महिला की बातों में आकर उसकी पत्नी ने उक्त महिला को दो जोड़ी मंगल सूत्र मोती लगा हुआ, चांदी का कमर का गुच्छा व दो जोड़ी पायलें दे दी। बताया कि गुडि ?ा पत्नी नन्दकिशोर से उसका मंगलसूत्र भी उक्त महिला ले गयी। करीब दो घण्टे बीतने के बाद भी उक्त महिला वापस नहीं आयी। विष्णु जी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2), 318 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

आगरा में यमुना किनारे निर्माणो का होगा सर्वे

आगरा। यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित होने के बाद अब इसके दायरे में आने वाले निर्माणों का सर्वे कराने की तैयारी है। आगरा विकास प्राधिकरण (अऊअ) ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। यमुना किनारे तमाम अवैध निर्माण हो चुके हैं। पूर्व में कुछ अवैध निर्माणों पर अऊअ का बुलडोजर चल भी चुका है। यमुना के डूब क्षेत्र में बड़ी संख्या में निर्माण हो रहे हैं। कैलाश मंदिर से लेकर दयालबाग, मनोहपुर, जगनपुर, बल्केश्वर से लेकर काफी आगे तक निर्माण हो रहे हैं। यहां कॉलोनियों से लेकर बहुमंजिला इमारतें और फार्म हाउस बन गए हैं। 2014 में पर्यावरणविद डीके जोशी ने याचिका दायर की थी। 2016 में डीके जोशी के निधन के बाद एनएस जाफरी वादी बने थे। तब 7 बड़े प्रोजेक्ट भी डूब क्षेत्र में शामिल थे। इन प्रोजेक्ट की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई थी। एडीए ने एनजीटी के आदेश पर 2018-19 में सर्वे किया था। तब नमामि गंगा मिशन के आधार पर सिंचाई विभाग ने डूब क्षेत्र का निर्धारण कर मुड्डियां लगाई थीं। इसके बाद एडीए ने एक बिल्डर के लगभग 17 फ्लैट तोड़े थे। एडीए उपाध्यक्ष एम अरुणमोली का कहना है कि पूर्व में हुई कार्रवाई का अध्ययन करने के बाद डूब क्षेत्र में हुए निर्माणों का फिर से सर्वे कराया जाएगा। जो भी निर्माण डूब क्षेत्र की गाइडलाइन में विपरीत मिलेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब यमुना किनारे अवैध निर्माण नहीं हो सकेंगे। प्रदेश सरकार ने यमुना के डूब क्षेत्र को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में एफिडेविट दाखिल किया है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर से प्रयागराज तक यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित करने की जानकारी दी है। अब यमुना के डूब क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, एनजीटी और विभिन्न न्यायालयों द्वारा समय-समय पर पारित किए गए आदेश प्रभावी होंगे। आगरा के पर्यावरणविद डा. शरद गुप्ता की याचिका पर एनजीटी ने 11 सितंबर 2024 को राज्य सरकार को यमुना के डूब क्षेत्र को निर्धारित करने का आदेश दिया था। केंद्रीय जल आयोग ने 30 नवंबर 2024 को यमुना में असगरपुर से इटावा और शाहपुर से प्रयागराज तक के डूब क्षेत्र को निर्धारित करते हुए एनजीटी में रिपोर्ट दाखिल की थी। 100 वर्ष में एक बार बाढ़ की प्रत्याशा में डूब क्षेत्र के उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर केंद्रीय जल आयोग ने यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित किया। इसके अनुसार, केंद्रीय जल आयोग ने ठऋ्ऊ में दाखिल की गई अपनी रिपोर्ट में आगरा में यमुना के बाएं किनारे पर अधिकतम 2.55 किमी तक और दाएं किनारे पर अधिकतम 5.09 किमी तक डूब क्षेत्र माना गया। लंबाई व अक्षांश के आधार पर इसकी गणना की गई है। गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर, कानपुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज में इन जिलों में डूब क्षेत्र का निर्धारण होगा।

स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत कार्यशाला आयोजित

बांदा। शासन के निर्देशों के चलते निकायों में कूड़े के प्रथक्करीकरण एवं विकेन्द्रीकरण अवधारणा के तहत कर्मचारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें वार्ड वार प्रत्येक घरों को प्रशिक्षण दिए जाने संबंधी निर्देशों के चलते सोमवार को स्वच्छ सर्वेक्षण टूल किट के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के वार्डों में सफाई व्यवस्था देख रहे सफाई नायकों, घर-घर कचरा संग्रहण वाहनों के ड्राइवर एवं सहयोगी कर्मचारियों की कार्यशाला डिप्टी कलेक्टर, अधिशाषी अधिकारी रजत वर्मा के आदेश पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ने राज्य स्तर पर पूर्व में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स अभिषेक खरे, डीपीएम, हेमंत प्रसाद खाद्य एवं सफाई निरीक्षक, दीप कुमार जियो स्टेट, रोहित कुमार आईटीसी सुनहरा कल द्वारा आयोजित की गयी। प्रशिक्षण टीम द्वारा क्रमानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण की टूल किट में दिए गये निर्देशों से बिंदुवार जानकारी दी गयी। सबसे पहले वार्डों में सफाई व्यवस्था तथा घर-घर कचरा संग्रहण के साथ ही घरों से निकलने वाले गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में सफाई विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

अवैध प्रवासी आतंकी नहीं

अमरीका से डिपोर्ट किये गये 104 अवैध प्रवासियों को जिस हालात में सैन्य विमान से भारत भेजा गया उसने एक साथ अनेक सवालों को जन्म दिया है। सरकार से भी इस मुद्दे पर सवाल पूछे जा रहे हैं और अमरीका के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया है कि अवैध प्रवासियों को भेजते समय उनके साथ मानवीय बर्ताव किया जाये। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में बताया कि अवैध प्रवासियों को वापस भेजने की एक प्रक्रिया है और यह वैध प्रवास को बढ़ावा देने के लिए है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र संघ की संधि भी है और भारत इसका हिस्सा भी है। शायद इसी के मद्देनजर भारत ने ट्रंप प्रशासन के समक्ष 18 हजार अवैध प्रवासियों की वापसी में मदद की पेशकश भी की है। यहां अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट करने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। दरअसल आपत्ति अवैध भारतीय प्रवासियों के साथ अमरीका के बर्ताव को लेकर है। अवैध प्रवासियों को अगर हथकड़ी लगाकर भेजने के बजाय सामान्य नागरिक की तरह भेजा जाता तो इससे कोई आफत नहीं आ जाती। आखिर अवैध प्रवासी कोई आतंकी तो हैं नहीं। यह ठीक है कि रोजी-रोजगार की तलाश में वे अमरीका बिना जरूरी कागजात के चले गये लेकिन वहां उन्होंने कोई और अपराध नहीं किया है। इसलिए अगर अवैध प्रवासियों को सभ्य तरीके से डिपोर्ट किया जाता है, तो इससे अमरीका की सुरक्षा को कोई खतरा उत्पन्न नहीं होगा। अमरीका ने हाल ही में 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजा है। अवैध प्रवासियों को वापस भेजना ट्रंप प्रशासन की नीति है। इस पर कोई आपत्ति नहीं लेकिन जिस तरह उन्हें भेजा गया वह मानव अधिकारों के प्रति अमरीका के दोहरे मानदंड को दिखाता है। अवैध प्रवासियों को वायुसेना के विमान के बजाय सामान्य यात्री विमान से भी भेजा जा सकता था। अमरीका में अवैध भारतीयों की संख्या करीब 7 लाख के करीब बताई जा रही है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप का प्रशासन सभी को भारत वापस भेजना चाहेगा, तो पूरी कवायद में 10 साल से अधिक लगेंगे। यह विशेषज्ञों का आकलन है। कानूनी औपचारिकताएं अलग हैं। अभी तक अमरीका में बिना वैध दस्तावेज वाले 20,407 भारतीयों को ही चिह्नित किया जा सका है और इन डिपोर्ट किया जाना है। जो अवैध प्रवासी अंतिम 'बेदखली आदेश' का इंतजार कर रहे हैं, उनमें से 17,940 भारतीय ऐसे हैं, जो बाहर घूम-फिर रहे हैं। हालांकि कइयों के पैरों में 'डिजिटल ट्रैकर' लगाये गये हैं, लिहाजा उनकी लोकेशन पर इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) चौबीसों घंटे निगाह रखती है। इसी तरह 2467 अवैध भारतीय प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। इन्हीं में से 104 को भारत वापस भेजा गया है। दरअसल ऐसे अवैध प्रवासियों को 2009 से अब तक 15000 से अधिक को भारत डिपोर्ट किया जा चुका है। लेकिन इस प्रक्रिया पर कभी कोई हंगामा नहीं हुआ। यह एक सामान्य प्रक्रिया के तहत वर्षों से वापस भेजा जा रहा है। लेकिन इस बार डिपोर्ट करते समय अमरीका ने अप्रवासियों के साथ आतंकियों जैसा बर्ताव किया। सैन्य विमान से हथकड़ी बांध कर और पांवों में बेडियां पहना कर अवैध प्रवासियों को वापस लाया गया। यह दरअसल अमानवीय कृत्य है और इसी बात पर हंगामा है। अमरीका को यह समझना होगा कि अवैध प्रवासी आतंकवादी नहीं हैं। उनके साथ इस तरह का बर्ताव करने से अमरीका की छवि मानव अधिकारों के मामले और खराब होगी। अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस छोड़ कर आना अमरीका की सरकारी नीति है, लेकिन प्रवासियों को लाते हुए ऐसा पाश्विक व्यवहार क्यों किया गया? आज आम भारतीय यह सवाल पूछ रहा है और भारत-अमरीका संबंधों की सच्चाई जानना चाहता है। भारत अमरीका का मित्र-देश है, सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, क्या ऐसे देश के मूल नागरिकों के साथ अमानवीय व्यवहार करना उचित है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में जो बयान दिया है उसमें लीपापोती अधिक है। भारत सरकार को इस मुद्दे पर अमरीका के साथ कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए और प्रवासियों की सशकुल वापसी को सुनिश्चित करना चाहिए।

अवैध प्रवासियों के साथ जिस तरह अमरीका ने पाशविक कृत्य किया वह मानवाधिकारों के प्रति दोगलेपन को दिखाता है।

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।
–गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री–पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?
–महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।
–महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।
–शेक्सपियर.

बिरेन सिंह के हटने से सामान्य होंगे हालात

डॉ. अनिता राठौर



आखिरकार 21 माह की देशज हिंसा के बाद मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वह 9 फरवरी 2025 को जब दिल्ली से इम्फाल लौटे तो उसके कुछ घंटे बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना व अपने मंत्रिमंडल का त्यागपत्र सौंप दिया। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए उनसे वैकल्पिक व्यवस्था होने तक पद पर बने रहने के लिए कहा है। विधानसभा को स्थगित कर दिया गया है। मणिपुर में देशज हिंसा 3 मई 2023 से चल रही है, जिसमें अभी तक 250 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, हजारों की संख्या में लोग घायल हुए हैं और करोड़ों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई है। बलात्कार व अन्य यौन हिंसा की भी अनगिनत वारदातें हुई हैं। बिरेन सिंह इस हिंसा को रोकने में नाकाम रहे हैं और विपक्ष लम्बे समय से उनके इस्तीफे की मांग कर रहा था, लेकिन केंद्र सरकार ने उन पर अपना विश्वास बनाये रखा और वह अपने पद पर बने रहे। इसलिए सवाल यह है कि अब आकर उन्होंने त्यागपत्र क्यों दिया? इसके अनेक प्रमुख कारण हैं।

सबसे पहली बात तो यह है कि मणिपुर में राज्य बीजेपी के भीतर ही बिरेन सिंह का विरोध निरंतर बढ़ता जा रहा था और नेतृत्व परिवर्तन की मांग तीव्र हो गई थी। विपक्ष 10 फरवरी 2025 को बिरेन सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाला था और सुगबुगाहट यह थी कि बीजेपी के ही विधायक, जो नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे थे, बिरेन सिंह की सरकार गिरा देते। इस आशंकित शर्मनाक स्थिति से बचने के लिए यही बेहतर समझा गया कि बिरेन सिंह इस्तीफा दे दें और विधानसभा को स्थगित कर दिया जाये। दूसरा यह कि एक नया विवाद खड़ा हो गया है। जो ऑडियो क्लिप्स लीक हुई थीं, जिनसे देशज हिंसा में बिरेन सिंह की तथाकथित भूमिका जाहिर होती है, उनकी विश्वसनीयता से संबंधित फोरेंसिक रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने सील बंद लिफाफे में मांगा है। इन टेप्स में बिरेन सिंह की तथाकथित वार्ता है, जिसमें वह सुझाव दे रहे हैं कि मैतेई समूहों को राज्य सरकार से हथियार व गोला बारूद लूटने दिया जाये। गौरतलब है कि मणिपुर में हथियारों की लूट अभी तक जारी है। शनिवार यानी 8 फरवरी 2025 की रात को भी मणिपुर के थौबल जिले में इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) की आउटपोस्ट से 6 एसएलआर, 3 एके सीरीज राइफल्स और बड़ी मात्रा में गोलियां अज्ञात लोगों ने लूटीं। इस लूट की वारदात में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हुए। लूट के लिए यह हमला किस तरह से अंजाम दिया गया, इसकी जांच के आदेश दिए गये हैं। मणिपुर में जब से हिंसा शुरू हुई है, तब से 5,000 से अधिक हथियारों की लूट का अनुमान है। वैसे इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि पड़ोसी म्यांमार की स्थिति ने भी बिरेन सिंह के इस्तीफे में कोई भूमिका अदा की होगी।

मणिपुर

विद्रोही अरकान आर्मी ने हाल के महीनों में लगभग पूरे रखीन राज्य पर कब्जा कर लिया है। इससे नई दिल्ली को शायद एहसास हुआ होगा कि अब म्यांमार जूंट्रा पर सीमा को सुरक्षित रखने का भरोसा नहीं किया जा सकता और न ही मणिपुर व मिजोरम में मिलिटेंट्स व हथियारों को आने से जूंट्रा रोक पायेगी। इसलिए बिरेन सिंह को जाना ही था, इससे पहले कि मणिपुर में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण से बाहर निकल जाती। गौरतलब है कि मणिपुर में 3 मई 2023 को हिंसा इस धारणा के चलते भड़की थी कि गैर-आदिवासी मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया जा रहा है, जिसके विरोध में आल ट्राइबल स्टूडेंट्स यूनियन मणिपुर (एटीएसयूएम) ने आदिवासी एकता मार्च का आयोजन किया था। खैर, बिरेन सिंह का इस्तीफा बहुत पहले हो जाना चाहिए था। उन्होंने अपने उत्तराधिकारियों के लिए शांति स्थापित करना अतिरिक्त कठिन कर दिया है।

दरअसल, हाल के वर्षों में यह एकमात्र राजनीतिक त्यागपत्र था, जिसकी बहुत शिद्दत से प्रतीक्षा थी। मणिपुर में जब हिंसा शुरू हुई तो कानून व्यवस्था को पुनः स्थापित करने की मुख्य जिम्मेदारी बिरेन सिंह पर ही थी। लेकिन वह न केवल राज्य में शांति स्थापित करने में नाकाम रहे बल्कि उनके सार्वजनिक आचरण ने स्थिति को बद से बदतर कर दिया। इससे ध्रुवीकरण में वृद्धि होती गई और जीवन व सम्पत्ति का नुकसान होता गया, जिससे बचा जा सकता था। बहरहाल, बिरेन सिंह का इस्तीफा अब निश्चितरूप से मणिपुर संकट के समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। लेकिन जो देरी हुई है उससे रास्ता कठिन अवश्य हो गया है। इस समय राज्य के कुकी व मैतेई समुदायों के बीच पूर्ण अलगाव है। दोनों पक्षों ने खुद को हथियारों से लैस किया हुआ है। राजनीतिक समाधान का अर्थ बहुत बड़ा समझौता होगा। मैतेई राज्य के विभाजन को स्वीकार नहीं करेंगे, जबकि कुकी निश्चितरूप से अधिक स्वायतत्ता के लिए दबाव बनायेंगे। नई दिल्ली को समझौता कराने के लिए बहुत होशियारी से फूंक फूंककर कदम रखना होगा। इससे एक महत्वपूर्ण बिंदु उभरता है कि दोनों पक्षों से हथियार लेने होंगे। दोनों कुकी व मैतेई गैंगों ने मणिपुर में सुरक्षा बलों की शस्त्रगाह पर धावा बोलकर हथियार लूटे हैं। इसके अतिरिक्त मणिपुर पुलिस पर आरोप है कि उसने पक्षपात से काम लिया। जब तक लूटे गये हथियार वापस नहीं लिए जाते हैं और मणिपुर पुलिस को सुधारा नहीं जाता है, तब तक वार्ता व समझौता प्रयासों के नतीजे सकारात्मक निकलना कठिन है। इस लेख के लिखने तक यह स्पष्ट नहीं था कि बिरेन सिंह की जगह नये मुख्यमंत्री को नियुक्त किया जायेगा या मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया जायेगा। बीजेपी के संबित पात्रा इस समय मणिपुर में कैंप किये हुए हैं और अपनी पार्टी के विधायकों व सहयोगी दलों से वार्ता कर रहे हैं। बीजेपी सूत्रों ने यह उम्मीद व्यक्त की है कि बिरेन सिंह के इस्तीफे से केंद्र को राज्य के दोनों मुख्य देशज समुदायों में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।

वैसे जिस तरह से पूर्व गृह सचिव अजय भल्ला को दिसम्बर 2024 में मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया, शांति व सुरक्षा उपायों में गति लाने के उद्देश्य से, तो उससे यही प्रतीत होता है कि कुछ समय के लिए मणिपुर में केंद्र का ही शासन रहेगा, विशेषकर इसलिए भी कि बीजेपी विधायकों में आपसी मतभेद हैं और उनमें से कुछ ने दिल्ली में पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी की है। मणिपुर की बीजेपी अध्यक्ष ए शारदा का कहना है, 'हम पार्टी से निदेशों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' मणिपुर में राज्यपाल की चले या नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाये, दोनों ही सूरतों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करना पड़ेगा। कुकी व मैतेई समुदायों के बीच जो अविश्वास की गहरी खाई खोद दी गई है, उसे पाटने में जबरदस्त प्रयास करने होंगे, जिनमें सुरक्षा बलों, सिविल सोसाइटी ग्रुप्स और राजनीतिक दलों को शामिल करना होगा। जिस स्तर का ध्रुवीकरण है, उसके कारण यह काम आसान नहीं लगता। लेकिन बिरेन सिंह का जाना एक शुरूआत अवश्य है।

मणिपुर में राज्यपाल की चले या नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया जाये, दोनों ही सूरतों में चुनौतीपूर्ण हालात का सामना करना पड़ेगा। कुकी व मैतेई समुदायों के बीच जो अविश्वास की गहरी खाई खोद दी गई है, उसे पाटने में जबरदस्त प्रयास करने होंगे, जिनमें सुरक्षा बलों, सिविल सोसाइटी और राजनीतिक दलों को शामिल करना होगा।

सोशल मीडिया

मा. राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जी ने आज महाकुंभ प्रयागराज में 'डिजिटल महाकुंभ की अनुभूति केंद्र' का अवलोकन कर भारत के आध्यात्मिक एवं आधुनिक स्वरूप के दर्शन किये। सीएम योगी.

दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम देश के लिए एक सबक है, यह विपक्ष के लिए बड़ा झटका है, हमारे जैसे लोगों के लिए भी जो वैकल्पिक संभावनाएं देखते हैं। योगेन्द्र यादव.

झूठ बोलने वालों की सबसे बड़ी पहचान यह होती है कि वो अपनी कमियों और अपनी गलतियों एवं अपनी असफलताओं के लिए किसी और को दोषी बताते हैं। अखिलेश यादव.

माया का बंधन

अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

उत्सवों की धरती पर चुनाव महोत्सव

व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है, उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं।

महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया। चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं।

वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।

आयुष्मान योजना से मिला गरीबों को इलाज का हक

स्वास्थ्य

लोकेश त्रिपाठी

कहा जाता है कि, 'भगवान सब करवाये लेकिन अस्पताल के चक्कर न कटवाए' यानि बीमार होना या अस्पताल जाना या फिर अस्पताल में भर्ती होकर इलाज करवाना सबसे बड़ा कष्ट है लेकिन वर्तमान में क्या कोई कह सकता है कि मेरे घर में सभी सदस्य स्वस्थ हैं और हम लोग तो कभी अस्पताल भी नहीं जाते हैं। शायद अपवाद स्वरूप भी कोई परिवार नहीं मिलेगा। अब जरा 20वीं शताब्दी यानि करीब 25 वर्ष के फ़्लैशबैक में चलते हैं। मैंने कई ऐसे मरीजों को देखा है जो सिर्फ इलाज के लिए धन की कमी के कारण जान गवां बैठे। यह आम धारणा है कि अस्पताल में भर्ती होने पर कितना पैसा इलाज पर खर्च होगा, यह कोई नहीं जानता। इस योजना में गरीबों के साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठजनों को अच्छादित किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भी पत्र जारी कर निर्देश दे दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा बुजुर्गों को इस योजना से जोड़ें। पत्र के मुताबिक 70 वर्ष या उससे अधिक के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों को पृथक आयुष्मान कार्ड जारी किया जाएगा जिसका नाम 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड' रखा गया है। पत्र में कहा गया है कि आधार कार्ड में अंकित जन्म तिथि या जन्म वर्ष को ही उम्र आंकलन का आधार माना जाएगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) सरकार की एक प्रमुख योजना है। यह देश के आर्थिक रूप से कमजोर 40 प्रतिशत आबादी के 12.37 करोड़ परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति वर्ष, प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। इस योजना को लागू करने वाले कई राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने अपनी-अपनी राज्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को एबी पीएम-जेएवाई के साथ जोड़ दिया है। इससे सरकार द्वारा वित्त पोषित चिकित्सा बीमा के तहत कवर की जाने वाली आबादी बढ़कर 18 करोड़ से अधिक परिवारों तक पहुँच गई है। मार्च 2024 में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 37 लाख परिवारों को भी इस योजना में शामिल किया गया। इसके अलावा 29 नवंबर 2024 को सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार लाभ प्रदान करने के लिए एबी पीएम-जेएवाई का विस्तार किया।

देश भर में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लाभार्थी परिवारों की अनुमानित संख्या 4.5 करोड़ है। 30 नवंबर 2024 तक एबी पीएम-जेएवाई के अंतर्गत लगभग 36 करोड़ लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है। स्टेट एजेंसी फार काम्प्रेहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) यानि उत्तर प्रदेश की मॉडल एजेंसी के मुताबिक अब तक प्रदेश में तीन लाख 41 हजार बुजुर्गों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवा लिए हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों, चाहे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति कैसी भी हो, को इस योजना का लाभ मिलेगा। ऐसे परिवार जो वर्तमान में योजना से आच्छादित नहीं हैं, उनके 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के बुजुर्गों को पांच लाख रूपए प्रति परिवार प्रति वर्ष का कवर फ्लोटर आधार पर अनुमन्य होगा। केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित अन्य स्वास्थ्य बीमा योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को वर्तमान योजना में बने रहने अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित होने का विकल्प चयनित करने के लिए एक ही बार अवसर प्रदान किया जाएगा। 70 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जिन्होंने निजी स्वास्थ्य बीमा का लाभ ले रखा है अथवा ईएसआईसी के लाभार्थी हैं, उन्हें भी इस योजना का लाभ अनुमन्य होगा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रदेश मे 5826 सरकारी व प्राइवेट अस्पताल सूचिबद्ध हैं। इस योजना के तहत 26 विशेषताओं से संबंधित बीमारियों के 1900 से अधिक पैकेज के अंतर्गत निःशुल्क इलाज दिया जाता है। वास्तव में यह योजना गरीबों के लिए वरदान की तरह है।

आपकी बात

बढ़ती आर्थिक असमानता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

जितेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.

शिक्षा में सुधार की पहल

देश में नयी शिक्षा नीति और प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने से शिक्षा में व्यापक सुधार होगा। देश के युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति बदलनी जरूरी है।

कृष्ण मोहन सिंह, गोण्डा.

संक्षेप

नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 14 से

सोहावल-अयोध्या। नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 14 फरवरी से होगा। यह अनुष्ठान विशाल कलश यात्रा से प्रारंभ होगा। यह आयोजन नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए होगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहा है।चैदह फरवरी से सोलह फरवरी तक आयोजित होगा। माधव सर्वोदय इंटर कालेज अमौना में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कारों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार पाठक ने बताया कि 9 कुंडीय यज्ञ में 14 फरवरी शुक्रवार को प्रातः नौ बजे से शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए विद्वजनों की गरिमामयी उपस्थिति में विशाल कलश यात्रा सदग्रंथ, व्यवसमुक्ति की उद्घोषणा के साथ यज्ञ स्थल से निकाली जाएगी।

जो समीपस्थ क्षेत्रों का भ्रमण करती हुई यज्ञ स्थल पर समाप्त होगी। 15 फरवरी को सुबह 8 बजे से संस्कार गायत्री महायज्ञ के शुरू होकर सायंकाल छह बजे से दीप महायज्ञ किया जाएगा।

अयोध्या पहुंचे लाखों श्रद्धालु, श्रीराम के जयकारों से गूंजी रामनगरी

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। रामनगरी में एक बार फिर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। सड़कों पर सिर्फ श्रद्धालुओं का रेला ही दिख रहा है। जय श्रीराम के जयकारों से गूंज रही अयोध्या में हर तरफ सिर्फ रामधुन ही सुनाई दे रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला व हनुमानगढ़ी में देर रात तक दर्शन पूजन करते दिखे। जानकारों की मानें तो तकरीबन 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से अयोध्या खचाखच भर गई है। बुधवार को माघ पूर्णिमा तक अयोध्या में अत्यधिक भीड़ रहने की संभावना जताई जा रही है एक बार फिर दर्शनार्थियों का रिकार्ड टूट सकता है।

- राम मंदिर और हनुमानगढ़ी पर दर्शन को लगी रही कतार
- रामनगरी में फिर बढ़े देश-विदेश के श्रद्धालु

भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एक तरफ प्रयागराज के महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने को अब तक करोडों लोग पहुंच चुके हैं। वहां स्नान के बाद श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि मकर संक्रांति से अब तक डेढ़ करोड़ श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। इनके दर्शन-पूजन के लिए जिला प्रशासन ही नहीं बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने भी व्यापक इंतजाम किए हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अयोध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन को निर्देशित किया था। इसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिन रात एक कर दिया है। रामनगरी पहुंचने वाला प्रत्येक श्रद्धालु सुबह सरयू में स्नान करता है। उसके बाद मठ-मन्दिरों का रुख करता है। सबसे अधिक श्रद्धालु रामलला व हनुमानगढ़ी का रुख कर रहे हैं। देर रात तक मन्दिरों के बाहर श्रद्धालु कतार

में दिखते हैं।श्रद्धालुओं के आने के कारण अयोध्या में रौनक बढ़ गई है। शाम के समय अयोध्या की राम की पैड़ी, लता चैक व धर्मपथ का नजारा अद्भुत दिखता है। रात 12 से एक बजे तक दुकानें भी खुली रहती है। व्यापारियों को भी इससे लाभ मिल रहा है। अयोध्या हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने कहा कि 144 वर्षों बाद पुण्य की डुबकी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ श्रद्धालु ही अयोध्या आ रहे हैं बल्कि तीर्थों का राजा कहा जाने वाला प्रयागराज भी अयोध्या आये हैं। जहां राम ने जन्म लिया है वह भूमि बहुत पवित्र है। हर कोई राम के दर्शन करने की इच्छा लेकर अयोध्या पहुंच रहा है। प्रयागराज से आने वाले अखाड़े को लेकर कहा कि अयोध्या में राजा राम बैठे हैं यहां किसी को तकलीफ नहीं होगी।अयोध्या में बढ़ती भीड़ को देखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि धाम में अतिरिक्त पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बलों को लगाया गया है। बड़े वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। बाराबंकी से ही वाहनों को डायवर्ट कर दिया गया है। राम मंदिर के पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा मानकों के अनुसार दर्शन कराया जा रहा है।

भाजपा कार्यालय पर वृहद भंडारे का आयोजन आज

अयोध्या। पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संयोजन में श्री अयोध्या न्यास द्वारा ग्यारह फरवरी से भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में पुनः भण्डारे का आयोजन किया गया है। यहां पर श्रद्धालुओं के विश्राम, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकुम्भ के उपरांत अयोध्या पहुंच रहे है। इससे पूर्व पांच दिवसीय भण्डारे का आयोजन 29 जनवरी से प्रराम्भ हुआ था। जिसमें लगभग डेढ़ लाख लोगों की भोजन सेवा की गई थी। अयोध्या में भारी संख्या में श्रद्धालु रेलगाड़ियों से यहां आ रहे है। कैंट रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण यहां आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि भण्डारे की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। भण्डारा प्रात 11 बजे से देर रात दो बजे तक चलेगा। इसके लिए स्वंयसेवकों को नियुक्त किया गया है। जो भण्डारे की व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगे। भंडारें की व्यवस्थाओं के लिए जिला जीत सिंह, विपुल सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सूरज सोनकर, अंकित दुबे, अनूप पांडे, आकाश गुलानी, अंकुर सिंह, नन्हे गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

युवा आवेदनकर्ताओं को आरआई ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ

बाराबंकी। सड़क सुरक्षा से जुड़ी चोटें दुनिया भर में काफी आम हैं, जिसके कारण खासकर युवा लोगों की मौत हो जाती है। युवा खुद इन त्रासदियों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसे विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है क्योंकि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार मुख्य रूप से युवा होते हैं। उक्त उद्गार आज सोमवार को उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय पर आये युवा आवेदनकर्ताओ को जागरुक करते हुये सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने व्यक्त किये। आरआई श्री यादव ने युवा आवेदनकर्ताओ को आगे कहा कि सड़क सुरक्षा की शुरूआत आपसे होती है। सबसे पहली चीज जो आपको करनी चाहिए वो है खुद को चोट लगने से बचाना और तभी आप दूसरों को चोट लगने से बचा पाएँगे। यह कोई आवश्यक नहीं कि आप वाहन चलाने में माहिर हैं। सड़क पर चलते समय हमेशा सतर्क रहने, शराब पीकर वाहन न चलाने, सड़क पर चलते समय स्टंट न करने की सलाह दी। इसके उपरान्त युवा आवेदनकर्ताओ को पम्पलेट देकर नियमो के पालन करने की शपथ दिलाई।

12 को निकलेगी संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर शोभायात्रा

बाराबंकी। महान संत शिरोमणि गुरू रविदास के जन्मोत्सव पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरू रविदास जयन्ती समारोह समिति कानून गोयान द्वारा आगामी 12 फरवरी दिन बुधवार को एक दिव्य शोभा यात्रा एवं व्यापक कार्यक्रम सम्पन्न होगा। शोभा यात्रा मे संत रविदास के विविध जीवन प्रसंगो का स्मरण कराती झांकियाँ सम्मिलित होंगी।

सड़क दुर्घटना में शिक्षिका की मौत

अयोध्या। कैंट थाना अंतर्गत रायबरेली रोड पर सोमवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज की शिक्षिका की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रायबरेली रोड क्रॉस करते समय गाड़ी ने टक्कर मार दी, जिससे

- रायबरेली रोड क्रॉस करते समय गाड़ी ने मारी टक्कर

वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रायबरेली रोड पर सनबीम स्कूल के पास गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज की 35 वर्षीय शिक्षिका अर्चना मिश्रा स्कूल की बस पकड़ने के लिए हाईवे क्रॉस कर रही थीं, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उनका पति विद्यालय की वैन पकड़ाने के लिए सड़क पर छोड़कर जैसे ही वापस मुड़ा कि अज्ञात वाहन ने शिक्षिका को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षिका हवा में उछल गई। मौके पर परिजन और लोगों ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। एसएचओ कैंट पंकज सिंह ने बताया कि अभी तक परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है, लेकिन तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा। शिक्षिका की मौत को लेकर विद्यालय परिवार और परिजनों में गहरा शोक छा गया है। विद्यालय के उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल ने बताया कि मृतक शिक्षिका बहुत ही मिलनसार स्वभाव की थी। विद्यालय परिवार ने मृत शिक्षिका के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

कला संस्कृति महाकुम्भ में होगा देशभर के कलाकारों का संगम

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर सागर कला भवन अयोध्या में विविध कलात्मक कार्यक्रमों की योजनाओं पर बैठक हुई जिसमें कई कार्यक्रम प्रभारियों की नियुक्ति भी हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ पांच दिवसीय 1 से 5 अप्रैल 2025 तक भारतीय नव वर्ष पर आयोजित होगा।

अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति ने कहते हुए बताया कि सरकार की योजनाओं को साकार करने की दृष्टि से स्वदेश भारत को अयोध्या की कला, संस्कृति, पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से विगत वर्षों भांति इस वर्ष भी स्वदेश संस्थान द्वारा प्रभु श्रीराम जी की पावन धरती अयोध्या मे होने वाले अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ मे कला, संस्कृति, साहित्य, शिक्षा , क्राफ्ट, संगीत , विज्ञान, अनुसंधान तथा पर्यावरण आधारित अनेक कार्यक्रमो का आयोजन प्रस्तावित हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या की कला, संस्कृति सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रो की प्रतिभाओं का विकास, संरक्षण और उन्हें मंच प्रदान करना तथा भारत को अयोध्या कला संस्कृति पर्यटन से जोड़ना है। इस कार्यक्रम में सम्पूर्ण भारत के साथ ही साथ अन्य देशो से भी लोग प्रतिभाग करने के लिए आ रहे है ।विभिन्न क्षेत्रो के कलाकारों , साहित्यकारों व पर्यावरणविदो के साथ साथ देश भर से हजारों लोगो के आने की संभावना है । बैठक का संचालन करते हुए निदेशक अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय ने बताया कि अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ की शुरूआत स्वदेश तिरंगा यात्रा के साथ होगा और इसके बाद वर्ल्ड रिकॉर्ड सामूहिक हनुमान चालीसा तथा गरबा महारास का भव्य आयोजन होगा जिसमें पांच हजार लोगों को शामिल करने की योजना बनाई जा रही है। अन्तिम दिन देश दुनियां से आए हुए विशिष्ट प्रतिभाओं के साथ अयोध्या पर्यटन यात्रा कार्यक्रम में सभी ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थानों का भ्रमण किया जाएगा। उपाध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता ने कहा कि कला कुम्भ के अन्तर्गत चित्रकला, मूर्तिकला, क्रॉफ्ट, मेहंदी, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, ऑउट डोर पेंटिग, लाइव डेमोंस्ट्रेशन, अयोध्या शैली में वर्क, हस्तशिल्प, मृदभांड, रंगोली, मेंहदी, वास्तुकला, कला गांव आदि का वर्कशॉप, प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, क्रय - विक्रय, कला मेला आदि होगा तो संस्कृति कुम्भ के अन्तर्गत विविध लोक कलाओं से सम्बन्धित नृत्य, नाटक, गायन, वादन, नाटिका, करतब, तमाशा, गरबा, डांडिया तथा फोक अवॉर्ड शो आदि कार्यक्रम होगा। सांस्कृतिक प्रभारी सचिव अंकित उपाध्याय ने कहा कि विभिन्न लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों की भव्य प्रस्तुति होगी तथा देश दुनियां से विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मान कुम्भ के अन्तर्गत स्वदेश नवरत्न, स्वदेश कोहिनूर अवॉर्ड, स्वदेश सेवा रत्न, अयोध्या कला भूषण, अयोध्या आइकॉन, साहित्यिक अवॉर्ड आदि उत्कृष्ट कार्यों हेतु विशिष्ट क्षेत्रों के चयनित विभूतियों को प्रदान करते हुए सम्मानित किया जाएगा। इंदरप्रीत सिंह बेदी ने बताया कि महाकुम्भ के अन्तर्गत रक्तदान कुम्भ का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही साथ श्रीराम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, शाम - ए - अवध म्यूजिकल नाइट, ट्रेडिशनल फैशन शो आदि का आयोजन भी होगा। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष सचिव राम आशीष, उपनिदेशक अंशिका सिंह, चित्रकार इमरान खान, समाजसेवी विजय पाण्डेय, विजय सिंह, नृत्यक मनीष प्रजापति, मूर्तिकार प्रवीण कुमार, लोक नृत्य कोरियोग्राफर शिवम निषाद व फरीदा बानो, लोक गायिका रीता शर्मा, प्रवीण चतुवेर्दी पंकज, समाजसेविका आशीष कौर, स्वर्ण लता शुक्ला, गीता विश्वकर्मा, अवंतिका सिंह आदि सदस्य, पदाधिकारी एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

निजी वाहन का कॉमर्शियल प्रयोग मिलने पर 6 वाहन सीज

बाराबंकी। बकाया टैक्स, ओवरलोड़, बिना फिटनेस, परमिट समेत निजी वाहन को अवैध रुप से व्यवसायिक रुप मे प्रयोग करने वाले वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने अभियान चलाकर कार्यवाही की। इस दौरान दर्जनो वाहन का फिटनेस फेल एंव जरूरी कागजात न मिलने पर भारी जुमार्ना भी किया गया। इस सम्बन्ध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने लखनऊ-बाराबंकी मार्ग पर चेकिंग के दौरान 1 ओवरलोड़ व 6 निजी वाहनो का व्यवसायिक रुप मे इस्तेमाल करने पर मोहम्मदपुर चैकी पर बंद किया गया। इसके साथ ही बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन चालको को नियमो का पाठ भी पढ़ाया गया।

पेस बॉलर्स क्रिकेट अकादमी ने पहना जीत का ताज

बाराबंकी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की याद में खेली जा रही जेएसवी कप जिला ओपन क्रिकेट लीग 2025 मे पहला मुकाबला यॉर्कर क्रिकेट अकादमी एंव क्रिएटर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।

टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यॉर्कर क्रिकेट अकादमी की तरफ सात्विक सिंह ने 30 रन, शाश्वत के 29 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 131 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिएटर क्रिकेट अकादमी ने अभय दुबे ने नाबाद 59 रन, शिवांश त्रिपाठी के 26 रनों की बदौलत 18.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला लॉड्र्स बालाजी क्रिकेट अकादमी एंव पेस बॉलर्स क्रिकेट

अकादमी के बीच खेला गया। जिसमे लॉड्र्स बालाजी क्रिकेट अकादमी 16 ओवर में 108 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पेस बॉलर्स क्रिकेट अकादमी ने 16.5 ओवर में 3 विकेट खोकर ही जीत का सेहरा पहना। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर, आर्किटेक्ट आलोक मौर्य, प्रीति एम शाह, डॉक्टर सुशील यादव, डॉक्टर श्रुति, प्रदीप सारंग, जेएसवी ग्रुप डायरेक्टर जतिन वर्मा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश शर्मा, सुधारानी वर्मा, श्रेया वर्मा, रवि वर्मा, ऋषि वर्मा, अख्तर अजीज खान, डॉक्टर चैधरी अहमद जावेद, अफाक अली, राजेश अरोड़ा बब्बू, जतिन चैधरी, गौरव तिवारी मौजूद रहे।

भगवान राम के 1000 वर्षों के जीवन पर होगा गहन शोध

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय का कार्य अंतिम चरण में है, जो भारतीय संस्कृति, रामायण साहित्य और वैदिक शिक्षा के अध्ययन को नया आयाम देगा। यह विश्वविद्यालय न केवल भगवान राम के जीवन और उनकी 1000 वर्षों की वंश परंपरा पर शोध करेगा, बल्कि पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा को भी

- महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय का कार्य अंतिम चरण में, 2025 से शुरू होगा पहला सत्र

साथ लेकर चलेगा। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा एक समान ज्ञान देना है, जिससे वे न केवल अपनी संस्कृति से जुड़ सकें बल्कि आधुनिक दुनिया की चुनौतियों का भी सामना कर सकें।21 एकड़ में फैला रामायण विश्वविद्यालय का परिसर भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसमें रघुकुल भवन (प्रशासनिक भवन), वशिष्ठ भवन (लाइब्रेरी), शोध केंद्र और कई अन्य संरचनाएं होंगी। प्रवेश द्वारों के नाम तुलसी द्वार और वाल्मीकि द्वार रखे गए हैं। चार प्रमुख अकादमिक ब्लॉककृराम भवन, लक्ष्मण भवन, भारत भवन और शत्रुघ्न भवन बनाए जा रहे हैं, जहां आधुनिक क्लासरूम, सेमिनार हॉल और शोध सुविधाएं उपलब्ध होंगी। छात्रावासों को जानकी निवास और हनुमत निवास नाम दिया गया है। इसके अलावा, एक विशाल सभागार भी बनाया जा रहा है, जहां शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस विश्वविद्यालय की सबसे अनूठी विशेषता यह होगी कि यहां भगवान राम के केवल 100 वर्षों के जीवन तक सीमित नहीं रहा जाएगा, बल्कि उनकी 1000 वर्षों की वंश परंपरा पर शोध किया जाएगा। शोधकर्ता लव कुश के बाद की पीढ़ियों और उनके समाज पर प्रभाव का गहन अध्ययन कर सकेंगे। 2025 में विश्वविद्यालय का पहला शैक्षणिक सत्र शुरू होने की संभावना है।

पूर्व मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती की पूर्व संध्या पर रक्तदान शिविर का आयोजन

बाराबंकी। रक्तदान की प्रेरणा आम जनमानस को देनी चाहिए। रक्तदान से बड़ा पुनीत कार्य कोई नही है, रक्तदान से तमाम जिंदगियों को बचाया जा सकता है। उक्त विचार जिला चिकित्सालय में विकास पुरुष, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा की जयंती की पूर्व संध्या पर समाजवादी अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष शांतिओम व प्रणय वाजपेई एडवोकेट के संयुक्त तत्वाधान रक्तदान शिविर मे जिला चिकित्सालय अधीक्षक विजयपाल सिंह ने व्यक्त किये। इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुनीत कार्य हैं बेनी बाबू ने हमेशा सामाजिक कार्यों को करने की प्रेरणा दी वह सामाजिक हितैषी रहे हैं। रक्तदान करने वालों में प्रणय वाजपेई, अनिल यादव, सुनील यादव, रवि वर्मा सुपौत्र बेनी बाबू, नीतीश प्रताप, सुधांशु वर्मा, प्रिंस वर्मा, उदल, सौरभ वर्मा, अनिल यादव, सुनील यादव, इंदु यादव, प्रिंस वर्मा, जीतू तिवारी, मौलाना बीरब्बल, सुधांशु वर्मा, सौरभ वर्मा, मोहम्मद शादाब सहित 21 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रमुख सिरौलीगौसपुर रेनू वर्मा, दिनेश वर्मा, प्रीतम सिंह वर्मा, विजय यादव, सुरेश गौतम, कामता यादव, वीरेंद्र वर्मा नेवली, पूर्व प्रमुख मौलाना असलम आदि मौजूद रहे।

हल्दी की खेती के प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार और उत्तराखंड रवाना हुए किसान

बहराइच । उप-निदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के विकासखंड मिहींपुरवा में गठित बेब राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि, प्रत्युष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लि. तथा वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान उत्पादक संगठन के 08 प्रतिनिधियों को पतंजली आयुर्वेद लि० हरिद्वार, उत्तराखंड में हल्दी की खेती व उसकी प्रोसेसिंग आदि के प्रशिक्षण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। कृषक उत्पादक संगठनों का माह दिसंबर में उप कृषि निदेशक बहराइच व जिलाधिकारी महोदया द्वारा पतंजली आयुर्वेद लि० के साथ एम.ओ.यू. साझा किया गया था। विकासखंड मिहींपुरवा में बहुत बड़े स्तर पर हल्दी की खेती की जाती है और कृषकों को उचित मूल्य न मिलने के कारण यह समझौता किया गया है जिससे किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण में कृषक हल्दी प्रोसेसिंग यूनिट के बारे में नए-नए तरीकों से हल्दी उत्पादन की खेती की जानकारी प्राप्त करेंगे। जिससे जनपद में हल्दी की खेती को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषकों की आय में वृद्धि होगी। प्रतिभागियों द्वारा जनपद में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत हल्दी की प्रोसेसिंग से सम्बंधित मशीनों को अनुदान पर प्रदान करने के लिए आवेदन भी करा दिया गया है जिससे कृषकों को लोकल स्तर पर ही हल्दी की प्रोसेसिंग कर सकेंगे। इसी क्रम में इन प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के लिए हरिद्वार, उत्तराखंड स्थित पतंजली आयुर्वेद लि० भेजा जा रहा है।

औद्यानिक उत्पादों से गुलजार होंगे विदेशी बाजार

बहराइच 10 फरवरी। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन विषय पर रविवार को राजकीय इन्दिरा उद्यान में आयोजित अंतर्जनपदीय औद्यानिक गोष्ठी को मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि

- कृषकों की आय में होगी गुणात्मक वृद्धि

निर्यात श्री दिनेश प्रताप सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय, सदर की श्रीमती अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों व मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ फीता काटकर प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण कर मण्डल में कराये गये विभिन्न विकास कार्यों को लाकार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया।

गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा ने एकीकृत बागवानी मिशन योजना पर चर्चा करते हुए फल, पुष्प, मसाला एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार, मौन पालन, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निर्माण, फेन्सिंग, शेडनेट, पाली हाउस, प्याज स्टोर, पैक हाउस जैसे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा इसके अतिरिक्त औद्यानिक क्षेत्र में उपयोग में लाए जाने वाले यन्त्र यथा-गार्डेन ट्रैक्टर, पावर ट्रिलर, स्प्रे मशीन आदि पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बस्ती मण्डल के उप निदेशक उद्यान पंकज शुक्ला द्वारा द्वारा बताया गया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन योजना जनपद में संचालित की जायेगी।कृषि विज्ञान केन्द्र, नानपारा के अध्यक्ष डॉ. शशिकान्त ने फलों में लगने वाली कीट व्याधियों एवं उसके निदान, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, बहराइच के डॉ. शैलेन्द्र सिंह द्वारा केला व आम की खेती एवं इसके परागण से अन्य फलसों के उत्पादन वृद्धि, डॉ. नन्दन सिंह द्वारा प्राकृतिक खेती एवं इससे होने वाले लाभों, डॉ. अरूण कुमार राजभर ने समन्वित कृषि प्रणाली एवं किसान उत्पादक संगठन के गठन के बारे में कृषकों को अवगत कराया।विधायक पयागपुर श्री त्रिपाठी ने लतावर्गीय सब्जियों की खेती को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि उन्हें स्वयं लौकी की खेती बढ़ा लाभ प्राप्त हुआ है। पंतजलि के विषय विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमार द्वारा औषधीय खेती एवं हल्दी के उत्पादन एवं विपणन, प्रगतिशील कृषक श्रवण कुमार सिंह ने स्ट्राबेरी की खेती, श्रावस्ती के कृषक आशिफ अजीज सिद्धकी ने पॉली हाउस में स्ट्रावेरी एवं जरवेरा की खेती के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि इससे इन्हे लगभग पांच लाख रुपए प्रति एकड़ का लाभ होता है। जिले के प्रगतिशील कृषक राम बरन चैधरी व लालता प्रसाद गुप्ता ने केला उत्पादन में आने वाली समस्या एवं निदान के बारे में कृषकों से चर्चा की।श्रावस्ती के कृषक रणवीर सिंह ने बताया कि भारत में उत्पादित केला नेपाल देश में ऊंची कीमत पर बिकता है। केला उत्पादकों को सीधे निर्यात की सुविधा मिलने से कृषकों को आर्थिक लाभ होगा। इस सम्बन्ध में मा. मंत्री ने आश्वस्त किया कि कृषकों के हित को दृष्टिगत रखते हुए नीति बनाने पर विचार किया जायेगा। मा. मंत्री ने उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी को यह भी निर्देश दिया कि पतंजलि के विषय विशेषज्ञ को हल्दी एवं औषधीय प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराया जाय। लखीमपुर से आये कृषक प्रशांत श्रीवास्तव ने माइक्रोइरीगेशन योजना अन्तर्गत स्थापित ड्रिप संयत्र की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए इसे कृषकों के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। कृषक संवाद कार्यक्रम अन्तर्गत कृषक राम बरन चैधरी द्वारा केले में लगने वाले पनामा रोग, उत्पादन एवं विपणन में आने वाली समस्या पर मा. मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना हेतु 35 प्रतिशत की सब्सिडी के साथ टॉप-अप की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य ही यही है कि नेपाल के सीमावर्ती 07 जनपदों के औद्यानिक कृषकों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन जैसी समस्याओं का समाधान किया जा सके। मा. मंत्री ने गोष्ठी में उपस्थित कृषकों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया बन्धुओं से अपेक्षा की कि कृषकों विशेषकर औद्यानिक कृषकों के समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत करायें ताकि तत्परता के साथ समाधान कराया जा सके।

दिल्ली व मिल्कीपुर की जीत सबका विकास की नीति की जीतःपंकज गुप्ता पंकी

बाराबंकी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत हासिल कर लिया है। भाजपा ने 70 में 48 सीटें जीतकर 26 साल बाद सत्ता में वापसी की। आम आदमी पार्टी को 40 सीटों का नुकसान हुआ और वह 22 सीटों पर सिमट गई। उ0प्र0 की मिल्कीपुर विधानसभा मे भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने 61 हजार से अधिक वोटों से चुनाव मे जीत दर्ज की। समाजवादी पार्टी अयोध्या के सांसद होने के बावजूद अगर मिल्कीपुर विधानसभा की सीट बीजेपी को आई है। तो ऐसा लगता है कि अयोध्या की जनता से गलती हुई थी। अब दोबारा ऐसा नहीं होगा। आने वाले 2027 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को फिर से ताज पहनना पड़ेगा। उक्त बात भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य/अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उ0प्र0 प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज गुप्ता पंकी ने व्यक्त किये। श्री पंकी ने आगे कहा यह जीत विकास राष्ट्रवाद और सबका साथ-सबका विकास की नीति की जीत है।

चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का मथुरा में होगा आयोजन

अयोध्या। जिला रायफल कल्ब के 16 खिलाड़ियों का चयन मथुरा जिला रायफल क्लब शूटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया। ये सभी खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन कर मथुरा से 14 को वापस आयेंगे। इस प्रतियोगियों में प्रतिभाग करने के लिए लगभग 40 खिलाड़ियों ने अपना ट्रायल दिया हुआ था। जिसमें 16 खिलाड़ियों का चयन जिला रायफल क्लब अयोध्या के कोच शनि कुमार वर्मा ने किया।

इस प्रतियोगियों में अयोध्या जिले के कुछ सरकारी विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारी गढ़ भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के नाम ई जी ऑफिस से राजेश कुमार कोतवाली नगर से यस ई राणा दिग्विजय सिंह पोस्ट ऑफिस से कुलदीप शुक्ला विकास भवन से सरिता वर्मा बिजली विभाग से योगेश सोनी बाकी अन्य खिलाड़ियों के नाम देवेश कुमार अपूर्व मौर्य सिद्धार्थ सहगल ज्योत्सना सिंह श्रेयांश सिंह राजवीर रावत श्रेया सिंह गोंडा अविरल सिंह गोंडा भास्कर तिवारी आकृति तिवारी आलोक यादव बृजेश कुमार ये सभी खिलाड़ी अपना अच्छा प्रदर्शन कर अयोध्या लौटेंगे।

संक्षेप

कार की टक्कर से महिला की इलाज के दौरान मौत

गौरीगंज, अमेठी। कोतवाली गौरीगंज क्षेत्र के निवासी लादी का पुरवा मजरे राजापुर कौहार निवासी बिमला चौरसिया 55 वर्ष ई रिक्शा से गांव की पांच महिलाओं के साथ शीतल दुबे का पुरवा मजरे घुसयरिया में हो रहे मांगलिक कार्यक्रम में हलवाई में कार्य करने जा रही थी कि अमेठी मुसाफिरखाना सड़क पर चंदौकी के निकट कार ने पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीण आनन फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल सुल्तानपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली मुंशीगंज प्रभारी एस के त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के परिजन के तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

कैंप लगाकर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल टेबलेट

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एल्बेंडाजोल टेबलेट बच्चों को खिलाने के लिए एक कैंप लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने-अपने पाल्यों को यह दवा खिलवाई। विद्यालय कैम्पस में भारी तादाद में अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों ने इस सरकारी योजना का लाभ उठाते हुए इसे बच्चों के हित में विद्यालय द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

विद्यालय के बच्चों ने प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को विद्यालय में बने हुए एक बड़े हॉल में बैठकर लाइव देखा-सुना और समझा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि आज जो कृमिनाशक दवा विद्यालय में खिलाई जा रही है, यह डॉक्टर के पर्चे द्वारा मिलने वाली दवा है। यह दवा खासतौर से पेट में कीड़े के उपचार के लिए इस्तेमाल की जाती है, यह एक एंटीबायोटिक दवा है। जो कई तरह के परजीवी संक्रमणों के खिलाफ कारगर है। इसके लेने से बच्चों के पेट के कीड़े खत्म हो जाते हैं।

विद्युत विभाग की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा

हरचंदपुर रायबरेली। बिजली विभाग अपनी लापरवाही से हमेशा सुर्खियों में बना रहता है। जर्जर विद्युत का तार घर के ऊपर से गया है जिससे हो सकता है बड़ा हादसा जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है और सहमें लोग बार-बार बदलवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन जेई और उनके कर्मचारी नहीं सुन रहे हैं ग्रामीणों की बात को संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। ऐसा ही दृश्य इन दिनों क्षेत्र के गंगागंज में देखने को मिल रहा है। हाईवे के किनारे से लगे हुए खंभे से गई हुई है लाइन जो कि ग्रामीणों के घर के ऊपर से मोड़ के पास से होकर गुजार बिजली का तार काफी जिर्जर हो गया है। आए दिन विद्युत तार टूटकर गिर रहा है। संयोग अच्छा रहा कि अब किसी तरह का हादसा नहीं हुआ। इतना होने के बावजूद विद्युत विभाग अनजान बन सिर्फ तमाशा देख रहा है। सूत्रों की माने तो तार काफी पुराना हो गया है। किसी भी घर के ऊपर तार गिरा तो अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में जर्जर तार को बदला जाना अत्यंत जरुरी हो गया है।

एआरटीओ टीम से धक्का मुक्की

हेड कांस्टेबल को जमकर पीटा

रायबरेली। बछरावां कस्बे के मुख्य चैराहे पर रविवार वाहन चेकिंग के दौरान कार चालक और उसके साथी ने एआरटीओ टीम पर हमला कर दिया। दबंगों ने एआरटीओ टीम के साथ धक्कामुक्की के साथ ही हेड कांस्टेबल की पिटाई कर दी इसमें वह घायल हो गया। एआरटीओ की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं कार को सीज कर दिया।

एआरटीओ मनोज सिंह अपनी टीम के साथ अवैध तरीके से चल रहे वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक मारुति कार को रोककर कागजात मांगा गया। यह सुनकर कार चालक आग बबूला हो गया और अपशब्द करना शुरू कर दिया। एआरटीओ ने कागजात अधूरे होने पर मारुति कार को कोतवाली ले जाने को कहा तो चालक इरशाद मंसूरी भड़क गया और हंगामा करना शुरू कर दिया। इस दौरान मामला इतना अधिक बढ़ गया कि आसपास लोगों का मजमा लग गया। इतना ही नहीं कार चालक ने एआरटीओ टीम से धक्का मुक्की और मारपीट पर आमादा हो गया। इसमें एआरटीओ टीम में शामिल हेड कांस्टेबल अलख तिवारी पुत्र रामसुंदर घायल हो गए। मामला बढ़ता देख एआरटीओ मनोज सिंह घटना की सूचना बछरावां कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मारुति कार को कोतवाली लेकर चली गई। एआरटीओ ने बताया कि कागजात न होने पर मारुति वैन को कोतवाली में खड़ा करने को कहा गया, जिस पर चालक द्वारा अभद्रता करते हुए उनके हेड कांस्टेबल अलख तिवारी से धक्कामुक्की और मारपीट किया गया। वहीं कोतवाल पंकज कुमार तिवारी ने बताया कि एआरटीओ द्वारा मिली तहरीर के आधार पर रजिया बानो उर्फ गोल्डी सिंह व चालक इरशाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक मौके से फरार हो गया था। मारुति वैन को हिरासत में लेकर सीज कर दिया गया है। आगे की जांच की जा रही है।

प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

रायबरेली। प्रभारी मंत्री व मंत्री सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उत्तर प्रदेश सरकार राकेश सचान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आवास सर्वे में यह सुनिश्चित कराया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति न छूटे। शत प्रतिशत पात्र लोगों को आवास का लाभ दिलाया जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए, यदि किसी पात्र लाभार्थी को किसी कारणवश लाभ नहीं मिल रहा है तो प्राथमिकता से उसका निराकरण कराते हुए लाभ दिलाया जाए। प्रभारी मंत्री ने निराश्रित गोवंश की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि यह योजना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता की योजना है उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि शतप्रतिशत निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए, इसके लिए जनपद में बड़ी गौशाला बनवाने हेतु जमीन का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार किया जाए, इसके साथ ही संचालित गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगवाकर उनको क्रियाशील कराकर अधिकारियों द्वारा यह भी समीक्षा की जाए कि संरक्षित गोवंशों को छोड़ा ना जाए, गौशालाओं में गोवंशों के भरण पोषण की धनराशि का समय से भुगतान किया जाए। बैठक में वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, व दिव्यांग पेंशन की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि सभी पात्र लोगों को पेंशन का लाभ दिलाया जाए, ब्लॉक व तहसील स्तर पर कैंप आयोजित कर प्रधान व सचिव के द्वारा ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार करवाकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाए।

राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में छात्रों का प्लेसमेंट न होने से धरना

अमेठी । राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान में कॉलेज प्लेसमेंट न मिलने से नाराज सैकड़ो की संख्या में छात्र धरने पर बैठ गए हैं. सुबह 8 बजे से छात्र धरने पर बैठे हुए हैं लेकिन अभी तक कोई भी कॉलेज का सक्षम अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा है. छात्रों का आरोप है. कि देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करके वह इस कॉलेज में दाखिला लेते हैं और लाखों रुपए महीने फीस देते हैं लेकिन इसके बावजूद भी कई सालों से कॉलेज प्लेसमेंट नहीं हुआ जिस कारण उनके साथ-साथ उनके परिवार के सपने चकनाचूर हो रहे हैं । अमेठी के बहादुरपुर स्थित राजीव गांधी पेट्रोलियम संस्थान का है. जहां आज सुबह सैकड़ो छात्र कॉलेज की गेट पर धरने पर बैठ गए. सुबह 8 बजे से धरने पर बैठे छात्रों से मिलने कॉलेज का कोई भी सक्षम अधिकारी अभी तक नहीं पहुंचा है. छात्र पूरी तरह से आक्रोशित है. छात्रों का आरोप है देश की सबसे कठिन परीक्षा जेईई एडवांस पास करने के बाद इस कॉलेज में एडमिशन मिलता है. करीब 15 लाख रुपए सालाना फीस भी दिया जाता है बावजूद इसके कॉलेज से प्लेसमेंट नहीं होता है। पिछले कई सालों से कॉलेज से प्लेसमेन्ट नहीं हुआ है. प्लेसमेंट ना होने के कारण हम लोगों का भविष्य चकनाचूर हो रहा है. मां-बाप लाखों रुपए खर्च कर हम लोगों को पढ़ाते हैं लेकिन उसका कोई मतलब नहीं निकल रहा है।

युवक ने रस्सी के सहारे फंदा लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

अमेठी । पत्नी से विवाद के बाद पति ने घर के अंदर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में हड़कंप मच गया और पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है । जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव का है जहां गांव का रहने वाला मुकेश कुमार पुत्र बृजलाल की शादी करीब 5 साल पहले पास के ही गांव के रहने वाली सावित्री के साथ हुई थी. पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया. विवाद के बाद पत्नी ने मामले की जानकारी अपने मायके वालों को दी. जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग घर पहुंचे और सावित्री को लेकर अपने घर चले गए. पत्नी के जाते ही नाराज मुकेश कुमार अपने कमरे में पहुंचा और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो फांसी पर लटका शव देख हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा होगा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतक के 5 वर्ष और 3 वर्ष के दो लड़के भी हैं ।

जनपद स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

शाहगढ़, अमेठी। बी आर सी कैंपस खेलकूद मैदान में रविवार को स्व राम भवन उपाध्याय स्मृति में एक दिवसीय रात्रि दिन चलने वाला वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जो देर रात्रि तक चलता रहा। मैच का उदघाटन प्रतापगढ़ एमएलसी पूर्व राज्य सभा सदस्य अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी ने किया। वालीबाल टूनामेंट में अन्य जनपद सहित कुल 16 टीमों ने हिस्सा ली। टूनामेंट में शामिल टीम सेवई, शाहगढ़, अगहर, दुआरा, धम्मौर सुल्तानपुर, गोबरी प्रतापगढ़, जगेशरगंज प्रतापगढ़, जामों, लंभुआ सुल्तानपुर, ठेंगहा, कालिकन, अम्बेडकर नगर, लखनऊ, अलीगंज सुल्तानपुर, सिन्दूरवा तथा फैजाबाद शामिल हुई। मैच पारी खेलने के बाद आठ टीमें अगहर, शाहगढ़, जागेश्वर गंज, कटका खानपुर, फैजाबाद, जागेश्वर गंज इंटरमीडिएट, कृष्ण नगर, गोबरी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल के हुए कड़े मुकाबले में चार टीम अगहर, गोबरी, जगेशरगंज व कृष्ण नगर की टीम सेमी फाइनल में पहुंची। सेमी फाइनल के हुए रोमांचक जोरदार मुकाबले में अगहर और गोबरी प्रतापगढ़ में पहुंची, फाइनल मैच में अगहर की टीम विजेता और गोबरी की टीम उपविजेता रही। पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिभुवन दत्त उपाध्याय ने विजेता ट्राफी व राशि 21 हजार और उपविजेता टीम के कप्तान को ट्राफी तथा राशि 18 हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। आयोजक अनुराग उपाध्याय ने पूर्व खिलाड़ी संभ्रांत नागरिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख डी के श्रीवास्तव, चक्रधारी प्रताप सिंह पिंटू, सुरेश उपाध्याय, नागेंद्र उपाध्याय, विनीत धुरवंशी, राम सजीवन उपाध्याय, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी बालाजी, सर्वेश शर्मा, मनोज उपाध्याय, सूरज दुबे, सुभाष उपाध्याय, वीरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अवनीश उपाध्याय, दान बहादुर सिंह, प्रधान मोहम्मद शरीफ, अनुभव यादव, कुलदीप सिंह, राम यश शर्मा, अरविंद शर्मा, रजनीश यादव आदि मौजूद रहे।

फंड पेंशन के लिए प्रभारी मंत्री से लगायी गुहार



रायबरेली। हद हो गई आखिर ये कैसे सहन होता है, कितना सही है, जब आम आदमी को सरकारी तंत्र में काम करते हुए जीवन गुजर जाए और जब उसको उसके जमा किए गए फंड व पेंशन के लिए हुक्मरान द्वारा मिन्नतें कराई जाए, घुटने टेकने पडे और इसके बाद काम न हो तो दुनिया भर की जलालत झेलते हुए अपने आला अधिकारियों के आगे ही नहीं बल्कि सरकार के नुमाइंदों के आगे कदमों में झुक जाना पड़े। ऐसा ही वाक्या प्रभारी मंत्री के सामने हुआ जब रिटायर्ड वार्डब्वाय को अपनी पेंशन और फंड के लिए पाँव में झुकना पड़ा। मामला जिला अस्पताल में तैनात सीएमएस प्रदीप अग्रवाल व रिटायर्ड लालचंद राय वार्ड ब्वॉय से जुड़ा है जो अपनी सेवा पूर्णकर 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हुआ। उसने प्रभारी मंत्री के सामने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका फंड लगभग 44 लाख रुपए रुका हुआ है जिसके लिए सीएमएस बिना कमीशन और रिश्वत के फाइल आगे नहीं बढ़ने दे रहे हैं। इसके पूर्व जिला अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने आवाज भी उठाई थी लेकिन तानाशाह सीएमएस के आगे किसी की नहीं चली इसके बाद पीड़ित वार्ड ब्वॉय जिलाधिकारी दफ्तर के सामने धरने पर भी बैठा लेकिन उसकी मजबूरी और लाचारी को डीएम ने भी नजर अंदाज कर दिया था।

सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान से पीड़ित परिवार मिलकर न्याय की मांग करते हुए लिखित शिकायत की है। मंत्री को दी गई शिकायत के मुताबिक आरोप है कि बिना कमीशन दिए सीएमएस ने फाइल रोक रखी है पूरे मामले को लेकर मंत्री ने डीएम हर्षिता माथुर को जांच सौंप कर रिपोर्ट मांगी है।

रिश्वत की मांग का कथित आडियो वायरल

रायबरेली। इसके पूर्व सोशल मीडिया पर एक कथित आडियो वायरल हो चुका है जिसमें बताया जा रहा है कि ऑडियो में हो रही वातार्लाप सीएमएस डॉ प्रदीप अग्रवाल व पीड़ित लालचंद राय के बीच है। हालांकि इसकी पुष्टि यह अखबार नहीं करता है यह जांच का विषय है। लेकिन उसमें साफ तौर पर बाबू से मिल लेने और बिना कुछ मिले फाइल आगे न बढने की बात हो रही है। एक तरफ कोई कह रहा है सिर्फ 5 हजार दे रहे है फिर जवाब में यह कहा जाता है कि इतनी बड़ी रकम पास कराने में कुछ तो फायदा हो। जिस पर पीड़ित का कहना रहता है कि इससे अधिक नहीं दे पाएंगे।

खुलेआम भ्रष्टाचार, खामोश रही डीएम

रायबरेली। एक चतुर्थ श्रेणी का सेवानिवृत्ति कर्मचारी ऊपर से बुजुर्ग उसके साथ हो रहे अन्याय को डीएम हर्षिता माथुर ने भी संज्ञान नहीं लिया जबकि डीएम जिले का मुखिया होता है यह सब होता रहा आडियो वायरल हुआ अस्पताल के कुछ कर्मचारी पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए विरोध प्रदर्शन करते रहे। स्वयं पीड़ित डीएम दफ्तर पर धरना दिया लेकिन नतीजा शून्य रहा अगर मामले को डीएम संज्ञान ले लेती तो आज एक बुजुर्ग को न्याय के लिए मंत्री के चरणों में ना गिरना पड़ता।

प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल व गौशाला का किया निरीक्षण

रायबरेली। प्रभारीमंत्री ने कान्हा गोवंश आश्रय स्थल डिडौली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गौशाला में 466 गोवंश संरक्षित पाए गए, पशुओं को भूसा के साथ पशु आहार खिलाया गया था। पानी के हौज में साफ पानी भरा हुआ पाया गया, लगभग 150 कुंतल भूसा संरक्षित था। गौशाला परिसर में लगभग 7 बीघे नेपियर बहुवर्षीय घास हरे चारे के लिए लगाई गई है।

भाजपा समर्पण दिवस के रूप में मनायेंगी पं दीन दयाल की पुण्यतिथि

सुलतानपुर। एकात्म मानवाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 56वीं पुण्यतिथि मंगलवार 11 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी समर्पण दिवस के रूप में मनाएगी। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। श्री वर्मा ने कहा कि जिले के प्रत्येक बूथ पर समर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी कार्यकर्ता अपनी समर्पण निधि नमो एप, कैश तथा चेक के माध्यमों से करेंगे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी ने किया। बैठक में पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान, धर्मेन्द्र बबलू, जिला उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुनील वर्मा, आशीष सिंह रानू प्रदीप कुमार शुक्ला, मनोज मौर्य जगदीश चौरसिया, राजित राम, पूजा कसौधन, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक कुमार सिंह समेत भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री अयोध्या वर्मा आदि प्रमुख लोगों के साथ मंडल अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित थे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में केंद्रीय बजट पर प्रबुद्ध, विशिष्ट जन, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का सम्मेलन आयोजित करने की रूपरेखा को भी अंतिम रूप दिया गया। समर्पण कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक विधानसभा में एक-एक जिला पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

श्रद्धा के बिना कोई भक्ति संभव नहीं होती है : आचार्य अनिल

चांदा, सुलतानपुर। स्थानीय क्षेत्र के रामपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के विश्राम दिवस पर भागवताचार्य अनिल पाण्डेय जी महराज ने भागवत भक्तो के समक्ष सातवे दिन की कथा में कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती तथा विशुद्ध हृदय में ही भागवत टिकती है। भगवान के चरित्रों का स्मरण, श्रवण करके उनके गुण, यश का कीर्तन, अर्चन, प्रणाम करना, अपने को भगवान का दास समझना, उनको सखा मानना तथा भगवान के चरणों में सर्वश्व समर्पण करके अपने अन्तःकरण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है। श्रीकृष्ण को सत्य के नाम से पुकारा गया। जहां सत्य हो वहीं भगवान का जन्म होता है। भगवान के गुणगान श्रवण करने से तृष्णा समाप्त हो जाती है। परमात्मा जिज्ञासा का विषय है, परीक्षा का नहीं। इसके पूर्व मुख्य जजमान हरिवंश सिंह ने व्यासपीठ की आरती, पूजन किया। इस मौके पर जोखन सिंह, कृष्ण कुमार पांडेय, हिरेंद्र सिंह नगई विद्याधर तिवारी उपस्थिति उल्लेखनीय रही। ग्राम प्रधान हिरेंद्र सिंह ने पुष्पहार, अंगवस्त्र भेंट कर महाराज श्री का अभिनन्दन किया। संगीतमयी कथा के मध्य भजनो से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

प्रभारी मंत्री के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ किया उनका स्वागत

गौरीगंज, अमेठी। राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सतीशचंद्र शर्मा अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री का विभिन्न सरकारी कार्यक्रम के बाद गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर आगमन हुआ। कार्यकताओं एवं पदाधिकारी ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रासाद मिश्रा के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मोदी जी जी एवं योगी जी के कार्यों की वजह से भाजपा दिन प्रतिदिन आगे बढ़ रही है मिल्कीपुर एवं दिल्ली विधानसभा में प्रचंड जीत लिए सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं प्रेषित किया। एवं नव नियुक्त सभी उपस्थित मण्डल अध्यक्ष को बधाई दी और कहा कि हम सभी लोग बूथ स्तर पर भाजपा के सभी पुराने वरिष्ठ व नौजवान कार्यकताओं के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करेंगे और अमेठी की सभी चारों विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने आगे कहा कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी है, कार्यकताओं के बल पर आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं अपितु दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी को अश्वस्त करते हुए कहा कि प्रभारी मंत्री के नाते मैं 24 घंटे अमेठी के कार्यकताओं के सुख-दुख में खड़ा रहूंगा, कार्यकताओं का किसी प्रकार का शोषण और उत्पीड़न नहीं होने पायेगा, उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत आम नागरिक तक पहुंचे इसको लेकर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक करते हुए विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही साथ कार्यकताओं से भी वार्ता करते हुए उनकी समस्त समस्याओं का समाधान किया जाएगा। प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं मण्डल अध्यक्षों ने प्रभारी मन्त्री जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

स्लो साइकिलिंग प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में खेलो भारत काशी प्रांत में खेल कुंभ का आयोजन 2 फरवरी से 10 फरवरी तक हुआ। इसी के अंतर्गत बल्दीराय इकाई द्वारा स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर जिले के जिला सह संयोजक विपुल मिश्रा रहे। इस कार्यक्रम में 72 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए प्रतिभागियों को ट्रॉफी मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक वेद प्रकाश तिवारी रहे। अतिथि के क्रम में प्रवक्ता राधे श्याम त्रिपाठी, अवधेश दुबे, बद्री यादव, विक्रम बहादुर सिंह ,जग प्रसाद वर्मा रहे। बल्दीराय तहसील संयोजक अमन वर्मा , वलीपुर नगर के नगर अध्यक्ष अरुण दुबे , नगर मंत्री विपिन यादव , सोनू तिवारी , आनंद कृष्णा पाण्डेय, सूरज यादव, सत्यम पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, दिलीप तिवारी, अशोक दुबे, विकास दुबे, राकेश यादव, जीत मौर्य, मयंक आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में रामरती मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल की छात्रा श्रद्धा दूबे प्रथम, जुरीशा द्वितीय व तृतीय स्थान साक्षी यादव आर बी एल चिल्ड्रन एकेडमी को मिला। छात्रों में अमन यादव सत्याश्रम स्कूल को प्रथम स्थान, रामरती मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल के छात्र हुसैन आमिर को द्वितीय स्थान, पी पी इन्टर कालेज के छात्र अभिषेक को तृतीय स्थान मिला।

प्रतिदिन करें योग रहेंगे निरोग- सुनील दत्त तिवारी

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। सोमवार को कमला देवी बालिका इण्टर कालेज भारत नगर में विद्यालय के प्रबंधक भरत मिलन तिवारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रवीन्द्र पांडेय, प्रधानाचार्य मनसा मिश्रा ने बच्चों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। योग गुरु सुनील दत्त तिवारी ने योग के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा चलाए जा रहे त्रैमासिक योग प्रशिक्षण शिविर में चयनित छात्रों को तीन माह तक प्रतिदिन विधिवत योग का प्रशिक्षण योग प्रशिक्षक सुनील दत्त तिवारी द्वारा दिया जाएगा।

बैठक में डीएम ने जानी फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति

सुलतानपुर। जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ फार्मर रजिस्ट्री किसान योजना की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिये गये। उक्त कार्य राजस्व, कृषि, जन सुविधा केन्द्र व पंचायत के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सम्पन्न किया जा रहा है। अब तक फार्मर रजिस्ट्री का कुल डाटा 5,73,000 के सापेक्ष 1,93,000 का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लायें।

संक्षेप

टायर फटने से दो गाड़ियां भिड़ीं, कई हुए घायल

मथुरा। बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह माइलस्टोन 124 के समीप इनोवा क्रिस्टा कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर टेंपो ट्रैवलर से टकरा गई।जिससे टेंपो ट्रैवलर भी अनियंत्रित होकर कर पलट गई। हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर माइल स्टोन 124 के समीप नोएडा की तरफजा रही इनोवा क्रिस्टा बाया टायर फ्ट जाने के कारण उसके बगल में जा रही टेंपो ट्रैवलर से टकरा गयी और टेंपो ट्रैवलर पलट गई।

हादसे की सूचना पर बलदेव पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे में टेंपो ट्रैवलर सवार चंद्रावती पत्नी स्वर्गीय ब्रह्म शर्मा, इशिका शर्मा, दया शर्मा, पारुल और संजय निवासी नोएडा घायल हो गए हैं, जबकि इनोवा कार में सवार लोगों को भी हल्की चोटे आई है। दोनों गाड़ियों के सवार यात्री महाकुंभ से लौट रहे थे कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं है।सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है।

मुठभेड़ में ठगी गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

मथुरा। महानगर में बृजवासी मिठाई बालों के मैनेजर से नगर निगम के कथित कर्मचारी अधिकारी बनकर घी बेचने के नाम लाखों रु की ठगी करने वाला शातिर गिरोह के चार बदमाश पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए हैं जिनमें से तीन बदमाश को गोली लगी है। इस गिरोह ने मथुरा

● तीन बदमाश गोली लगने के बाद घायल

के ही एक कोल्ड ड्रिंक व्यापारी से भी हजारों रुपए की ठगी की थी । तीनों घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टटलू बाजी की घटनाओं से संबंधित 1.70 लाख रुपये व भारी मात्रा में अवैध असलाह व कारतूस व घटना में प्रयुक्त वैगनार कार बरामद हुई है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल निर्देशन में एसओजी टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में व्यापारियों से रुपये ऐंठने वाले टटलू गैंग के अन्तर्राज्यीय शातिर बदमाश प्रिंस अदलखा उर्फ मुच्छी पुत्र ओमप्रकाश निवासी गुड़गांव, राजकुमार पुत्र मदनलाल निवासी गुड़गांव (हरियाणा), राजेश कुमार उर्फ राजू पुत्र नानकचन्द्र, विजय कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम निवासीगण गुड़गांव को समय माल गोदाम रोड के बराबर में रेलवे का खाली जंगल में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 1,.70 लाख रुपये, 03 तमंचा 315 बोर, वैगनार कार नं. एचआर 55 एवी 1429 बरामद हुये। इन लोगों ने साथियों के साथ मिलकर शहर के ब्रजवासी मिठाई वाले की दुकान के कर्मचारी पर निगरानी करके एक साथी ने उसे उसका फायदा कराने का लालच देकर उसे सस्ते दामों में असली घी के पीपे ब्रांडेड देने की बात कहकर नगर निगम कार्यालय बुलाया था उससे 1,87,000 रुपए ले लिये थे तथा उसे थोड़ी देर में रसीद काटकर अन्दर से माल लाकर देने का चकमा देकर ये लोग भाग आये थे जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया।

इस संबंध में एसपी सिटी डा अरविन्द कुमार सीओ सिटी भूषण वर्मा

ने बताया कि ये गिरोह प्रत्येक घटना के लिये अलग से मोबाइल व फर्जी पते पर सिम कार्ड खरीद कर टू कोलर पर गुप्ता जी नगर निगम का नाम सेव कर अलग अलग जनपद में नगर निगम कार्यालय पर जाकर गूगल से प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान / मिष्ठाई की दुकान / कोल्ड ड्रिंक सप्लायर्स के मोबाइल नंबर सर्च करके वार्ता करते हैं और जब्त किया गया घी / रिफायंड / कोल्ड ड्रिंक सस्ते दाम पर बेचने का लालच देकर डीलिंग करके नगर निगम कार्यालय पर व्यापारी को बुलाकर अपना गलत नाम बता कर गुमराह करके लाखों रुपये अपने एक साथी के हाथों लेकर व्यापारी को रसीद व गेट पास पर्ची कटवा कर निकल जाते हैं और एक घटना करके फर्जी पते पर ली गयी सिम कार्ड व मोबाइल को तोडकर फैंक देते हैं तथा दूसरी घटना करने के लिए यही क्रम जारी रखते थे। 31 जनवरी को ब्रजवासी मिष्ठान भण्डार के मैनेजर से 1,87,000/- रुपये व 13 दिसम्बर 24 को कोल्डड्रिंक थोक सप्लायर्स के साथ 86,000/- रुपये की धोखाधडी करके रुपये लेकर भाग गये थे ।

उक्त बदमाशों का गिरोह मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, हापुड, कानपुर, दिल्ली, मानेसर गुडगांव, फरीदाबाद हरियाणा व देहरादून उत्तराखण्ड आदि स्थानों पर इसी प्रकार से प्रतिष्ठित व्यापारियों के साथ घटनायें करता रहा है।

आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गयी

फिरोजाबाद। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा आगामी शवे-बारात त्यौहार के मद्देनजर संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की गयी,जिसमें आगामी त्योहारों शवे-बारात आदि को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। मीटिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं त्यौहारों के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को जानकर उनके विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। उन्होंने

जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील की कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे। फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी, फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है।

थाना साइबर पुलिस ने ठगी के 5 लाख रुपए वापस कराये

फिरोजाबाद। थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी में वादी के 5,11,200 रुपए सकुशल वापस कराएं गए। सतीश चन्द्र राठौर पुत्र श्याम बाबू निवासी निकट नल कूप कॉलौनी आसफाबाद थाना फिरोजाबाद के साथ दिनांक 12.07.2024 को अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखाधडी कर के 5,11,200 रुपये ठग लिये थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी थाना साइबर क्राइम को घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा समयबद्ध प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंकों को पत्राचार किया गया जिसके क्रम में वादी के कुल 5,11,200 रुपये सकुशल वापस कराए गए। वादी द्वारा थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया।

गैंग लीडर अभियुक्त को शराब माफिया में पंजीकृत किया गया

फिरोजाबाद। जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के अंतर्गत जनपद में संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराधों को कारित करने वाले अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से जालसाजी कर अन्य प्रांतों से अवैध शराब खरीदकर विक्रय कराने वाले गैंगलीडर अभियुक्त भूपेन्द्र यादव उर्फ फौजी पुत्र ग्रीशचन्द्र निवासी लेबर कॉलोनी नई आबादी स्टेशन के पास थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को शराब माफिया के रूप में घोषित किया गया है जिसे थाना शिकोहाबाद पर दर्ज करते हुए अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है। अभियुक्त भूपेन्द्र यादव उर्फ फौजी की गैंगस्टर एक्ट के तहत 11-07-2024 को साठ लाख पैंसठ हजार आठ सौ अड़तीस रुपए की चल अचल सम्पत्ति को कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की जा चुकी है। शराब माफिया भूपेन्द्र यादव उर्फ फौजी पर लगभग आधा दर्जन गम्भीर अपराधों के अभियोग पंजीकृत हैं।

जिलाधिकारी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई जिसमे जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की वृद्धा पेंशन दिव्यांग पेंशन पति की मृत्यु उपरांत महिला पेंशन योजनाओं में पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने हेतु तीनो पेंशनों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोस्टर बनाकर दो दिन का शिविर लगाना सुनिश्चित करें, साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायत में रोस्टर के अनुसार ए0डी0ओ0 पंचायत और ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई जाए, जिससे पेंशन पाने वालों की शिकायतों का समाधान भी हो सके, उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का माह फरवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना में जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी जांचोपरांत पात्र लाभार्थियों के भुगतान हेतु धनराशि की मांग विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी कॉलेजों में छात्रवृत्ति का डाटा संशोधित करते हुए 10 फरवरी तक स्थानांतरित कराना सुनिश्चित करें, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में संचालित कोचिंग सेंटर में नीट, यू0पी0एस0सी0 जे0ई0 की तैयारी कर रहे, छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ाई जाए, जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकारी अधिनियम के अंतर्गत जांच व सत्यापन करने के उपरांत टी0 जी0 कार्ड एवं उनके प्रमाण पत्र जारी करें, उन्होंने निर्देशित किया कि लालऊ, सोफीपुर तथा छितरई में नवनिर्मित किये जा रहे छात्रावासों के लिए शासन से बजट की मांग हेतु मांग पत्र भेजा जाए, उन्होंने कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में आगामी सत्र में विद्यालय छात्र क्षमता के अनुसार छात्रों का शत-प्रतिशत प्रवेश कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

बिल्डरों की दहशत से महिलाएं घरों में कैद

आगरा। ताजनगरी के बल्केश्वर कुंज में बिल्डरों की दबंगई के चलते श्री कृष्णा गोल्ड रेजीडेन्सी की महिलाएं दहशत में हैं। पुलिस मामले को गम्भीरता से नहीं ले रही। पीड़ितों का आरोप है कि क्षेत्रिय पुलिस व चौकी प्रभारी बिल्डरों से मिले हुए हैं। वह उनकी सुनते नहीं शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से बिल्डरों के हौसले बुलंद है। पीड़ितों का कहना है कि बिल्डरों द्वारा हर रोज गुन्डों के साथ महिलाओं को भेज कर उनसे अभद्रता करने के साथ चुप न रहने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनकी दहशत से महिलाएं व बच्चे तथा पुरूष अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। पीड़ित महिलाएं अब इस मामले को लेकर महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहाने से मिलेंगी। आपाके बता दें कि हमने खुलासा किया था कि एक बिल्डर जोड़ी अपने बेचे गये फ्लैटों की छत पर दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर मोबाइल टावर लगवाने का कार्य कर रहे थे। जब फ्लैटों में रहने वाले मालिकों को यह पता चला तो उन लगों ने इसका विरोध किया। वहीं पीड़ितों ने इसकी शिकायत 112 पर की तो मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्य रूकवा दिया। वहीं पीड़ितों को थाने पर लिखित शिकायत देने को कहा। जब पीड़ितों की ओर से एक महिला व बुजुर्ग थाने पहुंचे तो बल्केश्वर चौकी प्रभारी ने उनके ऊपर कार्यवाही का डर दिखाते हुए घंटो थाने पर बैठाये रखा। पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस बिल्डरों से मिली हुई है। उनका कहना है कि उन्हें थाने पर चार से पांच घंटे इस लिए रोका रखा जिससे बिल्डर अपना अवैध रूप से मोबाइल टावर लगाने का कार्य पूरा कर सके। पीड़ितों का आरोप है कि इन सभी कार्यो को पुलिस का एक दलाल अंजाम दे रहा है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कमलानगर के बल्केश्वर कुंज में दो मशहूर बिल्डरों की जोड़ी ने श्री कृष्णा गोल्ड रेजीडेन्सी के नाम से एक अपार्टमेंट का निर्माण कराया था। उक्त अपार्टमेंट में तमाम फ्लैटों का निर्माण एडीए के नक्शें से एकदम विपिरित कराया गया। वहीं फायर बिग्रेड से एनओसी भी नहीं ली गई। इसके अलाव क्षेत्र के फुटपाथ का भी कुछ हिस्सा उक्त निर्माण में कब्जा लिया गया। वहीं किसी भी विभाग से परमीशन लिए बिना अपने मन मुताबिक आम रास्ते पर कब्जा कर उस पर गेट लगाकर बंद कर दिया गया। अब आरोप है कि बिल्डरों ने समूचे फ्लैट बिक्री कर दिए लेकिन उसके बाद भी बह आपार्टमेंट की छत पर कब्जा कर रहे हैं।

आत्म हत्या हेतु विवश करने के आरोपी ससुर की जमानत खारिज

आगरा। दामाद को आत्म हत्या हेतु विवश करने के मामले में आरोपित ससुर महेश चन्द पाराशर निवासी गायत्री सिग्नेचर, मारुति सिटी रोड थाना ताजगंज, जिला आगरा द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र जिला जज माननीय विवेक संगल ने खारिज करने के आदेश दिये। थाना ताजगंज में दर्ज मामले के अनुसार वादी मुकदमा मनोज कुमार उपाध्याय निवासी गंगा रतन रेजीडेंसी, चमरोली रोड ताजगंज के भतीजें हिमांशू उपाध्याय के साथ शादी 4 दिसंबर 2023 को आरोपी महेश चन्द की पुत्री भावना के साथ हुई थी। वादी के भतीजें की राजेश्वर मन्दिर के पास दुर्गा हार्ड वेयर के नाम से दुकान थी। वादी का आरोप था कि भतीजे का ससुर घटना से कुछ दिन पूर्व घर आ उसे दहेज के मुकदमें में जेल भिजवानें की धमकी देकर गया था । जिसके चलते अवसाद मे आकर उसके भतीजे ने 10 अक्टूबर 2024 को तमंचे से स्वयं को गोली मार आत्म हत्या कर ली। वादी के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय आहूजा, वीनू आहूजा एवं साजिद अहमद के तर्क पर जिला जज ने आरोपी ससुर की जमानत खारिज करने के आदेश दिये।

ट्रॉला ने मजदूरों को रौंदा, एक की मौत

मथुरा। थाना मगोर्रा क्षेत्र के अंतर्गत जाजमपट्टी चैराहे पर रविवार की देर शाम ट्रोला ने दो मजदूरों को रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी।

ग्राम प्रधान पवन कुमार ने बताया कि गांव जफ्ता निवासी गुलाब सिंह अपने साथी नारायण के साथ मजदूरी करने के लिए रविवार की सुबह घर से निकले थे। देर शाम वह मजदूरी कर बस से जाजमपट्टी चैराहे पर उतरे। तभी तेज रफ्तार से दौड़ते एक ट्रोला ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में गुलाब सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि नारायण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने अस्पताल भर्ती कराया। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद गांव प्रधान व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रोला को कब्जे में ले लिया।

महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत - प्रतिशत मिलेः डॉ. बबीता चौहान

मथुरा। उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ की अध्यक्षा राज्यमंत्री डा. बबीता चैहान ने महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लो0नि0वि0 के सभाकक्ष में की। इस दौरान लगभग 34 पीड़ित महिलाओं ने स्वयं उपस्थित होकर अपनी समस्यायें अध्यक्षा डा. बबीता चैहान के समक्ष रखी जिसके घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रथा, गुमशुदा बालिका आदि की शिकायतें सम्मिलित हैं। मा0 अध्यक्षा द्वारा उपरोक्त सभी शिकायतों में सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये।

साथ प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही महिला कल्याणकारी योजनों का लाभ पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने की भी बात कहीं गयी। इस दौरान महिला जनसुनवाई / समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), उपजिलाधिकारी, जिला

समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी, प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि नगर निगम मथुरा-वृन्दावन, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, वन स्टॉप सेन्टर यूनिट प्रथम / द्वितीय जिला बाल संरक्षण इकाई आदि उपस्थित रहे। डा0 बबीता चैहान, अध्यक्षा (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा कहा गया कि आज की जनसुनवाई में लगभग 34 शिकायतें प्राप्त हुई जोकि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रथा, गुमशुदा बालिका आदि से सम्बन्धित हैं।

इसमें अधिकत्तर मामलें गुमशुदा बालिकाओं तथा परिवार विघटन के थे जिनमें तत्काल कार्यवाही करने हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र तथा सम्बन्धित थाना को निर्देशित किया गया। साथ नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मथुरा में 11 पिंक टॉयलेट हैं जनपद मथुरा एक धार्मिक स्थल है यहाँ अधिक संख्या में श्रद्धालु आते हैं जिनमें महिलायें भी शामिल हैं। इस हिसाब से पिंक टॉयलेट पर्याप्त नहीं हैं। अतः पिंक टॉयलेट की संख्या बढाने हेतु तथा पिंक टॉयलेट पर महिला कर्मचारी की नियुक्ति किये जाने के निर्देश दिये गये है। माह दिसम्बर, 2024 में हुई जनसुनवाई में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनका निस्तारण किया जा चुका है। उ0प्र0 महिला राज्य आयोग महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिये निरन्तर प्रयासरत है। विकास चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कहा अध्यक्षा के निदेशानुसार आज की जनसुनवाई में आयी शिकायतों को सम्बन्धित विभागों के समन्वय से प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जायेगा। इसके बाद अध्यक्षाजी तथा कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

तहसील का निरीक्षण

मथुरा। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सोमवार को सदर तहसील का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। रजिस्ट्रार कानूनगो (आर.के) पटल का निरीक्षण करते हुए पंजिकाओं का अवलोकन किया, तहसील में न्यायालयों से जारी आदेशों के रजिस्टर एवं खतौनी में दर्ज किए जाने का भी सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने तहसील हवालात, रिकॉर्ड रूम, कंप्यूटर रूम को देखा तथा विभिन्न रजिस्टरों को जांचा।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर वैभव कुमार, तहसीलदार सदर सौरभ यादव तथा नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि कोर्ट से जारी होने वाले आदेशों को प्रतिदिन दर्ज किया जाए। उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया कि वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तथा समयावधि में किया जाए। उन्होंने तहसील आए वादी, प्रतिवादी तथा फरियादियों से चर्चा कर तहसील का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील सदर के निरीक्षण के दौरान तहसील में मिली गंदगी पर नाराजगी जाहिर की। जगह जगह गंदगी मिली, जिसपर जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि तहसील परिसर में उत्कृष्ट साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी तहसील परिसर में साफ सफाई का नियमित निरीक्षण करे। उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार दोनों लोग मिलकर तहसील से गंदगी साफ कराएं।

तहसील में आने वाले फरियादियों, अधिवक्ताओं, आम जनमानस आदि के लिए शौचालय की व्यवस्था करें। कोई भी व्यक्ति तहसील परिसर में खुले में टॉयलेट न करे।

रिफाइनरी क्षेत्रः डिवाइडर से टकराई कार, एक दोस्त की मौत, दो गंभीर

फोटो नं. 05 कैप्शनः मृतक का फाइल फोटो इंसेट में क्षतिग्रस्त कार

मथुरा। रिफाइनरी क्षेत्र के भैंसा मार्ग पर हुये भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार चालक अनियंत्रित होकर संतुलन खो बैठे जिससे कार डिवाइडर से टकरा गयी। हादसा इतना भयंकर था कि कार की छत दूर तक जा उड़ी वहीं इंजन और पहिये दूर गिरे। कार के अंदर फंसे तीन युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। कार के अंदर से युवकों को निकालने में पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। संदीप कुमार (20 वर्ष) पुत्र राजनारायण निवासी कासगंज तबालपुर रिफाइनरी में सिविल सुपरवाइजर हेल्पर का कार्य करते थे। तीनों ने भैंसा में किराये पर कमरा ले रखा था। कल वह ड्यूटी खत्म करके अपने साथ काम करने वाले सुभाष और अंकित के साथ स्विफ्ट कार में सवार होकर कमरे के लिए चल दिया। कार सवार भैंसा जाने वाले मार्ग से गुजर रहे थे तभी रास्ते में तेज रफ्तार से चल रही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार की गति इतनी तेज थी कि उसके परखच्चे उड़ गए। कार की छत उड़ गयी और अन्य हिस्सा दूर जा गिरा। दुर्घटना के बाद कार में सवार युवक उसमें बुरी तरह फंस गये। स्थानीय लोगों की भीड़ लग गयी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार सवार युवकों को बाहर निकाला लेकिन तब तक संदीप की मौत हो चुकी थी। जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि कार को अंकित चला रहा था जिसकी हालत गंभीर बनी हुयी है। परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं।

संदीप के लिये बहू तलाश रहे थे परिजन

भैंसा मार्ग पर हुयी सड़क दुर्घटना में संदीप की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजनों ने बताया कि रिफाइनरी में नौकरी लगने के बाद संदीप की शादी की बात चल रही थी। उसके लिए एक लड़की को भी पसंद कर लिया था। जल्द ही रिश्ता पक्का कर शादी की तैयारी कर रहे थे, कि इससे पहले दुर्घटना में संदीप की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

विधायक ने टूंडला एटा मार्ग चौड़ीकरण का भूमि पूजन किया

टूंडला। सोमवार को विधायक प्रेम पाल धनगर ने टूण्डला एटा राज्य मार्ग-31 के चैनेज 1.890 से 5.00 कि.मी. तक चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया इस दौरान एक सभा का आयोजन कर विधायक ने टूंडला विधान सभा क्षेत्र में कराए जा विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विकास की गंगा बहाई जा रही है। इसी के अंतर्गत टूंडला विधान सभा क्षेत्र में उनके प्रयास से तमाम विकास कार्य कराए जा रहे हैं क्षेत्र में बिजली पानी और सड़क निर्माण कार्यों को प्रमुखता से कराया जा रहा है। विधान सभा क्षेत्र में उनके प्रयास से 105 सड़को के निर्माण कार्यों की मंजूरी मिली है क्षेत्र में अब कोई भी सड़क गड्ढा युक्त नही रहेगी इसके साथ ही कोई भी मार्ग कच्चा नहीं रहेगा सभी



कच्चे मार्गो को पक्का करने का कार्य प्राथमिकता पर कराए जाएंगे कहीं कोई मार्ग कच्चा हो तो उसकी जानकारी क्षेत्र वासी उन्हें कराएं उनको पक्का करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज टूण्डला एटा राज्य मार्ग-31 के चैनेज 1.890 से 5.00 कि.मी. तक चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण के कार्य का भूमि पूजन गया है। जिसकी लागत 667.23 लाख एवं लम्बाई 3.110 कि.मी. है। शेष मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य पिछले ठेकेदार की गारंटी खत्म होने पर शीघ्र कराया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गजेंद्र पाल सिंह तहसीलदार टूंडला राखी शर्मा पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता व भाजपा पूर्व जिला संयोजक वृंदावन गुप्ता जिला महामंत्री दीपक चौधरी, रूपेश शुक्ला संजय परमार, सुशील पोनियां लोकेंद्र पोनियां आदि भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीयजन मौजूद रहे। क्षेत्रीय रेल सलाहकार समिति के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने टूंडला एटा रोड के चौड़ीकरण के कार्य के भूमि पूजन पर हर्ष व्यक्त किया उन्होंने बताया कि पूर्व ठेकेदार की एक साल की इस सड़क की वारंटी के कारण एटा तक चौड़ीकरण कार्य नहीं हो पा रहा है। अगले वर्ष वारंटी खत्म होते ही चौड़ीकरण कार्य एटा तक पूर्ण हो जाएगा।

रैली निकाल नशा मुक्ति व जल संरक्षण को किया जागरूक

टूंडला। श्री कृष्ण इंटर कॉलेज प्रभु नगर देव खेड़ा फिरोजाबाद में आवासीय सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने स्वामी विवेकानंद वह मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया इस अवसर पर प्रबंधक भुवनेंद्र प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को बताया कि अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते पर जाने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है हमारे देश का युवा वर्ग को जिंदगी के हर पहलू को जीने की इच्छा होती है युवा वर्ग नशे को अपनी शान समझता है वह शराब गुटका तंबाकू बीड़ी सिगरेट आदि का नशा करता है नशे की लत के कारण हमें बहुत सी अंदरूनी बीमारियां हो सकती हैं ऐसा करने से फेफड़े गुर्दे आदि पर प्रभाव पड़ता है तथा कैंसर जैसी भयानक बीमारी होती है इसलिए हमें जितना हो सके इससे दूर ही रहना चाहिए और ज्यादातर युवाओं को जागरूक करना चाहिए प्रधानाचार्य अनीता यादव ने स्वयंसेवकों को बताया कि 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन से मुक्ति एक स्थाई दुनिया लक्ष्य बनाना है आज पूरी दुनिया मादक पदार्थों की लत के खतरे का सामना कर रही है जिसका प्रभाव व्यक्ति परिवार और समाज के एक बड़े वर्ग पर पड़ा है उन्होंने स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई के भविष्य में हम कभी भी नशा नहीं करेंगे और ना ही किसी और को करने देंगे कार्यक्रम अधिकारी एदल सिंह ने चयनित गांव सलेमपुर में स्वयंसेवकों की रैली निकलवा कर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में व जल संरक्षण के बारे में घर-घर जाकर जागरूक किया कि हमें जल बचाना है बर्बाद नहीं करना है जितना जरूरत हो उतना ही उपयोग करना है टोटियों को सही से लगाना है टपकने नहीं है क्योंकि आने वाले समय में पानी के स्त्रोत नीचे जा रहे हैं हमारे आने वाली पीढ़ी को भी पानी से कोई असुविधा न हो और उन्हें पानी पीने के लिए भरपूर मिलता रहा है इसलिए घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जल संचय उपकरण भी लगे इससे भविष्य के लिए जल सुरक्षित किया जा सके इस अवसर पर सुखबीर सिंह संजय कुमार रामेश्वर प्रसाद तकुलशर्मा जयललिता पूनम राठौर आदि उपस्थित रहे।

तीन इलाकों में हुई मारपीट, कई लोग घायल

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के बांके बिहारी मंदिर सहित तीन अलग अलग इलाकों में मारपीट करने का मामला सामने आया है।मारपीट की घटना में घायल हुए पीड़ितों कोतवाली में तहरीर दी है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।यहां बताते चले कि सोमवार की सुबह जग प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में मुंबई से आए श्रद्धालु और सेवायतों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। मंदिर में हुई मारपीट की घटना ने जहां मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। वही मारपीट की घटना में शामिल श्रद्धालु परिवार व सेवायत गोस्वामियों ने कोतवाली पहुंचकर अपने अपने पक्ष में तहरीर दी है।पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वही एक अन्य मारपीट की घटना बांके बिहारी चैकी क्षेत्र के किशोरपुरा स्थित बाल्मिकी बस्ती में सोमवार की सुबह घटित हुई।जिसमें तीन दिन पहले साथी के साथ हुई मारपीट की घटना की जानकारी करने पहुंचे बाइक सवार लोगों की बाल्मिकी बस्ती में रहने वाले लोगों से मारपीट हो गई।जिसमे दोनों ओर से हुई पत्थरबाजी में दोनों पक्ष के कई लोग घायल हुए है। वही पत्थरबाजी की घटना में एक बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे ले लिया है। वही पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। अचानक हुई मारपीट की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

संक्षेप

टाटा मोटर्स की गुवाहाटी में नयी वाहन स्क्रैपिंग फैसिलिटी

गुवाहाटी। टाटा मोटर्स ने आज गुवाहाटी में अपनी नई वाहन स्क्रैपिंग सुविधा की शुरुआत की। इस अत्याधुनिक सुविधा को 'Re.Wi.Re – Recycle with Respect' नाम दिया गया है, जो पर्यावरण के अनुकूल और सुरक्षित स्क्रैपिंग प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह केंद्र हर साल 15,000 से अधिक पुराने और अनुपयोगी वाहनों को सही तरीके से अलग करने और पुनर्चक्रण करने की क्षमता रखता है। इस सुविधा का संचालन टाटा मोटर्स की सहयोगी कंपनी एक्जीम प्लेटिनम स्क्रैपर्स द्वारा किया जाएगा।

राजधानी फूड्स ने करण और अनन्या को जोड़ा

कानपुर। जब बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस जोड़ी रसोई में कदम रखती है, तो क्या होता है? जादू, बिल्कुल! राजधानी फूड्स ने एक नई ऊर्जा पैदा की है, करण जौहर, जो कहानी कहने के बादशाह हैं, और अनन्या पांडे, जेन जी की सेंसेशन, को अपने प्रतिष्ठित राजधानी बेसन को प्रमोट करने के लिए साथ लाकर। फैशन और लाइफस्टाइल में अपनी चमकदार पहचान के लिए पहचाने जाने वाले ये सितारे, इस बार एक आम भारतीय रसोई की कहानी को ताजगी भरे अंदाज में पेश कर रहे हैं।

मैक्स सर्विसेज का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू आठ प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। वित्त वर्ष 2024-25 के शुरुआती 9 महीनों (अप्रैल-दिसंबर, 2024) में मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू आठ प्रतिशत बढ़कर 34,106 करोड़ रुपये रहा। समीक्षाधीन अवधि में निवेश आय के अतिरिक्त कंसोलिडेटेड रेवेन्यू सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 20,906 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष के शुरुआती 9 महीनों में एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड का न्यू बिजनेस प्रीमियम (इंडिविजुअल व ग्रुप) 16 प्रतिशत बढ़कर 8,091 करोड़ रुपये और इंडिविजुअल एडजस्टेड फर्स्ट ईयर प्रीमियम 25 प्रतिशत बढ़कर 5,352 करोड़ रुपये रहा।

गुजरात इंजेक्ट ने की नतीजों की घोषणा

वडोदरा। गुजरात इंजेक्ट (केरल) लिमिटेड (बीएसई: 524238) देश में कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अग्रणी कंपनी है। कंपनी ने दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही में अपने शुद्ध लाभ में 4500 फीसद की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। कंपनी थोक सब्जियों और फलों का व्यापार करने में माहिर है। यह सीधे किसानों से ताजा उपज प्राप्त करती है और गुणवत्ता, ताजगी और दोषरहित आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करते हुए इसे दुकानदारों तक पहुंचाती है। गुजरात इंजेक्ट (केरल) का दिसंबर-2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 21.16 लाख रुपए था, जो गत वर्ष की हुए शुद्ध लाभ 0.46 लाख की तुलना में 45 गुना ज्यादा अधिक रहा। इसके अलावा, दिसंबर-2024 तिमाही में कंपनी की आय 315.23 लाख रुपए थी।

अमेजन बाजार के साथ बनाये इस वैलेंटाइन डे को और भी खास

नई दिल्ली। अमेजन.इन के नए स्टोर अमेजन बाजार के साथ इस वैलेंटाइन डे को और भी खास और किफायती बनाएं। क्योंकि अमेजन बाजार वैलेंटाइन डे के मौके पर फैशन, होम डेकोर, किचन प्रोडक्ट्स और पर्सनल एक्सेसरीज का बेहद कम कीमत पर पेश कर रहा है। अगर वेलेंटाइन डे के मौके पर आपको अपनी एक परफेक्ट रोमांटिक डेट पर चमकदार गहने पहनने हों, या फिर घर की सजावट में अपना खास टच शामिल करने के लिए आकर्षक होम डेकोर खरीदना चाहते हों, आप अमेजन बाजार पर खास तौर पर तैयार किए गए प्यार बाजार के साथ वैलेंटाइन डे डेट के लिए जो कुछ भी खरीदना चाहते हैं, वो सब खरीद सकते हैं। यहां प्रोडक्ट की शुरुआत सिर्फ.99 रुपये से होती है।

'स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन' लॉन्च

नई दिल्ली। भारत को स्पोर्ट्स टेक का ग्लोबल हब बनाने के अपने विजन के अनुरूप-फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स ने ड्रीम11 द्वारा संचालित स्पोर्ट्स एआई चैलेंज 'स्पोर्ट्स डेटा गेमथॉन' लॉन्च किया है। यह प्रतियोगिता डेटा को एकीकृत करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग के नए तरीकों की खोज की दिशा में एक कदम है। प्रमुख संस्थानों की स्टूडेंट टीम्स इस गेमथॉन में भाग लेंगी, जहाँ वे आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान डेटा फैंटेसी स्पोर्ट्स फॉर्मेट में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

सेंसेक्स में 548 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 548 अंक लुढ़क गया। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी से निवेशकों का भरोसा कमजोर हुआ और बैंक, धातु तथा पेट्रोलियम शेयरों में बिकवाली हुई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 548.39 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ एक सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 753.3 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 178.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381.60 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका की शुल्क लगाने की नई चेतावनी का बाजार धारणा पर असर जारी है। निवेशक सतर्क रुख अपनाते हुए अपना पैसा सोने जैसे सुरक्षित निवेश उत्पादों में लगा रहे हैं। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट आई। ट्रंप ने विभिन्न देशों से सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की है। नकारात्मक कारोबार के बीच छोटे शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2.25 प्रतिशत नीचे आ गया जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सूचकांक ने 2.06 प्रतिशत का गोता लगाया।

शेयर बाजार में निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ का नुकसान

नयी दिल्ली। शेयर बाजार में चार दिन से जारी गिरावट से निवेशकों को 7.68 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और शुल्क को लेकर चिंता से बाजार धारणा प्रभावित हुई। पिछले चार कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 1,272.01 अंक यानी 1.61 प्रतिशत के नुकसान में रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट आई। ट्रंप ने विभिन्न देशों से सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की है।

टमाटर की कीमतें गिरने से ओडिशा के किसान परेशान

बरहामपुर (ओडिशा)। ओडिशा के गंजाम जिले में टमाटर की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बाजार में टमाटर 10 से 15 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिकने के बावजूद, खेती करने वालों को इसकी कीमतें तीन से पांच रुपये प्रति किलोग्राम ही मिल रही है।

बुनियादी उत्पादन लागत भी वसूल न कर पाने के कारण कई किसान अपनी फसल कम दाम पर बेचने को मजबूर हो गए हैं, जबकि कुछ ने तो अपनी फसल को मवेशियों के खाने के लिए ही छोड़ दिया है। गंजाम ब्लॉक के सत्रुसल गांव के टमाटर उत्पादक सुरथ पाहन ने कहा कि पिछले तीन महीनों से फसल पर इतना समय और पैसा खर्च करने के बाद हम कटाई पर खर्च की गई मजदूरी भी नहीं वसूल पा रहे हैं। पाहन ने शुक्रवार को तीन प्रति किलोग्राम के



हिसाब से करीब 15 क्विंटल टमाटर बेचे। एक एकड़ जमीन पर टमाटर की खेती करने वाले पाहन ने कहा कि हमारे इलाके में कुछ किसानों ने व्यापारियों द्वारा मात्र दो रुपये प्रति किलोग्राम की कीमत दिए जाने के बाद अपनी फसल ही छोड़ दी। मठ मुकुंदपुर गांव के दया प्रधान ने बताया, लाभ की बात तो भूल ही जाएं हम बीज, खाद, कीटनाशक और परिवहन पर होने वाले बुनियादी खर्च भी नहीं निकाल पाते। शत्रुसोला गांव के किसान उपेंद्र पोलाई ने कहा कि इतने कम दाम पर टमाटर बेचने के बजाय, मैंने फसल को अपने मवेशियों को खिलाने का फैसला किया। बागवानी विभाग के उप निदेशक कांड जेना ने बताया कि पिछले सप्ताह जिले में टमाटर की कीमतों में भारी गिरावट आई है। इस साल अत्यधिक फसल की वजह से कीमतों में गिरावट आई है। कम अवधि की मौसमी फसल होने की वजह से कई किसानों ने टमाटर की खेती की जिसके कारण आपूर्ति अधिक हो गई और कीमत में गिरावट आई। गंजाम में इस सत्र में करीब 1,500 हेक्टेयर में टमाटर की खेती की गई। किसान नेता एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य ब्रुन्दाबन खतेई ने कहा कि जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और कोल्ड स्टोरेज की कमी के कारण टमाटर उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वैश्विक सड़क अवसंरचना शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत

नयी दिल्ली। वैश्विक सड़क अवसंरचना शिखर सम्मेलन एवं प्रदर्शनी (जीआरआईएस) का आयोजन अगले महीने 6-7 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय सड़क महासंघ (आईआरएफ) ने सोमवार को कहा कि इस सम्मेलन में दुनियाभर से लगभग 300 प्रतिष्ठित बुनियादी ढांचा और सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन सुरक्षित अवसंरचना के लिए प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, शहरी नियोजन के साथ सड़क सुरक्षा को जोड़ने और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने पर केंद्रित होगा। शिखर सम्मेलन का विषय विजन जीरोः सुरक्षित सड़कों के लिए टिकाऊ अवसंरचना और नीति है। आईआरएफ के मानद अध्यक्ष के के कपिला ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का मकसद सड़क डिजाइन, निर्माण और प्रबंधन के हर पहलू में सुरक्षा को प्राथमिकता देना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं बहुत कम करके अंततः शून्य मृत्यु दर का लक्ष्य हासिल किया जा सके। शिखर सम्मेलन में बुनियादी ढांचा कंपनियों, राजमार्ग और सड़क विकास प्राधिकरणों और संगठनों, सड़क ठेकेदारों, सड़क सलाहकारों, स्मार्टसिटी अधिकारियों, सड़क संबंधी सरकारी संघों और निकायों के हितधारकों को एक साथ लाया जायेगा।

भारतीय इस्पात उत्पादकों के लिए चुनौतियां बढ़ेंगी

नयी दिल्ली। मूडीज रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात एवं एल्युमीनियम आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

मूडीज रेटिंग्स के सहायक उपाध्यक्ष हुइ तिंग सिम ने कहा कि पिछले 12 महीनों में भारत में इस्पात के अधिक आयात ने पहले ही देश के इस्पात उत्पादकों की कीमतों और कमाई को घटा दिया है। मूडीज ने उम्मीद जताई है कि ट्रंप प्रशासन के नए कदम से घरेलू इस्पात की मांग बढ़ेगी और बिक्री कीमतें बढ़ने से अमेरिका के इस्पात उत्पादकों को फायदा होगा। ट्रंप ने



रविवार को कहा कि वह इस्पात और एल्युमीनियम आयात के लिए नए शुल्क की घोषणा करेंगे। इसके अलावा ट्रंप प्रशासन किसी भी देश की तरफ से अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाए जाने पर उसके खिलाफ आयात शुल्क लगाने जा रहा है। सिम ने कहा, इस्पात पर अमेरिकी शुल्क प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा और अन्य इस्पात उत्पादक बाजारों में आपूर्ति बढ़ाएगा। इसकी वजह से भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के मुताबिक, 2018 में अमेरिका एवं चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका का इस्पात एवं एल्युमीनियम आयात बढ़ता रहा है। प्राथमिक इस्पात आयात वर्ष 2018 में 31.1 अरब डॉलर था जो बढ़कर 2024 में 33 अरब डॉलर हो गया।

रुपया 87.50 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा डॉलर में मजबूती के बीच सोमवार को रुपया 45 पैसे लुढ़ककर 88 के स्तर के करीब पहुंच गया, लेकिन बाद में भारतीय रिजर्व बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप के कारण यह 87.50 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना के बाद विदेशी बाजार में डॉलर में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.94 पर खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.95 के दिन के सार्वकालिक निचले स्तर को छू गया। हालांकि, रुपये ने अपने शुरुआती नुकसान को कम कर लिया और अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले अपरिवर्तित 87.50 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। शुक्रवार को रुपया अपने सार्वकालिक निम्नतम स्तर से नौ पैसे बढ़कर 87.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। छह फरवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 87.59 के सर्वकालिक निचले बंद स्तर पर आ गया था। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.14 प्रतिशत बढ़कर 108.18 पर कारोबार कर रहा था। शुरुआती कारोबार में कमजोर घरेलू बाजारों और मजबूत अमेरिकी डॉलर इंडेक्स के कारण भारतीय रुपया नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा कथित हस्तक्षेप के कारण रुपये ने शुरुआती नुकसान की भरपाई कर ली।

भारत व्यापार और निवेश के लिए ईएफटीए डेस्क की करेगा स्थापना

नयी दिल्ली। भारत, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ व्यापार, निवेश व व्यवसाय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंच ईएफटीए डेस्क स्थापित कर रहा है। सोमवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

भारत और चार यूरोपीय देशों के ईएफटीए (यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ) ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पिछले वर्ष 10 मार्च को एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) नाम दिया गया है। इस वर्ष के अंत तक इसके लागू होने की उम्मीद

है। बयान के अनुसार, ईएफटीए डेस्क का उद्घाटन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा सोमवार को भारत मंडपम में ईएफटीए ब्लॉक के प्रतिनिधियों के साथ किया जाएगा। स्विजरलैंड के विदेश मंत्री हेलेन बुडलिगर आर्टिडा, नॉर्वे के व्यापार एवं उद्योग मंत्री टॉमस नोरवोल, आइसलैंड के स्थायी विदेश मंत्री मार्टिन आइजोलफसन और लिकटेंस्टीन के विदेश मंत्री डोमिनिक हस्लर भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, इसका उद्देश्य भारत और चार ईएफटीए देशों के बीच व्यापार, निवेश और व्यवसाय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित मंच के रूप में काम करना है। यह समर्पित डेस्क भारत में विस्तार करने की इच्छुक ईएफटीए की कंपनियों के लिए एक केंद्रीकृत सहायता तंत्र के रूप में कार्य करेगा। यह बाजार की जानकारी व विनियामक मार्गदर्शन, व्यापार मिलान तथा भारत की नीति और निवेश परिदृश्य का मार्ग प्रशस्त करने में मदद करेगा। इस मौके पर एक उच्च स्तरीय ईएफटीए-भारत व्यापार गोलमेज बैठक भी की जाएगी।

भारतपे यूपीआई ने लॉन्च किया महाकुंभ शील्ड

नई दिल्ली। भारतपे ऐप ने, महाकुंभ शील्ड को लॉन्च करने की घोषणा की है, जो प्रयागराज आने वाले तीर्थयात्रियों के यूपीआई भुगतान को सुरक्षा प्रदान करेगा व्यापक धोखाधड़ी सुरक्षा योजना को विशेषरूप से महाकुंभ 2025 के लिए डिजाइन किया गया है। यूजर्स 30 दिनों की अवधि के लिए 25,000 रुपए तक के अपने मोबाइल भुगतान को मुफ्त में सुरक्षित बना सकेंगे। अभिनव महाकुंभ शील्ड एक ऐसी सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं को फिशिंग घोटालों, डिवाइस चोरी होने के कारण अनधिकृत लेनदेन और अन्य साइबर खतरों से बचाना है। महाकुंभ दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक है।

डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच सोना 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सार्वकालिक उच्चस्तर पर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुझानों और कमजोर रुपये के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका में सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद वैश्विक स्तर पर हाजिर बाजारों में सोने ने 2,900 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर को पार कर लिया। आभूषण निर्माताओं और खुदरा कारोबारियों की भारी खरीदारी से भी कीमतों में तेजी आई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। स्थानीय बाजारों में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,430 रुपये बढ़कर 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

नथिंग फोन (3ए) सीरीज भारत में होगी तैयार

नई दिल्ली। नथिंग ने ऐलान किया है कि उसकी नई नथिंग फोन (3ए) सीरीज पूरी तरह भारत में बनाई जा रही है। यह घोषणा कंपनी की उस प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें भारत की समृद्ध मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं का उपयोग करने, स्थानीय अर्थव्यवस्था में निवेश करने और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। नथिंग ने भारत में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। चेन्नई स्थित इसके कारखाने में 500 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, जहां फोन (3ए) सीरीज का निर्माण किया जा रहा है। इन कर्मचारियों में से 95 फीसद महिलाएं हैं। नथिंग ने यह घोषणा ऐसे महत्वपूर्ण समय में की है, जब ब्रांड तेजी से भारत में अपनी पकड़ बना चुका है। नथिंग ने 2024 में भारत के स्मार्टफोन बाजार में 577 फीसद साल-दर-साल वृद्धि दर्ज की, जिसका प्रमुख कारण फोन (2ए) सीरीज और उसकी सब-ब्रांड सी एम एफ बाय नथिंग की बढ़ती मांग रही।

पेज एक का शेष

राजनीतिक दलों

भीतर निर्णय लेना चाहिए।

एक याचिका में राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले बीआरएस के तीन विधायकों की अयोग्यता पर तेलंगाना उच्च न्यायालय के नवंबर 2024 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जबकि एक अन्य याचिका दलबदल करने वाले शेष सात विधायकों से संबंधित थी। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने जानना चाहा कि अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष के लिए उचित समय क्या है। पीठ ने पूछा, 'आपके अनुसार उचित समय क्या है, उचित समय शब्दकोष के अर्थ के अनुसार होना चाहिए। विधानसभा की ओर से पेश वकील ने अदालत से एक सप्ताह बाद सुनवाई करने का आग्रह किया। पीठ ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख 18 फरवरी को तय की। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित वकील ने कहा कि उच्चतम न्यायालय की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा था कि उचित समय का अर्थ असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर तीन महीने के भीतर होगा।

अमेरिका-फ्रांस

के दोहन से संबंधित इस विश्व संघ के फ्रांस और भारत सदस्य हैं। उन्होंने कहा मैं प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मजारग्रूज वॉर सिमेट्री का भी दौरा करूंगा।

अक्षयवट

का दर्शन-पूजन किया। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है तथा यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा राष्ट्रपति यहां सरस्वती कूप के दर्शन को भी पहुंचीं। उन्होंने बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया और देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत और बाघंबरी पीठ के पीठाधीश्वर बलबीर गिरि ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया और राष्ट्रपति को मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। आधिकारिक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ की पहल को देखने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र गईं। इस केंद्र में महाकुंभ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। देश-विदेश के श्रद्धालु महाकुंभ के आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव कर सकें, इसलिए इस केंद्र को स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस केंद्र की विशेषताओं से अवगत कराया। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुंभ के दौरान संगम में स्नान किया था।

महाजाम से निजात

साबित हो रहे हैं। प्रयागराज की सीमा से सटे कई जिलों में भयंकर जाम लगा है। मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत तमाम प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। कई मार्गों पर लोग 20-20 घंटे से जाम में फंसे हैं और 40-50 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारे लगीं है।

सोशल मीडिया पर प्रयागराज और आसपास के जिलों में जाम की खबर और वीडियो वायरल होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को यूपी और मप्र के भाजपा संगठन को 'सेवा ही संगठन' का धर्म निभाते हुए जाम में फंसे श्रद्धालुओं की सेवा में जुटने की अपील की थी। इसपर पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने भी एक्स के माध्यम से दोनों प्रदेश के पार्टी नेतृत्व को श्रद्धालुओं की मदद करने के निर्देश दिए गए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने बताया कि प्रयागराज के सीमावर्ती जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की टीम बनाकर श्रद्धालुओं की मदद के लिए उतार दिया गया। अब तक विभिन्न मार्गों पर 70 से अधिक शिविरों को स्थापित करके मदद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूपी के भाजपा कार्यकर्ता पड़ोसी राज्यों के भाजपा कार्यकताओं से मिलकर सीमा पर भी मदद करने जुटे हैं। चौधरी ने बताया कि महाकुंभ के आयोजन तक भाजपा कार्यकताओं श्रद्धालुओं की मदद में जुटे रहने को कहा गया है।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर 28 अफसरों को प्रयागराज भेजा गया है। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल के आदेश के बाद नियुक्ति विभाग ने प्राधिकरणों के सचिव, ओएसडी, एडीएम, एसडीएम, संयुक्त मजिस्ट्रेट रैंक के अफसरों को आगामी 17 फरवरी तक उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के साथ संबद्ध किया गया है। बता दें कि इससे पहले राज्य सरकार ने आशीष गोयल को भी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने भेजा था। इस बाबत जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को सोमवार को ही प्रयागराज पहुंचने को कहा गया है। इनमें बाराबंकी के संयुक्त मजिस्ट्रेट राल्लापल्ली जगत साईं, अलीगढ़ के संयुक्त मजिस्ट्रेट शाश्वत त्रिपुरारी, मेरठ के संयुक्त मजिस्ट्रेट कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, बागपत के एडीएम न्यायिक सुभाष सिंह, हाथरस के एडीएम न्यायिक शिव नारायण, शामली के एडीएम न्यायिक परमानंद झा, बांदा में एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मदन मोहन वर्मा, मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य कुमार प्रजापति, झांसी के एडीएम नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति योगेंद्र कुमार, गाजियाबाद के एडीएम भूमि अध्याप्ति विवेक कुमार मिश्रा भेजे गए।

ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक, नोएडा विकास प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर सिंह, संभल के एडीएम न्यायिक सतीश कुमार कुशवाहा, हमीरपुर के एसडीएम राजेश चंद्र, रायबरेली के एसडीएम आशुतोष कुमार राय, आगरा के एसडीएम रतन, संजीव कुमार शाक्य, गाजियाबाद के एसडीएम चंद्रेश कुमार, सीतापुर के एसडीएम कुमार चंद्र बाबू, सीतापुर के एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा, मऊ के एसडीएम अशोक कुमार, सहारनपुर के एसडीएम सुरेंद्र कुमार, मुजफ्फरनगर के एसडीएम संजय सिंह, प्रवीण कुमार, जयेंद्र सिंह, लखीमपुर खीरी के एसडीएम कार्तिकेय सिंह, उन्नाव के एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह व प्रमेश श्रीवास्तव शामिल हैं।

महाकुंभ में यातायात प्रबंधन और माघी पूर्णिमा के स्नान के दृष्टिगत 23 आईपीएस एवं पीपीएस अफसरों की प्रयागराज में तैनाती की कई है। माघी पूर्णिमा के स्नान में भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए इनकी 15 फरवरी तक तैनाती की गई है। ये अधिकारी भीड़ प्रबंधन के साथ संवेदनशील जगहों की सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। प्रयागराज भेजे गए अधिकारियों में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में तैनात पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार सिंह, एसपी एसीओ लक्ष्मी निवास मिश्रा, डीजीपी मुख्यालय में एसपी प्रशासन राजधारी चौरसिया, देवरिया के एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, बस्ती के एएसपी ओमप्रकाश सिंह, बहराइच के एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी, चंदौली के एएसपी विनय कुमार सिंह, यूपीपीसीएल में एएसपी समर बहादुर, 45वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के उपसेनानायक सत्यम शामिल हैं। डिप्टी एसपी रैंक वाले अफसरों में अभिषेक यादव, रविंद्र नाथ राय, राम प्रकाश, सुनील कुमार, देव आनंद, विनोद कुमार, शेखर सेंगर, अंजनी कुमार पांडेय, सत्येंद्र भूषण तिवारी, चित्रांशु गौतम, अजय विक्रम सिंह, सुमित त्रिपाठी, रवि खोखर और तारकेश्वर पांडेय शामिल हैं।

रणवीर

पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं।

इलाहाबादिया ने सोमवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर अपनी विवादित टिप्पणी के लिए माफी मांगी और स्वीकार किया कि उनकी टिप्पणी न केवल अनुचित थी, बल्कि हास्यास्पद भी नहीं थी। इलाहाबादिया ने एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा, कॉमेडी मेरी खासियत नहीं है। मैं बस माफी मांगने आया हूं। आपमें से कई लोगों ने पूछा कि क्या मैं अपने मंच का इस्तेमाल इस तरह करना चाहता हूं। परिवार वह आखिरी चीज़ है जिसका मैं कभी अनादर करूंगा।

धामी ने संगम

कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि परम पवित्र दिव्य त्रिवेणी संगम में महाकुंभ 2025 के अलौकिक एवं पुण्यदायी कालखंड में सपरिवार स्नान का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि महाकुंभ शताब्दियों से अपनी अक्षुणता बनाये रखते हुए सनातन धर्म की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्ता के माध्यम से करोड़ों लोगों को धर्म एवं संस्कृति से जोड़ता रहा है।

बदल रही है

जगह ले रही हैं। आज, सैन्य अभियानों में संचार और डेटा साझा करने की प्रकृति बहुत अधिक जटिल होती जा रही है। अंतरिक्ष आधारित दिशासूचक प्रणाली, अंतरिक्ष आधारित संचार और निगरानी पर हमारी निर्भरता का अर्थ है कि अंतरिक्ष आधारित परिसंपत्तियों को हमारी परिचालन योजनाओं में एकीकृत करना होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, हाल के संघर्षों में ड्रोन के इस्तेमाल से यह संकेत मिलता है कि भविष्य मानवयुक्त, मानवरहित और स्वायत्त युद्ध प्रणालियों के एकीकृत प्रयासों पर निर्भर करेगा, इसलिए रक्षा विनिर्माण में हमारे प्रयासों को इन उभरते क्षेत्रों के लिए जवाबी उपाय बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। रक्षा क्षेत्र में तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य से पैदा होने वाली कुछ चुनौतियों और चिंताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इन सभी चुनौतियों के लिए विशिष्ट लक्षित समाधान और जवाबी उपायों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, भारत सरकार न केवल इन बदलती स्थितियों से पूरी तरह अवगत है बल्कि उनसे निपटने के लिए तैयार भी है।

महंगाई व

की आलोचना की। तृणमूल कांग्रेस के सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि हाल के समय में युवाओं में बेरोजगारी दर में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, नवीनतम आर्थिक समीक्षा के आंकड़ों से पता लगता है कि स्वरोजगार करने वाले पुरुष श्रमिकों की वास्तविक आय 2017-18 से लगातार घट रही है। बनर्जी ने कहा कि नौकरी बाजार में अतिरिक्त श्रम और उच्च मुद्रास्फीति ने भारतीय कार्यबल की वास्तविक आय को काफी कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अकेले राष्ट्रीयकृत बैंकों ने पिछले 10 वर्षों में 12 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बैंकों को धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी के कारण नुकसान उठाना पड़ा है। वाईएसआरसीपी सदस्य गोला बाबूराव ने कहा कि इस बजट ने हर तरीके से गरीब और कमजोर वर्गों को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि राजकोषीय घाटे पर काबू के लिए फिजूलखर्ची में कटौती की जरूरत है। चर्चा में भाग लेते हुए बीजद के देबाशीष सामंतराय ने कहा कि बजट भाषण में कारखाने और औद्योगिक श्रमिकों की कार्यस्थिति, मजदूरी और अधिकारों में सुधार के उपायों का उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बजट में कम आय वाले श्रमिकों के लिए सहायता शामिल नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ने महंगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई उपाय घोषित नहीं किया और महंगाई अनियंत्रित बनी हुई है।

यूपी : सड़क

मौत हो गई तथा ममता और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित कर दिया है।

जबकि, आगरा जिले के चित्राहाट थाना इलाके में महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार और एक ट्रक की भीषण टक्कर में पति-पत्नी की मौत हो गयी जबकि चार अन्य लोग घायल हो गये। सोमवार को थाना चित्राहाट इलाके में सहायपुर गांव के पास ये हादसा हुआ। कार सवार छह लोग महाकुंभ से स्नान करके लौट रहे थे।

संक्षेप

दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 305 रन का दिया लक्ष्य

लाहौर। दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके सोमवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मुकाबले में पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने। इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी। ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने आठवें ओवर में कप्तान तेम्बा बावुमा (20) का विकेट गंवाया जिसके बाद ब्रीट्जके ने जेसन स्मिथ (41) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन जोड़कर पारी को संवारा और फिर वियान मुल्डर के साथ भी चौथे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की।

इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेथेल चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

कटक। इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने भारत के खिलाफ रविवार को यहां दूसरे वनडे में चार विकेट से हार के बाद इसकी पुष्टि की। बटलर ने संवाददाताओं से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाएगा। यह उसके लिए वास्तव में निराशाजनक है क्योंकि पहले वनडे में उसने अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए यह निराशाजनक है कि उसे चोट के कारण बाहर होना पड़ रहा है। बाएं हाथ के बल्लेबाज 21 वर्षीय बेथेल ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में अर्धशतक बनाने के अलावा एक विकेट भी लिया था। वह चोटिल होने के कारण दूसरे वनडे में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड ने उनके कवर के रूप में टॉम बैटन को टीम में शामिल किया है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अंतिम टीम की घोषणा 12 फरवरी तक करनी होगी। इंग्लैंड 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होने वाली इस प्रतियोगिता में अपना पहला मैच 22 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा।

अदिति फाउंडर्स कप में 34वें स्थान पर रही

ब्रैडेनटन (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने फाउंडर्स कप में चार बर्डी की मदद से लगातार दूसरी बार 69 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 34वें स्थान पर रहीं। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एलपीजीए टूर में सत्र की अपनी पहली प्रतियोगिता में चार दौर में 72-70-69-69 का स्कोर बनाया। उन्होंने रविवार को यहां 17वें और 18वें होल में बर्डी बनाकर अपने अभियान का समापन किया। इस बीच येलीमी नोह विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी जिन यंग को को चार स्ट्रोक से पीछे छोड़कर ब्रैडेंटन कंट्री क्लब में पहली बार विजेता बनीं। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया।

गुजरात ने सौराष्ट्र पर बड़ी बढ़त हासिल की

राजकोट। जयमीत पटेल ने सुबह अपना शतक पूरा किया लेकिन वह विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल थे, जिन्होंने 140 रन की शानदार पारी खेलकर गुजरात को सौराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में बड़ी बढ़त दिलाई। सौराष्ट्र को 216 रन पर आउट करने के बाद गुजरात ने अपनी पहली पारी में 511 रन का विशाल स्कोर बनाकर 295 रन की मजबूत बढ़त हासिल की।

आयरलैंड ने जिंबॉब्वे को हराया

रोहित की पारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों ने सबक सीखा होगा : बटलर

एजेंसी

बुलावायो। आयरलैंड ने सोमवार को यहां एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के पांचवें और अंतिम दिन जिंबॉब्वे को 63 रन से हराकर लगातार तीसरा टेस्ट मैच जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आयरलैंड को 2017 में पूर्ण सदस्य का दर्जा दिया था जिससे वह टेस्ट क्रिकेट खेलने की योग्‍यता हासिल कर गया। आयरलैंड को हालांकि अपने पहले सात टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब उसने लगातार तीन मैच में जीत हासिल की है। उसने पिछले साल मार्च में अफगानिस्तान को हराया था और इसके बाद अब जिंबॉब्वे के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की। जिंबॉब्वे के सामने 292 रन का लक्ष्य था लेकिन वेस्ली मेदवर के 84 रन के बावजूद उसकी टीम 228 रन पर आउट हो गई। आयरलैंड की तरफ से बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू हम्फ्रेस ने छह विकेट लिए।

रोहित की पारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों ने सबक सीखा होगा : बटलर

कटक। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने रोहित शर्मा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय कप्तान की दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेली गई शतकीय पारी से दोनों टीम के खिलाड़ियों ने काफी कुछ सीखा होगा। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में 119 रन बनाए जिससे भारत ने यह मैच चार विकेट से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला में 20 से अजेय बढ़त हासिल की। बटलर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, यह हम सबके लिए शायद अच्छा सबक है कि जब रोहित जैसा खिलाड़ी दबाव में आ सकता है तो हमें खुद के प्रति थोड़ा अधिक सहज हो जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, वह महान खिलाड़ी है जो लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तथा शीर्ष खिलाड़ी अमूमन अच्छा खेल दिखाते हैं और उन्होंने आज यही किया। बटलर ने कहा, जब भी आप दिग्गज खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हो और वह इस तरह की पारी खेलते हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि इससे दोनों टीम के खिलाड़ियों को सीख मिलती है। उन्होंने शानदार पारी खेली और दिखाया कि दबाव में किस तरह से अच्छा खेल दिखाकर विरोधी टीम पर दबाव बनाया जाता है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा, रोहित ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उस्से उन्होंने हमें सीख दी कि हम जिस तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं उसका सही तरीका यह है। उन्होंने कहा कि भले ही उनकी टीम अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन इसके बावजूद उनके लिए कुछ सकारात्मक पहलू रहे। बटलर ने कहा, इस मैच में हमारे लिए भी कुछ सकारात्मक पहलू रहे। हमने अच्छी शुरुआत की थी। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं लेकिन लगता है कि हमने बल्लेबाजी में अपना संपूर्ण प्रदर्शन नहीं किया। श्रेय रोहित को जाता है उन्होंने वास्तव में बहुत अच्छी पारी खेली। उन्होंने वनडे में कुछ मानदंड स्थापित किए हैं और फिर से एक शानदार पारी खेली।

ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक के बावजूद हारा दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड फाइनल में

लाहौर। केन विलियमसन का नाबाद शतक दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके के रिकॉर्ड शतक पर भारी पड़ा जिससे न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के मैच में छह विकेट की जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। दक्षिण अफ्रीका के 305 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने विलियमसन की 113 गेंद में नाबाद 133 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर मे चार विकेट पर 308 रन बनाकर जीत दर्ज की।

विलियमसन का 2019 विश्व कप के बाद यह पहला एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय शतक है। विलियमसन ने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के मारे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (97 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 187 रन की साझेदारी भी की। कॉनवे ने 107 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। इससे पहले ब्रीट्जके पदार्पण करते हुए एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 रन के आंकड़े को छूने वाले पहले क्रिकेटर बने।

इस महीने होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल ब्रीट्जके ने 148 गेंद में 11 चौकों और पांच छक्कों से 150 रन की पारी खेली जिससे टीम ने छह विकेट पर 304 रन बनाए। वियान मुल्डर ने भी 60 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के से 64 रन का योगदान दिया। ब्रीट्जके ने वेस्टइंडीज के डेस्मंड हेन्स को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय पदार्पण करते हुए रिकॉर्ड 148 रन की पारी खेली थी। ब्रीट्जके दक्षिण अफ्रीका के उन चार खिलाड़ियों में से एक थे जिन्होंने सोमवार को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सात खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस सप्ताह के अंत में पाकिस्तान में टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहली बाजी गंवाने के बाद गुकेश की नजरें करुआना के खिलाफ वापसी पर

हैम्बर्ग (जर्मनी)। विश्व चैंपियन डी गुकेश पहली बाजी गंवाने के बाद मंगलवार को यहां फ्री स्टाइल ग्रैंडस्लैम शतरंज टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के फाबियानो करुआना के खिलाफ वापसी करने के इरादे से उतरेंगे। रविवार को सामान्य टाइम कंट्रोल के अंतर्गत गुकेश क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में करुआना से हार गए थे। भारतीय खिलाड़ी अब काले मोहरों से खेलते हुए दबाव में होगा और मुकाबले को बराबर कराने के लिए उन्हें करुआना को हर हाल में हराना होगा। फ्रीस्टाइल शतरंज में प्यादे अपनी जगह पर बरकरार रहते हैं जबकि बाकी मोहरों की स्थिति को 960 तरीके से बदला जा सकता है। महान खिलाड़ी बॉबी फिशर फ्रीस्टाइल शतरंज की वकालत करने वाले पहले व्यक्ति थे और नए प्रारूप को मिले समर्थन को देखते हुए यह खेल का भविष्य हो सकता है। पहली बाजी में गुकेश ने अधिकांश समय दबदबा बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उन्होंने करुआना को वापसी करने का मौका दे दिया। मैग्नस कार्लसन ने भी उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को जर्मनी के विन्सेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल की अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के

जेवोखिर सिंदारोव ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा के साथ ड्रॉ खेला जबकि नौवें स्थान के मुकाबले में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेदोसीव को हराया।

एशिया चैंपियनशिप : सिंधु के बिना आसान नहीं होगी भारत की राह

किंगदाओ (चीन)। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु के चोटिल हो जाने से भारत की मंगलवार से यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की राह काफी मुश्किल हो गई है। भारत ने दो साल पहले दुबई में खेली गई प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था और उसमें सिंधु ने अहम भूमिका निभाई थी। उनके बाहर होने से भारत को करारा झटका लगा है। सिंधु गुवाहाटी में अभ्यास शिविर के दौरान चोटिल हो गई थी।

देव मीना ने पोल वॉल्ट में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

देहरादून। मध्य प्रदेश के देव कुमार मीना ने सोमवार को यहां पुरुष पोल वॉल्ट में 5.32 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे जिसमें से पंजाब ने तीन जीते जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, सेना, तमिलनाडु और मेजबान उत्तराखंड के खाते में एक-एक स्वर्ण पदक आया। उन्नीस साल के देव ने 2023 के अपने खिताब का बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता और एस शिवा के 5.31 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया जो उन्होंने गुजरात में 2022 राष्ट्रीय खेलों के दौरान बनाया था।

इससे पहले देव का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.20 मीटर था जो उन्होंने पिछले साल पटना में इंडिया ओपन अंडर-23 प्रतियोगिता जीतने के दौरान बनाया था। देव ने स्पर्धा के बाद कहा, राष्ट्रीय रिकॉर्ड तक पहुंचने का सफर काफी लंबा रहा है। मेरा सबसे बड़ा सहारा मेरा परिवार और कोच रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं एक किसान परिवार से आता हूं और इस मुकाम तक पहुंचना मेरे लिए संघर्षों से भरा रहा है। आज मैं कुछ असाधारण करना चाहता था और मैंने इतिहास रच दिया। तमिलनाडु के जी रीगन (पांच मीटर) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश के कुलदीप कुमार (पांच मीटर) ने कांस्य पकद जीता। उत्तर प्रदेश की अनुष्का यादव ने महिला तार गोला फेंक में खेलों के रिकॉर्ड 62.89 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड उत्तर प्रदेश की तान्या चौधरी के नाम था जिन्होंने 62.47 मीटर के प्रयास से 2023 राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। सोमवार को तान्या 59.74 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहीं जबकि उत्तर प्रदेश की ही नंदिनी ने 58.89 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पुरुष गोला फेंक में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के तेजिंदर पाल सिंह तूर ने 19.74 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। गत चैंपियन मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह गिल (19.38 मीटर) और पंजाब के प्रभकृपाल सिंह (19.04 सेकेंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। रविवार को महिला 100 मीटर बाधा दौड़ का स्वर्ण पदक जीतने वाली आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी ने अपनी हीट 23.85 सेकेंड में जीतकर 200 मीटर फाइनल में जगह बनाई। सेना के सुमित कुमार ने आठ मिनट 46.26 सेकेंड के समय के साथ पुरुष 3000 मीटर स्टीपलचेज का स्वर्ण जीता जबकि गिटसन धमरि, आकाश बाबू, वासन और अश्विन कृष्णा की तमिलनाडु की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी खिताब अपने नाम किया। महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज में उत्तराखंड की अंकिता नौ मिनट 53.63 सेकेंड के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि पंजाब की निहारिका वशिष्ठ ने 13.37 मीटर के प्रयास से महिला त्रिकूद का स्वर्ण पदक जीता।

अखिल भारतीय के.डी सिंह बाबू हॉकी टूर्नामेंट आज से

लखनऊ। 35वां अखिल भारतीय के.डी. सिंह बाबू जूनियर प्राइज मनी हॉकी टूनामेंट 2025 का उद्घाटन समारोह आज, 11 फरवरी 2025 को दोपहर 2:30 बजे होगा। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट के मुख्य अतिथि ओलंपियन श्री एम.पी. सिंह होंगे। आज के मैचों का कार्यक्रमः फ्लिकर्स ब्रदर एच बनाम महेन्द्र मेमोरियल हरियाणा, समयः सुबह 10:00 बजे, राउंड ग्लास पंजाब बनाम मेजर ध्यान चंद हरियाणा, समयः सुबह 11:30 बजे, नवल टाटा ओडिशा बनाम मनमोहन सिंह हॉकी हरियाणा, समयः दोपहर 1:00 बजे, यूपी करम बनाम जय हॉकी तमिलनाडु, समय : दोपहर 2:30 बजे, यह टूनामेंट भारतीय हॉकी के उभरते सितारों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है, जो युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। इसमें विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं, जो हॉकी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और जुनून को दशार्ती हैं। मुख्य अतिथि श्री एम.पी. सिंह, जो 1988 सियोल ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे हैं, इस टूनामेंट के उद्घाटन समारोह में अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों और दर्शकों को प्रेरित करेंगे। उनकी उपलब्धियों और योगदान ने भारतीय हॉकी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। इस टूनामेंट के माध्यम से, आयोजक भारतीय हॉकी के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलता है।

जिल टीचमैन ने एकल, अंशबा-प्रिडांकिना ने युगल खिताब जीता

एजेंसी

मुंबई। भारत की प्रार्थना थोंबारे और नीदरलैंड की उनकी जोड़ीदार एरियन हार्टोनो यहां मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए **125 सीरीज टेनिस** टूर्नामेंट के युगल फाइनल में अमीना अंशबा और एलेना प्रिडैंकिना की रूसी जोड़ी से हार गईं, जबकि जिल टीचमैन ने मनंचया सवांगकाउ को हराकर एकल खिताब जीता। स्विट्जरलैंड की टीचमैन ने थाईलैंड की सवांगकाउ को 6-3, 6-4 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल के फाइनल में अंशबा और प्रिडैंकिना की जोड़ी ने थोम्बारे और हार्टोनो को 7-6 (4), 2-6, 10-7 से पराजित किया। एकल खिताब के विजेता ने 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर, जबकि युगल चैंपियन ने 125 रैंकिंग अंक और 5,700 अमेरिकी डॉलर का इनाम जीता।

पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र महिला टीम टेबल टेनिस के फाइनल में

देहरादून। पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र ने सोमवार को यहां अपने-अपने सेमीफाइनल में शानदार जीत दर्ज करके 38वें राष्ट्रीय खेलों की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश किया। महाराष्ट्र ने सेमीफाइनल में हरियाणा को जबकि पश्चिम बंगाल ने दिल्ली को 3-0 के समान अंतर से हराया। दीया पराग चितले ने पहले एकल मैच में हरियाणा की स्नेहा भौमिक पर 3-। (11-3 12-14 ।-8 12-10) की जीत के साथ महाराष्ट्र का खाता खोला। इसके बाद स्वास्तिका घोष ने पृथोकी चक्रवर्ती को 3-0 (11-6 11-2 11-9) से और तनीषा संजय कोटेचा ने श्रीदात्री रॉय को 3-। (11-6 7-11 11-7 11-3) से हराकर अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया। दूसरे सेमीफाइनल में अयहिका मुखर्जी ने लक्षिता नारंग को 3-। (11-6 11-5 6-11 11-6) से, सुतीर्था मुखर्जी ने वंशिका भार्गव को 3-0 (11-8 13-11 11-6) से और पोयमंती बैस्या ने वंशिका मुद्गल को 3-0 (12-10 11-5 11-6) से पराजित किया।

भारत के निकी पूनाचा और जिंबाब्वे के कर्टनी जॉन लॉक को दिल्ली ओपन में दूसरी वरीयता

नयी दिल्ली। भारत के निकी पूनाचा और जिंबाब्वे के कर्टनी जॉन लॉक को 2025 दिल्ली ओपन युगल मुख्य ड्रॉ में दूसरी वरीयता दी गई है। इस एटीपी चैलेंजर 75 प्रतियोगिता के पांचवें सत्र का आयोजन यहां डीएलटीए परिसर में 10 से 16 फरवरी तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में 16 जोड़ियां खिताब और 75 एटीपी अंक के लिए चुनौती पेश करेंगी। ऑस्ट्रेलिया ओपन के लड़कों के युगल वर्ग के पूर्व चैंपियन ब्लेक एलिस और ट्रस्टिन स्कूलकेट की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी को शीर्ष वरीयता दी गई है। टोगो के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले रामकुमार रामनाथन और करण सिंह की भारत की युगल जोड़ी को वाइल्ड कार्ड दिया गया है।

रुद्रांक्ष, सिफल ने लगातार दूसरा ट्रायल जीता

एजेंसी

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के रुद्रांक्ष पाटिल और पंजाब की सिफत कौर सामरा ने सोमवार को यहां ग्रुप ए निशानेबाजों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस टी2 मुकाबलों में जीत हासिल की।

इन दोनों शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों ने रविवार को डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में टी। ट्रायल भी जीते थे। पुरुष एयर राइफल विश्व चैंपियन 2022 रुद्रांक्ष ने फाइनल में 253.3 अंक के साथ आसान जीत दर्ज की जबकि सिफत पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 469.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं जो उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.2 अंक अधिक है। पंजाब की ही सिमरनप्रीत कौर बरार ने 36 अंक के साथ महिला 25 मीटर पिस्टल टी। जीता। उन्होंने ओलंपियन ईशा सिंह (रजत) और दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर (कांस्य) को पछाड़ा। दिन के पहले फाइनल में सिफत ने हफ्ते का तीसरा खिताब जीता। उन्होंने दो ट्रायल के अलावा राष्ट्रीय खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। सिफत क्वालीफिकेशन में 595 अंक के साथ शीर्ष पर रही और फिर 45 शॉट के फाइनल में शुरुआत से ही बढ़त बनाई। उन्होंने साथी ओलंपियन ओडिशा की श्रियांका सदांगी को 4.6 अंक से पछाड़ा। तेलंगाना की सुरभि रपोले ने कांस्य पदक जीता।

पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में दो दिन में दूसरा ट्रायल जीता। रुद्रांक्ष ने क्वालीफिकेशन में 633.0 अंक जुटाए और काउंटबैक में असम के ह्रदय हजारिका के बाद दूसरे स्थान पर रहे। हजारिका ने रजत पदक जीता। फाइनल में रुद्रांक्ष शुरुआत से ही हावी रहे। उन्होंने 10.4 अंक के साथ शुरुआत और हजारिका को 24 शॉट के फाइनल में 1.9 अंक से पछाड़कर खिताब जीता। गुजरात के स्मित मोराडिया ने कांस्य पदक जीता। पिछले साल ओलंपिक ट्रायल में शिकस्त के बाद सिमरनप्रीत ने महिला 25 मीटर पिस्टल टी। में पेरिस खेलों की दोहरी पदक विजेता मनु भाकर और गत विश्व एयर पिस्टल मिश्रित टीम चैंपियन ईशा को पछाड़ा। क्वालीफिकेशन में मनु 587 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं थी लेकिन फाइनल में पिछड़ गई। सिमरप्रीत ने ईशा को एक अंक से पछाड़कर ट्रायल जीता।

आईएसएसएफ अकादमी ने पूर्व भारतीय निशानेबाज के साथ साझेदारी की

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) अकादमी ने अपने शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और देश में कोचिंग मानकों को उंचा करने के लिए भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ के साथ साझेदारी की है।

38वें राष्ट्रीय खेल : जूडो में अस्मिता के स्वर्ण सहित यूपी ने जीते 3 पदक

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में देहरादून में जूडो की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने एक स्वर्ण व दो कांस्य पदक जीते। महिला अंडर-48 किग्रा में अस्मिता डे ने महाराष्ट्र की आकांक्षा शिंदे को हराकर स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस भार वर्ग में सेमीफाइनल में अस्मिता से हारी उत्तर प्रदेश की ही अंतिम यादव ने रेपचेज राउंड में मणिपुर की एल.शनोतोंबी देवी को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। दूसरी ओर पुरुष अंडर- 60 किग्रा से कम भार वर्ग में उत्तर प्रदेश के मनी शर्मा ने कांस्य पदक जीता। मनी ने रेपचेज राउंड में महाराष्ट्र के श्रवण को हराया।

38वें राष्ट्रीय खेल : महिला हैमर थ्रो में उत्तर प्रदेश की क्लीन स्वीप

लखनऊ। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की महिला एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन किया, विशेष रूप से महिला हैमर थ्रो स्पर्धा में क्लीन स्वीप करते हुए सभी तीनों पदक अपने नाम किए। देहरादून में सोमवार को हुई एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश ने सोमवार को एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य जीते। पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव, डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय ने बताया कि अब तक उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 11 स्वर्ण, 12 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 34 पदक जीत चुके हैं।

वर्तमान में यूपी पदक तालिका में 11वें स्थान पर है। महिला हैमर थ्रो स्पर्धा में अनुष्का यादव ने 62.89 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतने के साथ नया नेशनल गेम रिकार्ड भी बनाया। उन्होंने 37वें नेशनल गेम्स-2023 में बनाए यूपी की ही तान्या चौधरी (62.47 मी.) के रिकार्ड को तोड़ा। वहीं, तान्या चौधरी ने 59.74 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि नंदिनी ने 58.89 मीटर थ्रो कर कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की एथलीटों का दबदबा ऐसा रहा कि अन्य खिलाड़ी उनके करीब भी नहीं पहुंच सकीं।

इसके अलावा, महिला 3000 मीटर स्टीपल चेज में रेबी पाल ने 10:37.15 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक उत्तराखंड (9:53.63) की अंकिता ने जीता, जबकि मध्य प्रदेश की मंजू यादव (10:15.70) को रजत पदक मिला। एथलेटिक्स स्पधाओं के दौरान उत्तर प्रदेश टीम के चीफ डी मिशन एके त्रिपाठी, कंटिजेंट असिस्टेंट एसके तिवारी और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम के कोच बीआर वरुण भी मौजूद रहे। दूसरी ओर हरिद्वार में चल रही हॉकी की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की पुरुष हॉकी टीम ने तमिलनाडु को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। उत्तर प्रदेश की अब सेमीफाइनल में 12 फरवरी को पंजाब से टक्कर होगी। इससे पहले उत्तर प्रदेश ने उत्तराखंड को 9-1 से, हरियाणा को 2-1 से हराकर और महाराष्ट्र से 0-0 के स्कोर से ड्रा खेल पूल में शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत लसीका फाइलेरिया को खत्म करने को प्रतिबद्ध

13 राज्यों के 111 प्रभावित जिलों में घर-घर जाकर फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवाइयां वितरित की जाएंगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि सरकार 2027 तक भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी की अपील की। नड्डा लसीका फाइलेरिया (एलएफ) उन्मूलन के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी सामूहिक औषधि कार्यक्रम (एमडीए) अभियान की शुरुआत पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 13 चिह्नित एलएफ प्रभावित राज्यों के राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

इस अभियान के तहत 13 राज्यों के 111 प्रभावित जिलों में घर-घर जाकर फाइलेरिया की रोकथाम के लिए दवाइयां वितरित की जाएंगी। लसीका फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है और यह मच्छरों द्वारा फैलने वाला रोग है। इसमें मनुष्य के पांव और अन्य अंगों में सूजन हो जाती है। इस बात पर गौर करते हुए कि लसीका फाइलेरिया लोगों को अक्षम बना देता है और उनके जीवन की गुणवत्ता को खराब कर देता है, नड्डा ने 2030 के सतत विकास लक्ष्य से काफी पहले इस रोग के उन्मूलन के लिए पांच-आयामी रणनीति के कार्यान्वयन का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 10 फरवरी से ये दवाइयां प्रभावित जिलों में 17.5 करोड़ से अधिक की आबादी को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएंगी। यह जरूरी है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग इन दवाओं का सेवन करें, ताकि वे खुद को और अपने परिवार को इस दुर्बल करने वाली बीमारी से बचा सकें। उच्च कवरेज प्राप्त करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि, स्थानिक जिलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 90 प्रतिशत से अधिक पात्र जनसंख्या फाइलेरिया रोधी दवाइयों का सेवन करें।

हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प जीवन को बदलने में मदद करेगा और लसीका फाइलेरिया से मुक्त भविष्य सुनिश्चित करेगा। उन्होंने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे प्रभावित लोगों का शीघ्र निदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य स्तर पर अभियान की निगरानी करें और इसके लिए चिह्नित राज्याजिला स्तर पर राजनीतिक और प्रशासनिक नेतृत्व की व्यक्तिगत भागीदारी की भी मांग की। मंत्री ने संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण पर जोर दिया और कहा कि अभियान गतिविधियों में सहयोग के लिए अन्य मंत्रालयों और विभागों को भी शामिल किया जा सकता है।

जल्द जनगणना करायें ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून का लाभ मिले : सोनिया

नयी दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पार्टी संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 14 करोड़ पात्र भारतीयों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत मिलने वाले लाभों से वंचित किए जाने का सोमवार को दावा किया और सरकार से जल्द से जल्द जनगणना कराने की मांग की। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि खाद्य सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि नागरिकों का एक मौलिक अधिकार है। गांधी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 75 प्रतिशत ग्रामीणों के साथ ही 50 प्रतिशत शहरी आबादी सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने की हकदार है। उन्होंने कहा कि हालांकि लाभार्थियों के लिए कोटा अब भी 2011 की जनगणना के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो अब एक दशक से अधिक पुरानी है।

उन्होंने कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार जनगणना में 4 साल से अधिक की देरी हुई है। मूल रूप से यह 2021 के लिए निर्धारित थी लेकिन अब भी इस बात पर कोई स्पष्टता नहीं है कि जनगणना कब आयोजित की जाएगी। गांधी ने कहा कि बजट आवंटन से पता चला है कि जनगणना इस वर्ष भी कराए जाने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, इस प्रकार लगभग 14 करोड़ पात्र भारतीयों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनके उचित लाभों से वंचित किया जा रहा है। यह जरूरी है कि सरकार जल्द से जल्द जनगणना कराने को प्राथमिकता दे और यह सुनिश्चित करे कि सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा कानून के तहत गारंटीकृत लाभ प्राप्त हों। उन्होंने कहा, खाद्य सुरक्षा कोई विशेषाधिकार नहीं है, एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा पेश किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एक ऐतिहासिक पहल थी, जिसका उद्देश्य 140 करोड़ आबादी के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

संक्षेप

सेवानिवृत्त आईपीएस कुलदीप शर्मा को तीन महीने की सजा

भुज। गुजरात में कच्छ जिले की एक अदालत ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी कुलदीप शर्मा को 1984 में पुलिस अधीक्षक रहते हुए कांग्रेस के एक नेता पर हमला करने और गलत तरीके से कैद करने के मामले में सोमवार को तीन महीने जेल की सजा सुनाई। भुज के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीएम प्रजापति की अदालत ने तत्कालीन पुलिस निरीक्षक जीएच वासवदा को भी तीन महीने की कैद की सजा सुनाई। अदालत ने शर्मा और वासवदा पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

इसने शर्मा और वासवदा को 1984 में कांग्रेस नेता अब्दुल हाजी इब्राहीम (अब दिवंगत) को उनके कार्यालय में गलत तरीके से बंधक बनाने के लिए भारतीय दंड संहिता की धारा 342 के तहत दोषी ठहराया। भुज की अदालत में शंकर जोशी नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें शर्मा, वासवदा और दो अन्य आरोपियों (जो अब दिवंगत हो चुके हैं) के खिलाफ भादंसं की धारा 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत कार्वाई का अनुरोध किया गया था।

अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग मजबूत बना रहेगा : अमेरिकी दूत

एजेंसी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बृहस्पतिवार को होने वाली मुलाकात से पूर्व नयी दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के प्रभारी जॉर्गन के एंड्रयूज ने सोमवार को विश्वास जताया कि रक्षा सहयोग अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंधों का एक प्रमुख स्तंभ बना रहेगा।

यहां एयरो इंडिया 2025 (रक्षा प्रदर्शनी) में अमेरिकी साझेदारी मंडप का उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने में अमेरिका की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, वाशिंगटन में नए ट्रम्प प्रशासन के साथ हमारे अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग की शानदार शुरुआत हुई है। (भारत के विदेश मंत्री एस) जयशंकर हमारे राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। एंड्रयूज के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही फोन पर एक बार बातचीत कर चुके हैं और वे बृहस्पतिवार को भेंटवार्ता करेंगे।

मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम : अनुराग

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल में देश के बजाय एक परिवार को तवज्जो देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के समय देश स्कैम भारत था, जो आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में सक्षम भारत बन गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश में कर आतंकवाद था, लेकिन आज मोदी सरकार ने पहली बार 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त करके मध्यम वर्ग के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि लेकिन विपक्ष को न मध्यम वर्ग से मतलब है, न गरीब से और इसलिए इन घोषणाओं पर वह खुश नहीं है। उन्होंने दावा किया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बजट को बैंडेज बजट की संज्ञा दी थी। ठाकुर ने कहा कि यह तो बूस्टर शॉट बजट है।

उन्होंने कहा, आप (कांग्रेस) घाव पर घाव देते रहे, हमने मरहम लगाया है। ठाकुर ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश में सामने आए 2जी, कोयला और सीडब्ल्यूजी घोटाले आदि का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में स्कैम भारत था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इसे सक्षम भारत की ओर लेकर आए हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों का उल्लेख करते हुए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा समेत लगातार छठे चुनाव में राजधानी में कांग्रेस शून्य पर सिमट गई है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के समय देश का बजट एक परिवार के कल्याण के लिए होता था।

बांग्लादेश के सलाहकार विदेश मंत्री जयशंकर के साथ कर सकते हैं बैठक

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव को रोकने के प्रयासों के तहत अगले सप्ताह ओमान में हिंद महासागर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठक कर सकते हैं। आठवां हिंद महासागर सम्मेलन (आईओसी 2025) 16-17 फरवरी को मस्कट में आयोजित होने वाला है। नयी दिल्ली स्थित शोध संस्थान इंडिया फाउंडेशन द्वारा ओमान के विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित यह सम्मेलन क्षेत्रीय संवाद के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में कार्य करता है।

प्रोथोम आलो अखबार की खबर के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच सम्मेलन के दौरान बैठक तय है। राजनयिक सूत्रों ने रविवार को संकेत दिया कि बांग्लादेश इस बैठक का इस्तेमाल दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव रोकने के लिए संदेश देने के वास्ते कर सकता है। खबर में कहा गया है कि पिछले महीने विदेश मंत्री जयशंकर ने बांग्लादेश के विदेश सलाहकार को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। यदि हुसैन और जयशंकर के बीच प्रस्तावित बैठक होती है, तो यह पांच महीनों में उनकी वार्ता का दूसरा दौर होगा। हुसैन और जयशंकर की पहली मुलाकात पिछले साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान न्यूयॉर्क में हुई थी। पिछले साल अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शन के चलते शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत चली गई थीं। इसके बाद दोनों देशों के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए।

हसीना के भारत चले जाने के कुछ दिनों बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार के प्रमुख बने। हिंदुओं पर हमलों और संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद दोनों देशों के रिश्ते और बिगड़ गए। हसीना के पद से हटने के बाद बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाओं में वृद्धि हुई, साथ ही मंदिरों पर हमले भी हुए थे, जिससे भारत में गहरी चिंताएं पैदा हुई थीं। दिसंबर में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ढाका का दौरा किया।

पीएम व अमित शाह को मणिपुर हिंसा की लेनी चाहिए जिम्मेदारी : कनिमोई

एजेंसी

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की नेता कनिमोई ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर मणिपुर में फासीवादी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को मांग की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

कनिमोई ने आरोप लगाया कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 220 से अधिक लोगों की जान चली गई और 60,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। उन्होंने सरकारी राहत शिविरों में रह रहे लोगों को अगवा कर उनकी हत्या किए जाने तथा महिलाओं का यौन उत्पीड़न किए जाने का भी आरोप लगाया। कनिमोई ने एक बयान में आरोप लगाया कि इस तरह के अत्याचार केवल सरकार के समर्थन और उदासीनता के कारण हुए तथा भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके बीरेन सिंह केवल मूकदर्शक बने रहे। द्रमुक की नेता एवं लोकसभा सदस्य ने कहा, मणिपुर भाजपा की फासीवादी राजनीति का सबूत हैअ केवल बीरेन सिंह ही नहीं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी हिंसा पर लगाम लगाने में विफल रहने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

मोदी और शाह को उन्हें (बीरेन सिंह को) बचाने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मणिपुर के अगले मुख्यमंत्री के रूप में जो भी पदभार ग्रहण करेगा, उसे राज्य में शांति की वापसी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने संघर्षग्रस्त पूर्वोत्तर राज्य में सभी घटनाओं की जांच के लिए एक निष्पक्ष आयोग गठित करने की भी वकालत की। द्रमुक नेता ने आरोप लगाया कि बीरेन सिंह को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा इसलिए देना पड़ा क्योंकि एक ऑडियो टेप लीक हो गया था जिसमें उन्होंने कथित तौर पर हिंसा भड़काने की बात कही थी और मामला उच्चतम न्यायालय में पहुंच गया था। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सहित विपक्षी दलों और भाजपा के सहयोगी दलों द्वारा डाले गए दबाव की भी सिंह के इस्तीफे में भूमिका रही।

ट्रंप ने दिए नये सिक्के नहीं बनाने के निर्देश

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने एक सेंट के सिक्के के उत्पादन की लागत का हवाला देते हुए वित्त मंत्रालय को नए सिक्के बनाना बंद करने का निर्देश दिया है। ट्रंप ने कहा, लंबे समय से अमेरिका सिक्के बना रहा है जिसकी लागत दो सेंट से अधिक है। यह निरर्थक है। ट्रंप ने रविवार रात को ट्रुथ सोशल साइट पर एक पोस्ट में लिखा, मैंने अमेरिकी वित्त मंत्री को नए सिक्के बनाना बंद करने का निर्देश दिया है। ट्रंप का नया प्रशासन लागत में कटौती पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने लिखा, आइए अपने राष्ट्र के बजट की बर्बादी को खत्म करें, भले ही यह एक पेनी ही क्यों न हो।

इंटरटेनमेंट...

बायोपिक फिल्में बनाना आसान नहीं

मुंबई। रील टु रियल' के इस एपिसोड में हम जानेंगे कि बायोपिक फिल्मों के लिए किस तरह से राइट्स लिए जाते हैं। फिल्म 'छावा' को लेकर हाल ही में विवाद हुआ। फिल्म के ट्रेलर में छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया गया था। इस सीन पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जताई और कहा कि लेजिम बजाते दिखाना ठीक है, पर छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया जाना गलत है।



फिल्म बनाने के नाम पर कितनी सिनेमाई स्वतंत्रता ली जानी चाहिए, इसकी सीमाएं हैं। इस विवाद के बाद फिल्ममेकर्स ने गाने के उस सीन को डिलीट करने का फैसला लिया। यह फिल्म राइटर शिवाजी सावंत की नॉवेल छावा का एडॉप्टेशन है। फिल्म की बायोपिक में सच्चाई और क्रिएटिविटी का सही बैलेंस होना बहुत जरूरी होता है। क्रिएटिव लिबर्टी के नाम पर जब कहानी के साथ छेड़छाड़ की जाती है, तो विवाद शुरू हो जाता है। फिल्म के प्रोड्यूसर अक्सर यह नहीं समझ पाते कि असली घटनाओं को वैसा ही दिखाएं या फिर कुछ क्रिएटिव बदलाव करके फिल्म को और बेहतर बनाएं, ताकि दर्शकों को फिल्म पसंद आए। विक्की कौशल की बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। जब किसी की जिंदगी पर फिल्म बनानी होती है, तो लाइफ राइट्स, इमेज राइट्स और सपोर्टिंग मटेरियल राइट्स की अहमियत होती है, ताकि फिल्म सही तरीके से और कानूनी रूप से बन सके। बिना राइट्स के फिल्म बनाने से कानूनी पचड़े भी आ सकते हैं, जैसे किसी की छवि को गलत तरीके से दिखाना या परिवार से विवाद होना। आज 'रील टु रियल' के इस एपिसोड में हम जानेंगे कि बायोपिक फिल्मों के लिए किस तरह से राइट्स लिए जाते हैं। किताब पर फिल्म बनाने के लिए किससे राइट्स लेने पड़ते हैं। राइट्स लेने के बाद भी फिल्म मेकर्स को किस तरह की चुनौतियां आती हैं।

इस पूरे प्रोसेस को समझने के लिए हमने डायरेक्टर तुषार हीरानंदानी, शाद अली और एडवोकेट तरुण शर्मा से बातचीत की। एडवोकेट तरुण शर्मा ने बातचीत के दौरान बताया- हाल ही में फिल्म 'छावा' के ट्रेलर में संभाजी महाराज को लेजिम बजाते हुए दिखाया गया, जिस पर बहुत विवाद हुआ। ऐसा हर बायोपिक के साथ होता है। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर को बिना फैक्ट्स जाने बायोपिक नहीं बनानी चाहिए, लेकिन अपनी क्रिएटिविटी के लिए वे दर्शकों के बीच एक डाउट क्रिएट कर देते हैं। जब संजय दत्त कोर्ट में हाजिरी देने आते थे, उस वक्त मैं कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा था। मैंने देखा है कि उनको किस एविडेंस पर सजा सुनाई गई थी। चाहे कोई गरीब हो या अमीर कानून सबके लिए बराबर है।

बेंगलुरु में एड शीरन ने तेलुगु गाना गाया

मुंबई। ब्रिटिश सिंगर एड शीरन ने बेंगलुरु में अपनी इंडिया टूर के तहत परफॉर्म किया। इस दौरान उन्होंने सिंगर शिल्पा राव के साथ मिलकर तेलुगु गाना 'चुट्टामल्ले' गाया। एड शीरन को तेलुगु गाते देख फैंस हैरान रह गए। एड शीरन ने शो में अपने पॉपुलर गाने 'परफेक्ट' और 'फोटोग्राफ' भी गाए। लेकिन जब उन्होंने शिल्पा राव के साथ तेलुगु गाना गाया, तो पूरे स्टेडियम का माहौल ही बदल गया। उनके तेलुगु बोलने के अंदाज को फैंस ने खूब पसंद किया। परफॉर्मेंस के बाद एड शीरन ने इंस्टाग्राम पर इसकी झलक शेयर की और लिखा कि शिल्पा राव के साथ स्टेज शेयर करना और नई भाषा में गाना सीखना बहुत अच्छा एक्सपीरियंस था। कॉन्सर्ट से पहले एड शीरन बेंगलुरु की चर्च स्ट्रीट पर गा रहे थे।

पुष्पा-2 : अल्लू अर्जुन बोले सुकुमार का बहुत बड़ा फैन हूं

मुंबई। अल्लू अर्जुन हाल ही में अपनी फिल्म पुष्पा 2 के थैंक यू मीट इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने डायरेक्टर सुकुमार की तारीफ की। अल्लू ने कहा कि सुकुमार हम सबको गाइड करते हैं। अल्लू अर्जुन ने डायरेक्टर की तारीफ करते हुए कहा- मैं इतना अच्छा परफॉर्म कर पाया, इसका कारण सुकुमार हैं। गाइडेंस के बिना कोई भी व्यक्ति एक अच्छा कलाकार नहीं बन पाता है। सुकुमार ने हम सबको गाइड किया और हमे अच्छा काम करने के लिए इंस्पायर किया। इसके लिए मैं उनका दिल से शुक्रगुजार हूं। इस दौरान अल्लू अर्जुन ने सुकुमार के लिए सभी से तालियां बजाने की रिक्वेस्ट की। अल्लू अर्जुन ने सुकुमार की तारीफ करते हुए आगे कहा- हमें इतनी बड़ी सक्सेस दिलाने के लिए आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

करीना कपूर क्रिप्टिक पोस्ट शेयर करने से सुर्खियों में

मुंबई। सैफ अली खान पर हुए हमले के कुछ हफ्ते बाद करीना कपूर ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की। करीना अपनी पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। इस क्रिप्टिक पोस्ट में शादी, तलाक, रिलेशनशिप और डेथ के बारे में लिखा है। करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी शेयर की।

एक्ट्रेस की इस पोस्ट में लिखा था- आप कभी नहीं समझ पाओगे कि शादी, तलाक, चाइल्ड बर्थ और पेरेंटिंग क्या है? जब तक कि ये सब आपके साथ ना हो। थ्योरीज और सिचुएशन का अनुमान लगाना रिएलिटी नहीं होती। जब तक कि लाइफ आपको नहीं बताती है, आपको लगता है कि आप बहुत ज्यादा स्मार्ट हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पोस्ट को देखने के बाद फैंस अलग-अलग रिएक्शन दे रहे हैं। कई लोग इसे सैफ पर हुए हमले से भी जोड़ रहे हैं। स्टोरी पर पोस्ट शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने हार्ट वाली इमोजी भी शेयर की।

इससे पहले सैफ अली खान और करीना ने फैमिली की सिक्योरिटी को लेकर पैपराजी से रिक्वेस्ट की थी कि उनके बेटे तैमूर और जेह की फोटोज न लें। इतना ही नहीं, कपल ने बच्चों को प्राइवेसी देने की मांग की थी। सैफ पर हमला होने के बाद ही कपल ने ये फैसला लिया। सैफ अली खान फिल्म ज्वेल थीफ में जयदीप अहलावत के साथ नजर आएंगे। बता दें, सैफ अली खान हमले के बाद काम पर वापस लौट चुके हैं। बीते दिनों एक्टर नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट में अपनी अपकमिंग फिल्म ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स के टीजर लॉन्च इवेंट में नजर आए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com